वर्ष- 12 अंक - 146
लखनऊ, मंगलवार 14 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





महाकुंभ में पड़ने वाले मुख्य स्नान पर्वों पर मुफ्त यात्रा कराएंगी शटल बसें : दयाशंकर 03

चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील : सेना प्रमुख 12


# पौष पूर्णिमा स्नान पर्व से महाकुम्भ का शंखनाद

## 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, सुबह से ही 44 घाटों पर लोगों ने किया स्नान, 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है महाकुंभ



स्नान के बाद साधु ने शंखनाद कर लगाए मां गंगा के जयकारे



समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** त्रिवेणी के पावन तट पर महाकुम्भ की शुरुआत भारत की सनातन परंपरा का उद्घोष और विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम का शंखनाद है। महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे से पहला स्नान हुआ।


सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 44 घाटों पर शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। इसके अंदर अंतर्निहित है अनेकता में एकता का वह संदेश जो महान भारतीय संस्कृति का मूल है। महाकुम्भ एक धार्मिक आयोजन का पर्व मात्र नहीं है। आस्था और अध्यात्म के इस महापर्व में शैव, वैष्णव और उदासीन भक्ति धाराओं का मेल होता है। महाकुम्भ में शैव परंपरा के अंतर्गत आने वाले सात अखाड़े, वैष्णव परम्परा का अनुगमन करने वाले तीन अखाड़ों के साथ उदासीन सम्प्रदाय की विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन और नया उदासीन अखाड़ा निर्वाण का संगम होता है। इसी तरह श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल की सहजता और सेवाभाव के गुरुओं की वाणी यहां सभी अखाड़ों को साथ लेकर विभिन्नता में एकता का संदेश देती है। एकता के महाकुम्भ का भाव भी इसी में सम्मिलित है। प्रयागराज महाकुंभ में वैसे 144 वर्ष बाद विशिष्ट खगोलीय संयोग बन रहा है जिसके चलते ग्रहों और नक्षत्रों के जानकार इसे अपने दृष्टिकोण से देखते हैं।

### महाकुंभ में 20 देशों से पहुंचे श्रद्धालु

एपल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल भी अमेरिका से कुंभ पहुंच चुकी हैं। वह 29 जनवरी तक कल्पवास करेंगी। कल्पवास के दौरान वह 16 दिन तक ध्यान, तपस्या और आत्मशुद्धि करेंगे। लॉरेन निरंजनी अखाड़ा में स्वामी कैलाशानंद गिरी की मौजूदगी में व्यासनंद गिरी महाराज के पट्टाभिषेक (राजतिलक) में शामिल हुईं। उन्होंने व्यासनंद गिरी महाराज को पट्टाभिषेक किया। ब्राजील से आए फ्रांसिस्को को मोक्ष की तलाश है। संगम में डुबकी लगाते हुए वह कहते हैं- मोक्ष की खोज कर रहा हूं। भारत दुनिया का आध्यात्मिक हृदय है। साउथ अफ्रीका से आई निक्की आस्था का सैलाब देखकर कहती हैं- यकीन करना मुश्किल है। रूस की श्रद्धालु ने कहा- मैं अचंभित हूं। यहां अद्भुत शक्ति है।

### सभी घाटों और अखाड़ों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

संगम तट पर पुष्पवर्षा से अभिभूत श्रद्धालुओं ने लगाए जय श्री राम के नारे



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान के दिन सोमवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम के नारे लगाए। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब के पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है। इसी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं गई। एक ओर जहां हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ में स्नान करने आए श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई तो दूसरी ओर इससे मेले की सुरक्षा व्यवस्था की भी निगरानी होती रही।

### अब कुम्भ में कोई बिछड़ेगा नहीं

श्रद्धालुओं की सहायता के लिए जगह-जगह बनाए गए खोया पाया केंद्र

**महाकुम्भ नगर।** हिन्दी फिल्मों और आमजीवन का एक प्रसिद्ध डायलॉग आपने जरूर सुना होगा कि कुम्भ में बिछड़े हुए अब इतने दिन बाद मिले हैं। हालांकि महाकुम्भ प्रयागराज में अत्याधुनिक तकनीक से बिछड़ों को अपनों से मिलाने का काम बखूबी किया जा रहा है। लेकिन इन सबके बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने महाकुम्भ की विशाल जनसमूह में अपनो से न बिछड़ने का जुगाड़ अपने तरीके से कर लिया है। महाकुम्भ में कई श्रद्धालु एक रंग की टोपी, शर्ट, अलग–अलग रंग और डिजाइन वाले झंडे लेकर आए हैं। कुछ लोग मेले में एक साथ बने रहने के लिए रस्सी पकड़कर घूम रहे हैं। गौरतलब है कि श्रद्धालुओं की सहायता के लिए बाकायदा जगह–जगह पर खोया पाया केंद्र बनाए गए हैं। यहां बिछड़े लोगों को फिर से मिलाने की पूरी कोशिश की जा रही है। संगम स्नान के लिए सुरेश कुमार 17 सदस्यों के साथ सोनीपत हरियाणा से आए हैं। उनके साथ बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब शामिल हैं। समूह को एक साथ रखने के लिये समूह के सभी एक लाइन में रस्सी पकड़कर घूम रहे हैं। सुरेश कुमार ने बताया, भीड़ और धक्का मुक्की में अक्सर बच्चों के खोने का खतरा बना रहता है। इसलिए हम लोग रस्सी पकड़कर चल रहे हैं। सुरेश कुमार रस्सी पकड़कर आगे चल रहे हैं, बच्चे बीच में हैं और आखिर में परिवार का वरिष्ठ सदस्य हैं।

### पहला शाही स्नान आज, तैयारियां पूरी

विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ में 144 वर्ष बाद दिव्य संयोग के मौके पर शाही स्नान को लेकर निरंजनी अखाड़े की छावनी में तेरहों अखाड़ों के प्रमुख संतों ने सोमवार की शाम शाही स्नान की पेशवाई में जाने वाले संसाधनों को लेकर गहन चर्चा करके रणनीति तैयार किया।

### संगम में स्नान करने से धुल जाते हैं सारे पाप

आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी ने कहा कि कुम्भ मेले में शाही स्नान के दौरान नदियों के संगम में स्नान करने से व्यक्ति के सारे पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर संतों की उपस्थिति और उनकी विशेष तैयारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। वे अपने साधनों के साथ इस आयोजन में शामिल होते हैं और अनेक धार्मिक अनुष्ठान, पूजा और साधना करते हैं।



आप सभी सुधी पाठकों, संवाद दाताओं, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकर बंधुओं को हिंदी दैनिक समृद्धि न्यूज की तरफ से मकर संक्रांति पर्व की बधाई व शुभकामनायें। ईश्वर आपको सुख,शांति व समृद्धि से परिपूर्ण रखे।

## स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं धर्म के सभी साधन : मुख्यमंत्री योगी

▸ सीएम ने गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में दिया व्याख्यान

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विशेष व्याख्यान में श्री योगी ने कहा- भारतीय मनीषा मानती है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम। अर्थात धर्म की साधना के लिए शरीर ही माध्यम है। धर्मपरक जीवन से ही अर्थ, कामनाओं की सिद्धि और फिर मोक्ष प्राप्ति संभव है।



इस परिप्रेक्ष्य में धर्म साधना से जुड़े जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता के समान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'आयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदान' विषय पर केंद्रित अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की मान्यता है कि चराचर जगत पंचभूतों से बना है। इन्हीं पंचभूतों से हमारा शरीर भी बना है। महायोगी गुरु गोरखनाथ ने भी कहा है कि पिंड में ही ब्रह्मांड समाया है। जो तत्व ब्रह्मांड में है वही हमारे शरीर में भी हैं।

### पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस कृष्णन विनोद सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त

**नई दिल्ली।** पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन को सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया है। यह घोषणा सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने की। कॉलेजियम ने इसकी सिफरिश की थी। जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन की नियुक्ति के साथ ही अब सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या 33 हो जाएगी। कानून मंत्री ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति ने पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति कृष्णन विनोद चंद्रन को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है, जो उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगा।

## राजधानी में बिना हेलमेट अब नहीं मिलेगा पेट्रोल

▸ डीएम ने जारी किए आदेश, 26 जनवरी से लागू होगा नियम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए जनपद में नो हेल्मेट, नो फ्यूल योजना को लागू करने का आदेश जारी किया। डीएम ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया है कि 26 जनवरी 2025 से ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना।

डीएम लखनऊ में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और हेलमेट पहनने की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह निर्देश परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र के आधार पर लागू किया जा रहा है। आदेश में केंद्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-129 और उत्तर प्रदेश मोटर यान नियमावली, 1998 के नियम-201 का हवाला दिया गया है, जिसके तहत सभी दोपहिया वाहन चालकों और सवारियों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मान्य हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर धारा-177 के तहत जुर्माने का प्रावधान है। जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को 7 दिनों के भीतर अपने प्रांगण में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाने के आदेश दिए हैं, जिन पर यह स्पष्ट लिखा हो कि बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा। इसके अलावा, पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरों को हर समय सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में फुटेज की मदद से निर्णय लिया जा सके। इस आदेश के तहत 26 जनवरी 2025 से नो हेलमेट, नो फ्यूल योजना लागू कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कदम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों को हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। डीएम के इस आदेश को लागू करने के लिए जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और पेट्रोल पंप संचालकों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करेगा।



### संक्षिप्त समाचार

**शेयर बाजार : बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स-निफ्टी**

**नई दिल्ली।** कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की चौतरफा बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और रुपये की कीमत में आई जोरदार गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि शुरुआती 1 घंटे के कारोबार में खरीदारी का जोर बनता हुआ नजर आया, लेकिन इसके बाद पूरे दिन शेयर बाजार पर दबाव बना रहा। इस दबाव की वजह से बीएसई का सेंसेक्स इंट्रा–डे में 1,129 अंक तक लुढ़क गया। वहीं आज के कारोबार में आई गिरावट के कारण घरेलू निवेशकों को 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया।

**दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने पर होगी जातीय जनगणना**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार शाम को राजधानी के सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली चुनावी जनसभा की। इसमें उन्होंने ऐलान किया कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर यहां जातीय जनगणना कराई जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर जब कांग्रेस की सरकार बनेगी तो पूरे देश में जातीय जनगणना कराएंगे और संसद से पारित भी कराएंगे। यह क्रांति कांग्रेस करके दिखाएगी और पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों को उनकी उचित भागीदारी देगी। जय बापू, जय भीम, जय संविधान टैग लाइन से आयोजित इस चुनावी रैली में राहुल गांधी ने भाजपा और आम आदमी पार्टी को सीधा निशाने पर रखा।

### सिंगापुर के राष्ट्रपति आज से भारत की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम 14-18 जनवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे। उनके साथ मंत्रियों, संसद सदस्यों और अधिकारियों सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। सिंगापुर के राष्ट्रपति के रूप में यह थर्मन शानमुगरत्नम की पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति थर्मन का 16 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति थर्मन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु उनके सम्मान में भोज का आयोजन भी करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिंगापुर के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे।

## संभल पुलिस वर्ष 1978 में हुए दंगे की फाइल को खंगालने में जुटी

समृद्धि न्यूज

▸ दंगे में नौ लोगों की हुई थी हत्या, 82 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**संभल।** जिले में वर्ष 1978 को हुए दंगे की फाइल उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फिर से खोलकर जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस रिकार्ड के अनुसार वर्ष 1978 में हुए दंगे में नौ लोगों की हत्या हुई थी। 82 आरोपितों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि इस दंगे का रिकॉर्ड खंगालने के लिए टीम को लगाया गया है, जो भी जानकारी मिलेगी उसे शासन को भेजा जाएगा।


संभल जिला पिछले करीब दो माह से लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। यूपी सरकार ने जिला एवं पुलिस से वर्ष 1978 में हुए इस दंगे की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट शासन को मुहैया कराये जाने के आदेश दिए हैं। इस दंगे में मौत का आधिकारिक आंकड़ा 24 था, जबकि स्थानीय निवासियों का यह दावा था कि दंगे में आधिकारिक आंकड़ों से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। कई परिवार यहां से पलायन कर गये थे। पुलिस और प्रशासन अब दंगे में हुई मौतों का असली आंकड़ा लगाने में जुट गया है। जांच में दंगों के बाद बेघर हुए लोगों का असली आंकड़ा भी पता लगाने की कोशिश की जाएगी।

## तीनों परीक्षणों में नाग ने लगाया सटीक निशाना

मिसाइल ने अधिकतम व न्यूनतम रेंज के सभी लक्ष्यों को किया नष्ट

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** पोखरण फील्ड रेंज में स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक फायर एंड फॉरगेट गाइडेड मिसाइल नाग मार्क-2 के तीन परीक्षण किये गए हैं। इस दौरान मिसाइल ने अधिकतम और न्यूनतम रेंज के सभी लक्ष्यों को सटीक रूप से नष्ट कर दिया। यह फील्ड मूल्यांकन परीक्षण भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुए। इसके साथ ही अब पूरी हथियार प्रणाली भारतीय सेना में शामिल होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर



डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग को बधाई दी है।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक फायर-एंड-फॉरगेट गाइडेड स्वदेशी मिसाइल नाग मार्क-2 के फील्ड मूल्यांकन परीक्षण हाल ही में किये गए हैं। पोखरण फील्ड रेंज में परीक्षण के समय भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी रही। तीनों फील्ड परीक्षणों के दौरान मिसाइल प्रणालियों ने अधिकतम और न्यूनतम रेंज के सभी लक्ष्यों को सटीक रूप से नष्ट कर दिया।

इसी दौरान नाग मिसाइल कैरियर वर्जन-2 का भी फील्ड मूल्यांकन किया गया। इसके साथ ही अब पूरी हथियार प्रणाली भारतीय सेना में शामिल होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने मिसाइल को भारतीय सेना में शामिल करने के लिए तैयार करने पर सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की है।

### भारत ने बांग्लादेश को किया स्पष्ट, सीमा पर बाड़ लगाना प्रोटोकॉल व समझौते के तहत

**नई दिल्ली।** भारत में बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मोहम्मद नूरल इस्लाम को विदेश मंत्रालय ने आज दोपहर 2 बजे साउथ ब्लॉक में तलब किया। बाड़ लगाने सहित सीमा पर सुरक्षा उपायों के संबंध में भारत ने दोनों सरकारों और सीमा सुरक्षा बल तथा बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच सभी प्रोटोकॉल और समझौतों का पालन किया है। बांग्लादेश द्वारा पहले की सभी सहमतियों को लागू किया जाएगा और सीमा पार अपराधों से निपटने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। भारत ने आपराधिक गतिविधियों, तस्करी, अपराधियों की आवाजाही और तस्करी की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करके अपराध मुक्त सीमा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

शुभारंभ

### प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का किया उद्घाटन

# पूरे साल पर्यटकों के लिए खुला रहेगा सोनमर्ग

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। सुरंग के उद्घाटन से सोनमर्ग पूरे साल पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। श्रीनगर से कारगिल-लेह तक की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने टनल का निरीक्षण किया और टनल का निर्माण करने वाले श्रमिकों से मुलाकात भी की। इस मौके पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी



उपस्थित थे। पीएमओ के अनुसार, लगभग 12 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग सुरंग का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह परियोजना भूस्खलन और हिमस्खलन मार्गों को दरकिनार करते हुए लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख क्षेत्र में सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगी। यह सोनमर्ग को साल भर घूमने लायक जगह में बदलकर पर्यटन को भी बढ़ावा देगी, जिससे शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेल और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलेगा। बयान में कहा गया है कि 2028 तक पूरा होने वाले जोजिला सुरंग के साथ, यह मार्ग की लंबाई को 49 किमी से घटाकर 43 किमी कर देगा।

### पीएम मोदी कल तीन युद्धपोतों को देश को करेंगे समर्पित

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी (बुधवार) को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वह सुबह करीब 10रू30 बजे मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन फ्रंटलाइन युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को देश को समर्पित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 3.30 बजे वह नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे। भारत की तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों की कमीशनिंग रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे उन्नत विध्वंसकों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क–केंद्रित क्षमताओं से लैस है।

## विस्फोटक टिफिन बम, नक्सल साहित्य व तीन नक्सली गिरफ्तार

एजेंसी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना तर्रेम इलाके जंगलों में टिफिन बम और नक्सल साहित्य के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है।

बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना तर्रेम से कोबरा 210 और सीआरपीएफ 153 का संयुक्त बल तर्रेम से बुढ़गीचेरू की ओर सोमवार सुबह रवाना हुई थी। इस दौरान तर्रेम एवं बुढ़गीचेरू के मध्य जंगल में तीन संदिग्ध व्यक्ति जवानों को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिसे नक्सल अभियान पर निकले सुरक्षाबलों के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया।

जिनसे पूछताछ पर अपना नाम 26 वर्षीय राजू पुनेम (मिलिशिया सदस्य) निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर, 26 वर्षीय माड़वी भीमा (मिलिशिया सदस्य) निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर, 38 वर्षीय उईका शम्भू (मिलिशिया सदस्य) निवासी तर्रेम पुनेमपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों की तलाशी मे उनके कब्जे से एक 5 किलोग्राम का टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, बिजली का तार, बैटरी एवं नक्सली साहित्य बरामद किया गया।


### आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ- 226001,**
samradhinews@gmail.com
7985738649/9305748833

# नगरीय क्षेत्रों में नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर के स्थापना की हुई शुरुआत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- **खुशखबरी: खीरी में वॉक-इन्टरव्यू में 25 डॉक्टर्स का चयन, मिली तैनाती**
- **डीएम बोलीं, गुणत्तापूर्ण सुलभ होंगी स्वास्थ्य सेवाएं, हेल्थ कार्यक्रमों को मिलेगी गति**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए डीएम/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में गठित समिति ने वॉक-इन्टरव्यू में 34 पदों के सापेक्ष 25 चिकित्सकों का चयन किया गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है, जिसमें चिकित्सकों की तैनाती होंने से नगरीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें गुणत्तापूर्ण सुलभ होगी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संचालित एनसीडी क्लीनिक पसंगवां, फूलबेहड़, नकहा, फरधान जिला पुरुष चिकित्सालय के लिए टेलीमेडिसिन हब, ब्लड सेल, एईएस/जेई के प्रबंधन के लिए चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। जिला महिला चिकित्सालय में एसएन एससीयू, ट्रामा सेन्टर ओयल में एक चिकित्सक की तैनाती कि जा रही है। चिकित्सकों की तैनाती होंने से समय-समय पर चलने वाले कार्यक्रमों को गति प्रदान होगी।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन: चयनित डॉक्टरों को भूमिकाएं तय, मिली तैनाती:** सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वॉक-इन्टरव्यू के जरिए जिला पुरुष चिकित्सालय की ब्लड सेल, एनआरसी एवं एईएस/जेई में 1-1 टेलीमेडिसिन हब में 2, जिला महिला चिकित्सालय की एसएनसीयू में 2 और एनसीडी सेल के लिए जिला पुरुष चिकित्सालय में 1 व सीएचसी की 5 चिकित्सकों का चयन किया गया। 15 वें वित्त आयोग, पी.एम. अभीम अभियान के तहत नगरीय आयुष्मान अरोग्य मंदिर, गोला, पलिया, मोहम्मदी, खीरी में 10 और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और एचडीयू ट्रामा सेंटर ओयल 1-1 चिकित्सक चयनित किए गए है।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन के चुनाव में सोमवार को बिके पांच पर्चे

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़। सेंट्रल बार एसोशिएसन के चुनाव में सोमवार को अध्यक्ष पद के चार, कोषाध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा। एसोसिएशन के चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू कर दी गई जो 16जनवरी तक चलेगी। अध्यक्ष पद के लिए कृष्णा कुमार शुक्ला, रामकुमार गौतम, प्रदीप कुमार सिंह और कालिका प्रसाद मौर्य ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है। यह नामांकन पत्र 15और 16जनवरी को सुबह 11बजे से दोपहर बाद 3बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। चुनाव कमेटी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव द्वारा चुनाव के निश्चत समय पर कराने की दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी रामजी लाल दीक्षित, विजय प्रकाश वर्मा, पंकज वर्मा और आलोक गुप्ता मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बाल उद्यान में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर शहर के स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में स्वामी विवेकानंद एवं बाल उद्यान के संस्थापक स्वर्गीय शिवकुमार रावड़ा व राजकुमारी रावड़ा की मूर्ति का अनावरण तथा साहित्यकार सम्मान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय भाषा संस्थान के अध्यक्ष डॉ गंगाप्रसाद शर्मा गुणशेखर ने की। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि बाल साहित्यकार डॉ नागेश पांडे संजय रहे। समारोह में चर्चित कहानीकार, उपन्यासकार महेंद्र भीष्म (रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ) को ÷विवेक भारती÷की मानद उपाधि, युवा बाल साहित्यकार सृष्टि पांडे को ÷विवेक श्री÷ की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। संचालन शिप्रा खरे ने किया। बाल उद्यान की प्रधानाचार्य शशिबाला रावड़ा एवं संयोजक डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने सभी साहित्यकारों को अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में मधुकर शैदाई, संत कुमार बाजपेई, श्रीकांत तिवारी, शुभकार नाथ शुक्ला, रमेश पांडे शिखर शलभ, नंदी लाल निराश, बृजेश तिवारी, गेंदन लाल कनौजिया, सुधीर अवस्थी, जया अग्निहोत्री, केके शुक्ला, अवधेश मिश्रा, समीक्षा पांडे, शशिकांत मिश्रा मौजूद रहे।

## मोबाइल ट्रांसफार्मर में उतरे करंट से बंदर की मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



बिजली विभाग द्वारा आपात स्थिति में बिजली उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए शहर के ग्राम सभा राजापुर के एक मोहल्ले में मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाया गया था। लेकिन ट्रांसफार्मर में करंट उतरने लगा। जिसकी चपेट मे आकर एक बंदर की मौत हो गई। विद्युत उपकेंद्र छाउछ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत राजापुर पिपरिया के मोहल्ला किशोर नगर कॉलोनी में शांति धर्मार्थ अस्पताल के पास में मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाया गया है । जहां पर करीब 15 दिन पहले एक ट्रांसफार्मर जल गया था। ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में बिजली विभाग द्वारा आपातकालीन मोबाइल सेवा ट्रांसफार्मर को लगवाया गया। जिसमें उतरे करंट के कारण एक बंदर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी जेई को दी गई तो उन्होंने बताया कि अभी बिजली कर्मियों को भेज कर सही करा रहे हैं।

## झोलाछाप तीन डॉक्टरों के पैनल ने मरीज का उसके घर पर ही कर दिया ऑपरेशन, मरीज हुआ बेहाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- **हालत बिगड़ती देख अपने बचाव में उतरे डॉक्टर, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर**

लखीमपुर खीरी के धौरहरा क्षेत्र के मैला गांव में झोलाछाप तीन डॉक्टरों के पैनल ने एक व्यक्ति का उसके घर पर ही बग़ैर जांच पड़ताल किए 16,000 रुपये लेकर हाइड्रोशील का गलत ऑपरेशन कर दिया जिसके कुछ दिन बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी तो डॉक्टर अपने बचाव में उतरकर उल्टे मरीज पर ही कही शिकायत न करने का दबाव बनाने लगे जिसको देख पीड़ित ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर उक्त डॉक्टरों के पैनल की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। भले ही जिले के स्वास्थ्य महकमें के मुखिया डॉ. संतोष गुप्ता फर्जी अस्पतालों व डॉक्टरों के खिलाफ़ अभियान चलाकर कार्रवाई करने का दंभ भर रहे हो पर ग्रामीण क्षेत्रों में उनके अभियान का कोई असर दिखाई नही देता। हालात यह है कि यहां आये दिन बगैर डिग्री के डॉक्टरों की संख्या कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही है। यह डॉक्टर इतना निड़र हो चुके है कि मरीजों का उनके घर मे ही ऑपरेशन कर जान जोखिम में डाल रहे है। ऐसा ही एक मामला धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के गांव मैला मजरा कलुआपुर में प्रकाश में आया है जहां झोलाछाप तीन डॉक्टर डॉ.बंगाली निवासी मैला के पैनल ने राधेश्याम पुत्र रामलखन निवासी मैला से 16000 रुपये लेकर हाइड्रोशील का ऑपरेशन बगैर किसी जांच पड़ताल के ही उसके घर मे ही कर दिया। जिसकी कुछ दिन बाद हालत बिगड़ने लगी तो तीनों डॉक्टर अपने बचाव में उतरकर उल्टे पीड़ित से कही शिकायत न करने का दबाव बनाने लगे। जिसको देख पीड़ित ने सोमवार को कोतवाली धौरहरा में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से तीनों डॉक्टरों की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। जिसको देख डॉक्टरों के पैनल में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है वही क्षेत्र में मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यो को लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

**क्षेत्र में दर्जनों मरीज डॉक्टरों के इस पैनल के हो चुके है शिकार, किसी ने शिकायत करने की नही की ज़हमत:** ग्रामीणों की माने तो धौरहरा सहित ईसानगर ब्लॉक के दर्जनों गांवों में इन झोलाछाप डॉक्टरों का कई मरीज शिकार बन चुके है पर बगैर डिग्री धारक इन डॉक्टरों की ऊंची पकड़ के चलते किसी भी मरीज ने आजतक इनके खिलाफ़ शिकायत करने की जहमत नही उठाई। वही इस पैनल के एक डॉक्टर की माने तो अकेले ईसानगर के जगदीशपुर गांव में इस पैनल ने पांच लोगों का ऑपरेशन उनके घर पर पहले ही कर चुका है,उसके बाद इनके द्वारा ऑपरेशन करने का सिलसिला इतना बढ़ता कि कई गांवों में इनके नामो की चर्चा होने लगी।

## ठेकेदार के सीने में उठा तेज दर्द, मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी में हृदय रोग का डॉक्टर ना होने से हरसमय नगर वासियों की जान पर खतरा मंडराने लगा है। शहर के मोहल्ला काशी नगर निवासी युवा ठेकेदार प्रमोद सिंह अपने घर से जेल रोड की तरफ जा रहे थे कि अचानक उनके सीने में तेज दर्द हुआ और वह स्कूटी समेत वहीं पर सड़क पर गिर गए और उनकी सांसे थम गई जैसे ही इस पूरे मामले की खबर कोतवाली पुलिस को लगी तत्काल कोतवाली पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को दी और युवा ठेकेदार को तत्काल ओयल स्थित मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने युवा ठेकेदार प्रमोद सिंह को मृत घोषित कर दिया। इससे पूर्व में भी हार्ट अटैक से कई युवाओं की मौत हो चुकी है। मगर मेडिकल कॉलेज बनने के बाद भी हृदय रोग का डॉक्टर न होने से जनपद वासियों में रोष व्याप्त है।

## गोला पुलिस के समिति से किए वादे के बाबजूद भी नहीं हो सका खुलासा

- **समिति पदाधिकारी एसपी से मिले, उठाई चोरी के खुलासे की मांग**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर के मुहल्ला कुम्हारन टोला में लगभग दो माह पूर्व एक व्यापारी के घर से 30 लाख की चोरी की घटना हुई थी। जिसे लेकर श्री हरिद्वारी वैश्य समिति ने सोमवार को एसपी से मिलकर घटना का खुलासा कराए जाने की मांग की है। बता दें कि मुहल्ला कुम्हारनटोला में 8 नवंबर की रात चोरों ने व्यापारी अशोक कुमार गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाड़ी के घर से लगभग 30 लाख से अधिक के सामान की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। श्री हरिद्वारी वैश्य समिति ने करीब एक पखवारा पूर्व एसडीएम को ज्ञापन देकर एक सप्ताह में खुलासा किए जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी थी कि यदि एक सप्ताह में चोरी का खुलासा न किया गया तो समिति आंदोलन की राह पर उतरेगी। उक्त अवधि समाप्त होने पर एक बार फिर समिति पदाधिकारियों ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल से चोरी की घटना के खुलासे की मांग की। जिस पर कोतवाल ने एक सप्ताह की अवधि का समय दिए जाने की बात कही थी। इसके बाबजूद भी एक सप्ताह में गोला पुलिस अपने बयान पर खरी साबित नहीं हो सकी। नतीजतन सोमवार को पुलिस अधीक्षक के जनपद कार्यालय में जाकर मुलाकात की। साथ ही चोरी के खुलासे को लेकर प्रत्येक पहलू की जानकारी देते हुए घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की। एसपी ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है कि घटना का शीघ्र खुलासा कराया जाएगा। इस मौके पर समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, रजनीश कुमार गुप्ता, अविनाश गुप्ता और आदित्य गुप्ता आदी मौजूद थे।

## श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन

- **प्राचीन हनुमान मंदिर अलीगंज में श्री बजरंग सेवा समिति के द्वारा किया कंबल वितरण**
- **श्री बजरंग सेवा समिति के कंबल वितरण में पहुंचे गोला विधायक अमन गिरी**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील गोला गोकर्णनाथ के अलीगंज में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बजरंग सेवा समिति के द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस में श्री बजरंग सेवा समिति के प्रबंधक /संस्थापक विनीत पांडेय चैयरमेन साधन सहकारी समिति व उनकी पूरी समिति के सदस्यों के द्वारा विशाल खिचड़ी भोज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गोला विधायक अरविंद अमन गिरी का भी आगमन हुआ।

विशाल खिचड़ी भोज भंडारे के साथ श्री बजरंग सेवा समिति अलीगंज के द्वारा सर्दियों से बचने के लिए निराश्रित महिला, दिव्यांग व बुजुर्गो को कंबल वितरण भी किया गया। कथा के अंतिम दिवस में श्री धाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास राष्ट्रप्रहरी पवनेश जी महाराज संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय हिन्दू परिषद अंतर्राष्ट्रीय संगठन के द्वारा अंतिम दिवस में सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई जिसमें व्यास जी के द्वारा कैसे सुदामा जी ने शापित चने खा लिए जिससे उनको श्राप लग गया जिससे वो निर्धन हो गए फिर भी उन्होंने अपनी भक्ति नहीं छोड़ी एक दिन अपनी पत्नी के कहने पर अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने के लिए भेजा जिसके पश्चात प्रभु श्रीकृष्ण की कृपा से उनको सब कुछ प्राप्त हुआ कथा को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष विनीत पांडे, बलविंदर सिंह, गुरुमेल सिंह, डॉक्टर बच्चू सिंह, जसवीर सिंह, पप्पू तिवारी, डॉक्टर राम रतन आदि मौजूद रहे।

## उतरौला सुपर किंग ने चौथी बार जीती ट्रॉफी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रिमियर लिंग नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में उतरौला सुपर किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन उतरौला सुपर किंग फैमिली द्वारा किया गया था। फाइनल मैच में उतरौला सुपर किंग और स्वर्गीय सुरेश चौधरी गांधी इलेवन के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

फाइनल मुकाबले में गांधी इलेवन की टीम को 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही उतरौला सुपर किंग ने चौथी बार इस प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मैच में उतरौला सुपर किंग की ओर से शिवा ने शानदार प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। वहीं, गांधी इलेवन के खिलाड़ी अर्जुन को पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजयी टीम उतरौला सुपर किंग को नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की। उन्होंने कहा, इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करती हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। इस आयोजन में नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने उतरौला सुपर किंग फैमिली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना की। अमरचंद गुप्ता, राजू गुप्ता, आशीष कसौधन एडवोकेट, रामप्रकाश गुप्ता, सचिन गुप्ता, अकरम खान, सल्लू कुमार, विजय कुमार और राजा भारती जैसे विशिष्ट अतिथि भी इस मौके पर मौजूद रहे। यह टूर्नामेंट युवाओं के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने और क्षेत्र में क्रिकेट के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। हर साल इस प्रतियोगिता का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाता है, जिसमें क्षेत्रीय और स्थानीय टीमें हिस्सा लेती हैं। मैच के बाद उतरौला सुपर किंग के कप्तान ने अपनी टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह जीत टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। उन्होंने अपने प्रशंसकों और आयोजकों का भी धन्यवाद किया। इस रोमांचक टूर्नामेंट ने नगरवासियों को भरपूर मनोरंजन और खिलाड़ियों को अपने कौशल को निखारने का मंच प्रदान किया। उतरौला सुपर किंग की इस चौथी जीत ने उन्हें स्थानीय क्रिकेट का चैंपियन बना दिया है।

## तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में 6 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील बार एसोसिएशन मितौली खीरी के वार्षिक चुनाव वर्ष 2025 हेतु निर्धारित समय तक मात्र 6 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अजय कुमार शुक्ला एडवोकेट, महामंत्री पद हेतु दो नामांकन पत्र बिक्री हुए जिसमें पवन कुमार नीरज एडवोकेट, विनीत कुमार पांडे एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद हेतु सत्य प्रकाश शुक्ल एडवोकेट, संयुक्त मंत्री पद हेतु राजकुमार शुक्ला एडवोकेट, गवर्निंग काउंसलिंग वरिष्ठ पद हेतु शिवकुमार मिश्र एडवोकेट नें निर्धारित समय तक अपने-अपने नामांकन पत्र प्राप्त किये मुख्य निर्वाचन अधिकारी सोहनलाल वर्मा एडवोकेट नें बताया 15 जनवरी 2025 को नामांकन पत्रों की बिक्री, दाखिल, जांच, नाम वापसी 10 बजकर 30 मिनट से एक बजे तक होगी यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 18 जनवरी 2025 को प्रातः 10 बजे से दो बजे तक, और मतगणना उसी दिन 3 बजे से प्रारंभ की जाएगी और गिनती के बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। नामांकन बिक्री के समय सहायक निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट आनंदपाल सिंह एडवोकेट मौजूद रहे।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था 26 से पूरे जिले में होगी लागू

- **नो हेलमेट नो फ्यूल: हेलमेट न पहनने वाले बाइक सवारों की बढ़ेगी मुश्किल**
- **बिना रिफ्लेक्टर चार पहिया वाहनो को भी नहीं मिलेगा ईंधन, व्यवस्था पूरे जिले में लागू**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खीरी जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वही बिना रिफ्लेक्टर लगे चार पहिया वाहनो को भी डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। पंप स्वामी अपने पंप पर रिफ्लेक्टर की व्यवस्था और उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अक्सर लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों की अनदेखी कर ओवर स्पीड, बगैर सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहन वाहन चलाते हैं। उनको जान गंवानी पड़ती है। सड़क हादसों में हो रही मौतों पर अंकुश लगाने के लिए नो हेलमेट, नो पेट्रोल और नो रिफ्लेक्टर नो पेट्रोल की व्यवस्था की गई है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

लखीमपुर खीरी के थाना मितौली क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र समरसेपुर ग्राम पंचायत संडिलवा में 11-12 जनवरी की रात को आंगनबाड़ी केंद्र को चोरों ने निशाना बनाकर आंगन बाड़ी केंद्र में रखा हुआ सारा सामान उठा ले गए जिसमें पंखा, बच्चों के खेलने वाला सामान फर्नीचर उठा ले गए। केंद्र में काफी सामान को क्षति पहुंचाई, तोड़फोड़ की, वायरिंग उखाड़ दी। आंगनबाड़ी केंद्र प्रभारी विनीता सिंह ने चोरी की घटना की सूचना विभाग व पुलिस को देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं: डॉ मंजुला

- **अखिल भारतीय कायस्थ महासभा लखीमपुर खीरी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, लखीमपुर खीरी शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती, मकर संक्रांति, और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शपथ ग्रहण समारोह और विविध सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी और भगवान चित्रगुप्त जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। महासभा की जिलाध्यक्ष डॉ मंजुला बरतरिया ने सभी चित्रांशों को संबोधित करते हुए कहा, स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं हमें सशक्त और आत्मनिर्भर बनने का मार्ग दिखाती हैं। शपथ ग्रहण समारोह में जिलाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, युवा संभाग, महिला संभाग और नगर टीम के सभी सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली साथ ही उपस्थित सभी जनों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की शपथ ली।

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में नृत्य, गायन और फैंसी ड्रेस जैसी विधाओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में हर्षिता श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, शोभित श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, नीतू श्रीवास्तव, हिमांशी श्रीवास्तव प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रताप श्रीवास्तव एवं शौर्य सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का संयोजक अमित श्रीवास्तव जुग्गी ने किया। कार्यक्रम में राजीव रतन खरे, अनूप सिंह, शशिकांत श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, नीरज सक्सेना, प्रीती खरे, अमित श्रीवास्तव, सौरभ सिन्हा, स्मिता सिन्हा, अंशुमान श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, सुधाकर लाला, रवि सक्सेना, पवन सक्सेना, तरुण सक्सेना समेत शहर के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों और युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समापन के दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और मकर संक्रांति की उमंग के साथ एकजुटता और प्रेरणा का प्रतीक बना।

# जन समस्याओं का गंभीरता से कराएं निस्तारण

## सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनी फरियादियों की समस्याएं, अफसरों को दिए निस्तारण के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर ।** कड़ाके की ठंड के बीच सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन किया। इस दौरान सीएम ने हमेशा की तरह लोगों के पास जाकर उनकी समस्या सुनीं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, पीजीआई लखनऊ से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

बता दें कि गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी : केशव



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

# महाकुंभ में पड़ने वाले मुख्य स्नान पर्वों पर मुफ्त यात्रा कराएंगी शटल बसें

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संचालित शटल बसों में महाकुम्भ 2025 में पड़ने वाले मुख्य स्नान पर्वों पर मुफ्त यात्रा करायेगा। श्रद्धालुओं यात्रियों को बेहतर सेवायें उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम कटिबद्ध है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम ने श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रहा है। महाकुम्भ-2025 के दौरान मेला क्षेत्र में परिवहन निगम द्वारा 350 शटल बसों के संचालन की तैयारी है। महाकुम्भ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 06 मुख्य स्नान क्रमशः 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंतपंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इन तिथियों को पड़ने वाले मुख्य स्नान के दिन एवं मुख्य स्नान के एक दिन पूर्व व एक दिन बाद तक मुफ्त यात्रा का लाभ प्राप्त होगा। 18 दिन तक मुफ्त यात्रा का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा।

शटल बसें विभिन्न पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक निःशुल्क यात्रा करायेगी। अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने पत्र जारी कर सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। शटल बसों में मुख्य स्नान एवं उसके एक दिन पूर्व व पश्चात यात्रियों को जीरो मूल्य टिकट जारी किया जायेगा।

# मुख्य चिकित्सा निदेशक ने परखीं स्टेशनों पर संचालित सुविधाएं



समृद्धि न्यूज

> बेहतर मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराने के दिए निर्देश

**लखनऊ।** नार्दर्न रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डायरेक्टर जगदीश चंद्रा का प्रयाग महाकुंभ-25 आगमन हुआ। इस दौरान श्री चंद्रा ने प्रयाग के अंतर्गत स्टेशनों पर उपलब्ध कराई जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं को जांचा, परखा तथा आगे और बेहतर सेवा देने के लिए संबंधितों को दिशा निर्देश दिए।

बताते चलें महाकुंभ-25 के आयोजन पर उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के प्रयाग जं., फाफामऊ जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य की उचित देखभाल को रेल प्रशासन द्वारा अत्यंत गंभीरता से लेते हुए इन स्टेशनों पर चिकित्सा केंद्रों को स्थापना की गई है।

इन केंद्रों पर बीमार यात्रियों को चौबीस घंटे प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान की जाती रहेगी। इस आगमन के दौरान उन्होंने अपर मण्डल रेल प्रबंधक सचिन वर्मा तथा मंडलीय अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. संगीता सागर एवं अन्य चिकित्सक उनके साथ रहे।

# पंडित खेड़ा समग्र विकास समिति का हुआ गठन, कंबल वितरण



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कृष्णानगर क्षेत्र पंडित खेड़ा में स्थित सौभाग्य मैरिज लान में आज पंडित खेड़ा समग्र विकास समिति का गठन के उपलक्ष्य में कंबल वितरण व नि:शुल्क जांच शिविर आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 200 से अधिक लोगों ने नि:शुल्क शुगर व थायराइड की जांच कराई और डॉक्टर सुरज प्रताप गिरी ने फिजियोथैरेपी कर लगभग 150 से अधिक लोगो को लाभान्वित कर जानकारी दी।

समिति के गठन के उपरांत जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण का आयोजन किया गया। पंडितखेड़ा समग्र विकास समिति गठन में प्रबंधक अरुण शुक्ला,अध्यक्ष विनीत मिश्रा, महासचिव विजेंद्र देव ओझा और मुख्य संरक्षक के रूप में लवलेश भाटिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सिंह, प्रदीप राज्यपाल, सी एन शुक्ला, उपाध्यक्ष ,अनुज तिवारी आशीष पाण्डेय, आशीष शर्मा, वी.वी. पाल, महामंत्री उमेंद्र पाठक, अनुपम शर्मा,अजय शुक्ला, बी के सिंह संगठन मंत्री नितिन श्रीवास्तव, अमितेश शुक्ल,अशोक यादव, अवधेश यादव संरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, एस के सिंह, एस एन तिवारी, यमुना शंकर त्रिवेदी संयुक्त मंत्री मंजीत सिंह ,प्रमोद मिश्रा, शिरोमणि त्रिपाठी संगठन सचिव वीरेंद्र तिवारी, अजय सिंह, विपिन विश्वकर्मा आदि लगभग कार्यकारणी में 52 पदाधिकारी सदस्य चुने गए।



राजधानी लखनऊ की सैन्य छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती के चौथे दिन भी जोश से लबरेज दिखे युवा




## जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी का किया निरीक्षण

# एमओआईसी व फार्मासिस्ट को हटाये जाने के निर्देश

**ड्यूटी चार्ट अद्यतन न पाये जाने पर डीएम ने जताई नाराजगी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, अधीक्षक कक्ष, ओपीडी, इमरजेन्सी वार्ड, पीएनसी वार्ड, आर.बी.एस.के. कक्ष, चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई तथा कूड़ा प्रबन्धन बेहतर न पाये जाने पर नाराज़गी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। पर्चा काउण्टर के निरीक्षण के दौरान काफी भीड़ पाये जाने तथा मरीज़ों एवं तीमारदारों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था न होने तथा वाटर कूलर खराब पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार लाकर चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों के बैठने के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाये तथा वाटर कूलर को ठीक कराया जाय।

चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट अपडेट न होने पर भी डीएम ने नाराज़गी जतायी। डीएम ने पाया कि चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट वर्ष 2022-23 से अपडेट नहीं किया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि ड्यूटी चार्ट को तत्काल अपडेट कराया जाय। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं दुरुस्त न पाये जाने पर डीएम ने एमओआईसी व फार्मासिस्ट को हटाये जाने के सीएमओ को निर्देश दिये।

ओपीडी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डॉ. दिनेश रस्तोगी द्वारा 40 मरीज़ों को अटेन्ड किया गया, जबकि एक चिकित्साधिकारी डॉ. आयुष्मान शुक्ला के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर थे, परन्तु निरीक्षण के समय वे उपस्थित नहीं पाये गये। अधीक्षक डॉ. वर्मा ने बताया कि डॉ. शुक्ला द्वारा रात्रि में ड्यूटी की गई है।

### दवाओं का वितरण बेहतर ढंग से कराने के निर्देश

डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि ओपीडी के समय में वे भी चिकित्सकों को अटेण्ड करें। औषधि वितरण कक्ष के निरीक्षण करने पर पाया गया कि फार्मासिस्ट शोएब अहमद द्वारा दवाओं का वितरण किया जा रहा है। यहां पर सुव्यवस्थित ढंग से औषधि का वितरण न होने के कारण काउण्टर पर काफी भीड़ पायी गयी। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि दवाओं का वितरण बेहतर ढंग से करायें ताकि भीड़-भाड़ एकत्र न होने पाये। ब्लाक लेखा प्रबन्धन कक्ष के निरीक्षण के दौरान अखिलेश कुमार उपस्थित पाये गये। यहां पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, प्रसूताओं के भोजन तथा चिकित्सालय द्वारा विभिन्न मदों में किये गये भुगतान से सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आर.बी.एस.के. कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधा उपलब्ध करायें। डीएम ने शरद ऋतु को देखते हुए मरीज़ों के लिए अलाव इत्यादि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

## रेलवे अधिकारियों ने लिया खबर का संज्ञान, जांच कर कार्रवाई के निर्देश

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।**

समृद्धि खबर का असर न्यूज़

रेलवे की जमीन पर अवैध तरीके से हो रहे निर्माण की खबर छपते ही अधिकारियों ने लिखा संज्ञान ट्विटर सहित अन्य माध्यमों से जांच करने के निर्देश की बात आई सामने।बता दे पिछले दिनों कई समाचार पत्रों में रेलवे तालाब के पास कुछ लोग रेलवे के जमीन पर अवैध तरीके से कब्ज़ा जमाने का प्रयास कर निर्माण और खेती कर रहे थे। यही नहीं चर्चो के मुताबिक जब जमीनी हकीकत देखने कुछ पत्रकार मौके पर पहुंचे तो निर्माण हो रहा रहा था और एक व्यक्ति निकल कर आया कहने लगा की तालाब मेरा है इसी लिए ईंटों का प्रयोग करके कमरे को बना रहा हूं जबकि उसी रेलवे के जमीन पर अन्य लोग भी जबरन कब्जा कर खेती आदि कर रहे थे, इसका भी खुलासा कई लोगों ने किया है। खबर प्रकाशित होने के बाद से स्थानीय लोगों की मानें तो निर्माण जोरो पर चल रहा है जिसकी सूचना स.मं.ई. उत्तर गोन्डा अनिल कुमार को दूरभाष पर दी गई तो उन्होंने तत्काल मौके निरीक्षण करवा कर कार्रवाई का अश्वासन दिया। वहीं कुछ मीडियाकर्मियों ने खबर को रेलवे के उच्च अधिकारियों ट्वीट किया जिसपर उत्तर आया कि सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित किया जा रहा है।

# आद्या का इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होगा नाम

**चार वर्षीय बच्ची की मेधा में लगा चार चांद, नन्ही आद्या ने किया जिले का नाम रोशन**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



होनहार बिरवान के होत चिकने पात, यह कहावत जिले की एक होनहार बच्ची पर सटीक बैठती है जी हाँ हम बात कर रहे हैं जिले के न्यू इंदिरा नगर कॉलोनी में रहने वाली 4 साल की बच्ची आद्या की। आद्या जिले के एक निजी स्कूल में स्थल की छात्रा है और अपनी कक्षा में बेहतर प्रदर्शन करती है इसके अलावा विभिन्न गतिविधियों में एक्टिव रहती है इतना ही नहीं बच्ची ने अपनी मेधा का परिचय देते हुए भारत के संविधान की आत्मा और कुंजी कहे जाने वाले प्रस्तावना को कंठस्थ कर लिया और महज 40 सेकंड के अंदर प्रस्तावना मौखिक सुना देती है। हमारे देश के संविधान की प्रस्तावना के शब्द अत्यंत जटिल और व्यापक अर्थ से परिपूर्ण है जिसे एक वयस्क को पढ़ने और कंठस्थ करने में समस्या आती है यहां तक की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को भी इसे याद करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, ऐसे में 4 साल की नन्ही आद्या ने इसे कंठस्थ कर 39 सेकंड में मौखिक सुना करके एक मिसाल कायम किया है जो सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

आपको बता दें आद्या मिश्रा जिले के ही एक शिक्षक अरुण मिश्र की पुत्री है बच्चे की मेधा के विषय में पूछने पर श्री मिश्र ने बताया की वह स्वयं सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं ऐसे में घर पर सामान्य अध्ययन का एक माहौल पहले से तैयार है उन्होंने बताया की इस उम्र में बच्चों की स्मरण शक्ति काफी तीव्र होती है जिससे बच्चे जो कुछ भी कंठस्थ करना चाहे कर सकते हैं बस आवश्यकता है उन्हें सही दिशा देने और मार्गदर्शन करने की।

भारत के संविधान के प्रस्तावना को सबसे कम उम्र की बच्ची द्वारा 38.38 सेकंड के अंदर सुनाने के लिए आद्या मिश्रा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होने जा रहा है इसकी जानकारी आईबीओ टीम द्वारा मेल से प्राप्त हुयी है।

# पेट्रोल पंपों ने माना आदेश, अब हेलमेट नहीं तो तेल नहीं

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**



गोन्डा/देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त के निर्देशानुसार पेट्रोल पम्पो पर बिना हेलमेट का तेल मिलना हुआ प्रतिबंधित,कई लोग बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने पहुंचे तो पेट्रोल पम्प कर्मचारियों ने किया वापस।लोगों ने मंडलायुक्त के निर्देश का किया सम्मान हेलमेट लगाकर ले रहे पेट्रोल।मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील से लोगों ने पेट्रोल पंपों पर भी जांच की कहीं बात।बताते चलें लोगों के मुताबिक चर्चा है कि मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील का सड़क सुरक्षा और सुरक्षित परिवहन का निर्देश लोगों को भा गया है और लोग पेट्रोल पंप पर हेल्मेट लगाये हुए देखे जा सकते हैं,परन्तु काफी समय से पेट्रोल पम्पो पर कोई औचक जांच कर पेट्रोल,डीजल के मानकों की चेकिंग नहीं हुई है।यही नहीं ग्राहकों को मानक अनुसार और बिना घटतौली के पेट्रोल व डीजल मिल सके इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। सूत्रों की मानें तो जनपद में कई ऐसे पेट्रोल पम्प है जहां ग्राहकों को मीटर जम्प और मिलावटी पेट्रोल, डिजल मिल रहा है जिसका कारण है जिम्मेदार विभाग काफी दिनो से न तो चेकिंग अभियान चलाया और न ही जन जागरूक किया। लोगों के मुताबिक पेट्रोल पंपों औचक चेकिंग भी होना चाहिए ताकि पेट्रोल और डीजल की घटतौली और मिलावट पर रोक लग सके तथा ग्राहकों को शुद्ध और मीटर अनुसार पेट्रोल आदि मिल सके।

# युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं : प्रो रवींद्र कुमार प्राचार्य

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा में युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत पाठ्य सहगामी गतिविधियों के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन इस वर्ष से प्रारंभ किया जा रहा है, आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कालेज के प्राचार्य प्रो रवींद्र कुमार ने बताया युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद जयंती से महाविद्यालय में मंच संचालन प्रतियोगिता के अंतर्गत सांस्कृतिक सदभावना में युवाओं की भूमिका, विषय पर भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता के अंतर्गत नए भारत की जिम्मेदारी किसकी अधिक युवा पीढ़ी या सरकार विषय पर रंगोली प्रतियोगिता परंपरा एवं संस्कृति विषय पर क्विज़ प्रतियोगिता सामान्य ज्ञान पर आधारित विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता सड़क सुरक्षा, विषय पर मेहंदी प्रतियोगिता सांस्कृतिक विरासत विषय पर एकल गायन प्रतियोगिता लोक गीत विषय पर नृत्य प्रतियोगिता शास्त्रीय/लोक गीत पर आधारित विषय पर निबंध प्रतियोगिता युवाओं में व्यक्तित्व विकास नैतिक एव सांस्कृतिक मूल्यों का महात्म विषय पर एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस एव क्विज मुख्य प्रतियोगिता सामान्य ज्ञान विषय पर दिनांक 15 जनवरी से 25 जनवरी तक आयोजित की जायेंगी।

नैक समन्वयक प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि युवा उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाली सभी ग्यारह प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रो सिंह ने महाविद्यालय के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं से सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## खबरें एक नजर में

### मुकदमा दर्ज न होने पर आयुक्त ने डीआईजी को दिये कार्रवाई के निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** गोण्डा जिले में सालपुर पाठक के रहने वाले शिव कुमार मौर्य पुत्र द्वारा की गई शिकायत पर आयुक्त देवीपाटन मंडल ने पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल शिवकुमार मौर्य ने आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील को दिये अपने शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र अमरेश मौर्य हाईस्कूल का छात्र है। वह 6 जनवरी को अपनी चाची का इलाज कराकर मोटरसाइकिल द्वारा गोण्डा से घर वापस जा रहा था। कटहाघाट-डेहरास मार्ग पर मुरावन पुरवा के समीप पिकप गाड़ी संख्या यूपी 43 बीटी-0477 ने तेज रफ्तार से और गलत साइड से लहराते हुए आकर मोटरसाइकिल में ठोकर मार दी गई जिससे वह गिर गया और उसका दायां पैर दो खण्डों में टूट गया। उन्होंने इस घटना के बावत नगर कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई जिस पर पिकप गाड़ी को कोतवाली लाया तो गया किन्तु न अभियोग पंजीकृत किया गया और न ही कोई कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने डीआईजी को निर्देश दिए हैं कि वह इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई करायें।

### मरम्मत कार्य की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

**देवीपाटन मण्डल /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने गोण्डा, तरबगंज, करनैलगंज, उतरौला, पयागपुर, बहराइच, नानपारा एवं भिनगा के उप जिलाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में देवीपाटन मण्डल के अन्तर्गत मरम्मत हेतु राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा चयनित सम्पर्क मार्गों के मरम्मत कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट 15 जनवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। संपर्क मार्गों की सूची उपनिदेशक मंडी देवीपाटन मंडल द्वारा मण्डलायुक्त को उपलब्ध कराई गई है। आयुक्त ने कहा कि सभी मरम्मत योग8 संपर्क मार्गो की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण तरीके से होनी चाहिए। सड़कों की मरम्मत में किसी प्रकार की कोई लापरवाही या अनियमितता नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की कोई लापरवाही सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### फूस के मकान में लगी आग, मवेशी की जलकर मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के ग्राम पंचायत चौकसाहार निवासी ग्रामीण के फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक मवेशी की जलकर मौत हो गई। बैलगाड़ी भी जलकर राख हो गई है। खैरीघाट थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत चौकसाहार के मजरा परागीबेली में रविवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। गांव निवासी राकेश यादव पुत्र ढ़ोढे के फूस के मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग में बैलगाड़ी सहित अन्य सामान चलकर राख हो गए। आग की लपट तेज होने के चलते लोग समान भी नहीं निकाल पाए और मकान में बंधी गाय की झुलसकर मौत हो गई। अचानक आग की लपटे देख लोग दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरीके से आग पर काबू पाया।हालांकि तब तक हजारों का नुकसान हो गया। आग लगने की सूचना लेखपाल को दी गई। लेखपाल पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जिसमें बैलगाड़ी सहित एक मवेशी जल गया है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर प्रशासन को भेज दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सहायता प्रदान की जाएगी।

# ओवरफ्लो पानी से पुरैना में कटी माइनर

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



**सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल जलमग्न**

सरयू नहर में तीन माह से पानी नहीं आ रहा था। रविवार की रात अचानक पानी छोड़ दिया गया। पूरी क्षमता के साथ नहर में पानी छोड़ने से नहर की माइनर ओवरफ्लो होकर बहने लगी। विशेश्वरगंज विकास क्षेत्र अंतर्गत पुरैना गांव से दो किलोमीटर पूरव व पश्चिम में पटरी अचानक कट गई,जिससे सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल तालाब में तब्दील हो गई। बड़ी संख्या में किसान मौके पर जुट गये। इसकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नहर विभाग के अधिकारियों को भी दी गई, लेकिन समय रहते प्रयास नहीं हो सके। इस बीच किसानों ने नहर बंद करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। दोपहर दो बजे तक नहर पूरे वेग के साथ बहती रही। किसानों ने गेहूं खराब होने की आशंका जताई है। दोपहर बाद नहर विभाग की तरफ से कुछ मजदूरों को लगाकर मिट्टी के कट्टों से कटी नहर को बंद करने की कोशिश की गई। किसान आक्रोशित नजर आए। किसान बाबादीन निवासी पांडेय पुरवा,राम करन, राम केवल, मूने पांडेय, मंशाराम, छेदीराम ,हजारी,राज बहादुर, राम लौटन, गंगाराम, मंगरे, ममता कुमारी, धर्म प्रकाश आदि लोगों की फसल को पानी से नुकसान हुआ है।

# जमीन पर निर्माण नहीं होने दे रहे दबंग

**न जमीन का पैसा मिल रहा, न ही कब्जा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नानपारा देहाती निवासी एक महिला ने जमीन की बिक्री की थी। उस पर कुछ दबंग लोगों ने तहसील और पुलिस से मिलकर अड़ंगा लगा दिया। अब न महिला को जमीन बिक्री का पैसा मिल रहा है और न ही कब्जा। इसकी शिकायत करने पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी ने डीएम को जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गोरखपुर विश्व विद्यालय में जिले के नानपारा कोतवाली अंतर्गत नानपारा देहाती गांव निवासी अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं। उनकी पत्नी दिव्या श्रीवास्तव के नाम जमीन है। इस जमीन को दिव्या ने 14 फरवरी 2022 को देहाती निवासी नसरीन बेगम पत्नी मोहम्मद मोबीन को 1500 वर्ग फुट की जमीन पांच लाख 95 हजार रूपये में बेच दिया। जिसका दाखिल खारिज 11 फरवरी 2023 को तहसील से हो गया। डॉक्टर अम्बरीष का कहना है कि मार्च 2024 में जमीन पर निर्माण शुरू हुआ तो नानपारा देहाती निवासी आयशा बानो पत्नी मोहम्मद फारुख और उसके रिश्तेदारों ने ग्राम न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिखाकर कार्य को रुकवा दिया गया। 21 दिसंबर 2024 को स्थगन आदेश भी निरस्त हो गया। इसके बाद निर्माण शुरू हुआ तो विपक्षियों ने निर्माण पुलिस बुलवाकर रुकवा दिया। अब न उसकी सुनवाई तहसील में हो रही है और न ही पुलिस कोई मदद कर रही है। जिसके चलते पीड़ित को न पैसा मिल रहा है और न ही जमीन पर कब्जा मिल रहा है। मामले की उसने शिकायत मुख्यमंत्री से की, मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी प्रखर वर्मा ने जिलाधिकारी को जांच कर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।

## कतर्नियाघाट में जंगली हाथियों का आतंक

**तीन घरों को किया तहस नहस जान बचाकर भागे लोग**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में कतर्नियाघाट वन्य जीव इलाके में जंगली हाथियों का कहर जारी है। रविवार रात तीन घरों को हाथियों ने तहस नहस कर दिया और लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। कतर्नियाघाट जंगल इलाके में हाथियों की संख्या अधिक होने से आए दिन ऐसी वारदात हो रही हैं।ग्रामीणों की सूचना पर वन और पुलिस विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। घटना से ग्रामीणों में दहशत है। वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत चहलवा के टेडिहा गांव में रविवार रात 10 बजे के करीब एक जंगली टस्कर हाथी चेनलिंक फेंसिंग को तोड़कर गांव में घुस गया। घुसते ही उसने गांव निवासी सूरज , सुखराम व परशुराम के मिट्टी और फूंस से बने कच्चे मकान को पूरी तरह तहसनहस कर दिया। इस बीच घर के लोगों ने किसी तरह भागकर जान बचाई है। हाथी ने घर में रखे गृहस्थी के सारे सामान को तोड़फोड़ कर बर्बाद कर दिया। घर के लोगों के शोर मचाने पर गांव के लोग एकत्रित हो गए सभी फूंस जलाकर व हाका लगा कर हाथी को भगाने के प्रयास में जुट गए लेकिन हाथी इस बीच एक घंटे तक उत्पात मचाता रहा।पीड़ितों ने बताया कि उनका भारी नुकसान हुआ है। हाथी गृहस्थी के सामान को बर्बाद करने के साथ ही उनके घर का सारा अनाज खा गया है। हाथी के आंतक से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। लोगों ने वन विभाग से सुरक्षा की मांग की है। इस मामले में डीएफओ बी शिव शंकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस और वन विभाग की टीम ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा है। हाथी ने दो मकान गिराए हैं। वन क्षेत्राधिकारी मनोज कश्यप द्वारा नजर रखी जा रही है।

# वॉलीबॉल मैदान का पुनः शुभारंभ

**विगत कई महीनों से वॉलीबॉल मैदान पर हो रहा था कार्य**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम के वॉलीबॉल मैदान का सोमवार को पूजा पाठ के साथ पुनः शुभारंभ किया गया ।विगत कई महीनो से वॉलीबॉल मैदान पर कार्य होने के चलते अभ्यास नही हो पा रहा था ।जिस पर सोमवार को विधिवत पूजा पाठ के साथ पुनः खेल मैदान का शुभारंभ किया गया। जिला वॉलीवाल एसोसिएशन के सचिव प्रेमनाथ तिवारी ने बताया की लगभग 2 महीने से वॉलीबॉल अभ्यास का खेल रुका हुआ था। क्योंकि मैदान में मिट्टी से सम्बन्धित व कोर्ट से सम्बंधित कार्य किये जा रहे थे।कार्य सम्पन्न हिने के बाद पुनः पूजा पाठ व हवन करके मैदान का शुभारंभ किया गया ।अब जनपद के व शहर के खिलाड़ी इसमें अभ्यास कर सकते हैं और अपनी प्रतिभा को बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान संगठन के आनंद सिंह सेगर ,बृजेश कुमार सिंह ,श्रवण कुमार मिश्रा ,पम्मू, चंद्रशेखर पांडे, सुनील राय ,इंदु मिश्रा ,अनिल श्रीवास्तव, रामानंद सिंह ,प्रेम सागर पांडे ,आशीष जायसवाल, बंटी, नीरज फौजी,राजा श्रीवास्तव, टीपी सिंह,प्रथम,विजय रोचलानी,कुशमेन्द्र राणा सहित सैकड़ों वॉलीबॉल खिलाडी उपस्थित रहे ।

# 200 दुकानों के आगे के हिस्से पर चला बुलडोजर

**पटरियों पर रखी गिट्टी भी नगर पालिका की ओर से जब्त**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में सोमवार दोपहर को छावनी बाजार से झिंगहाघाट तक नगर पालिका परिषद और यातयात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। लगभग 200 दुकानों के आगे का हिस्सा बुलडोजर से गिरा दिया गया। पटरियों पर रखी गिट्टी भी नगर पालिका की ओर से जब्त कर लिया गया।महाकुंभ की यात्रा को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर शहर के विभिन्न मार्गों पर अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। सोमवार को शहर के छावनी बजार से लेकर झिंगहाघाट बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह और यातयात निरीक्षक बीके मिश्रा की अगुवाई में अतिक्रमण हटाने का काम शुरू हुआ। एक किलोमीटर की दूरी में लगभग 200 विभिन्न दुकानों के अगले हिस्से को तोड़ दिया गया है। इसके अलावा सड़क की पटरियों पर रखे गिट्टी को चेतावनी के बाद भी न हटाने पर उसे नगर पालिका परिषद बहराइच के वाहन से कार्यालय पहुंचाया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर दुकान संचालकों के साथ यातयात निरीक्षक और नगर पालिका कर्मियों में बहस भी हुई। हालांकि पुलिस ने अतिक्रमण हटवाते हुए पूरे मार्ग को साफ कर दिया।

## धनुष भंग के साथ रामलीला का समापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** असवा मोहम्मदपुर में धनुष भंग के साथ रामलीला समाप्त हो गई, देखने के लिया हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे ।शिवपुर विकास खण्ड क्षेत्र ग्राम सभा असवा मोहम्मद पुर में गत वर्ष की भांति इस वर्ष रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला कार्यक्रम में नाट्य माध्यम से भगवान् श्री राम की समस्त लीलाओ को दिखाया गया रामलीला देखने के लिय हजारों की संख्या में महिला पुरूष मौजूद रहे। रामलीला कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजेश वर्मा का अधिक सहयोग रहा। आयोजन सुशील वर्मा व पंकज वर्मा ने बताया कि हनुमान गढ़ी पर प्रत्येक वर्ष रामलीला का आयोजन होता है, जिसे देखने के लिय कई ग्राम सभा से लोग आते हैं।

# किसानों ने जलाया कृषि कानून का मसौदा

**एमएसपी गारंटी व किसान आयोग गठन की मांग**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा के नेतृत्व में किसानों ने तहसील परिसर में एकत्र होकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा और विरोध स्वरूप कृषि कानून मसौदे की प्रतियां जलाई। जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों का पूरा भुगतान नहीं किया जा रहा है। यूनियन की प्रमुख मांगों में स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी गारंटी कानून लागू करना और किसान आयोग का गठन शामिल है। जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान हो सके। प्रदर्शन में ओमप्रकाश वर्मा, हरिराम गुप्ता, घनश्याम वर्मा, बृजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपनी मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## मां पाटेश्वरी वि. वि. के लिए गायत्री महाविद्यालय से जायेगा लोगो व कुलगीत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रिसिया के गायत्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय से नव सृजित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को लोगो और कुल गीत जाएगा,इसके लिए मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय से मांगा गया हैं,जिसके लिए आवाहन किया गया है, गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने अपने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, छात्र एवं छात्राओं से अनुरोध किया कि वे सभी लोग कुलगीत और लोगों का प्रारूप बनाकर जल्द से जल्द डॉ. मुकेश चंद्र श्रीवास्तव व धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के पास जमा कर दे, जिससे नवसृजित मां पाटेश्वरी वि.वि. को भेजा जा सके। उसके लिए वि.वि. द्वारा प्रथम स्थान पाने वाले को 5000 रु., द्वितीय स्थान पाने वाले को 3000 रु. व तृतीय स्थान पाने वाले को 2000 रु. व प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय द्वारा सम्मान स्वरूप दिया जाएगा।

# बंद मकान से लाखों की चोरी

**छत के रास्ते घुसे चोर, अलमारी तोड़कर पार किया जेवरात, पुराने मकान में था परिवार**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शहर के मोहल्ला रायपुर राजा में स्थित बंद मकान में चोरों ने जेवरात समेत लाखों रुपये की संपत्ति पार कर दी। देहात कोतवाली इलाके में स्थित रायपुर राजा मोहल्ले में सोनू श्रीवास्तव का मकान है। सोनू श्रीवास्तव चार दिन पहले मकान को बंद कर अपने पुराने मकान पर गए थे। रविवार देर रात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और लाखों रुपए कीमत के जेवरात व नगदी पर कर फरार हो गए। सोमवार सुबह घर पहुंचने पर सोनू को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने अलमारी तोड़ उसमें रखे सोने के दो हार, दो चेन, चार चांदी की पायल, चार अंगूठी व दस चांदी के सिक्के समेत लाखों रुपए कीमत के जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना देहात कोतवाली पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। देहात कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि बंद मकान में चोरी की घटना की सूचना मिली है, कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

# नर्सिंग कालेज में प्री यूनिवर्सिटी व इंटर्नल की परीक्षा आयोजित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में बीएससी नर्सिंग प्रथम, तृतीय,चतुर्थ व छठा सेमेस्टर की प्री यूनिवर्सिटी एवं एएनएम, जीएनएम व पैरामेडिकल की प्रथम इंटर्नल की परीक्षा कराई गई। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आयोजित हुई। संस्था निदेशिका पल्लवी शुक्ला व प्राचार्य हरीश नागर ने परीक्षा रुम में जाकर सघन निरीक्षण किया। प्राचार्य हरीश नागर ने बताया कि परीक्षा 11 जनवरी से शुरू हुई थी जो 18 जनवरी तक चलेगी। इस मौके पर परीक्षा सहायक फूलचंद्र डावरिया, आलोक शुक्ला, उदय, चन्दन, मो. अशरफ, आंचल, फरहत, सुनिधि शुक्ला, प्रतीज्ञा, सुषमाी, छाया, संगीता, सौम्या, रोशनी, संगीता, पूर्णिमा, ईशा, लवीशा, आयुषी मौजूद रहे।

# चाइनीज मंझे के खिलाफ चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**छः अभियुक्त को चाइनीज मांझे के साथ किया गिरफ्तार**

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शाहजहांपुर में सिपाही की प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से गर्दन कटने और उसकी मौत के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। किसी की अब जान नहीं जाए इसको लेकर जनपदभर की पुलिस ने पतंगों का कारोबार करने वालों के यहां पर दस्तक की। काफी मात्रा में चाइनीज मांझा को जब्त कर लिया।



बीते कई दिनों प्रदेश में चाइनीज मंझे के कारण घटित हो रही घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन व बछरावां थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी के नेतृत्व एवं कस्बा इंचार्ज सुनील कुमार की अगुवाई में चाइनीस मंझे के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत कस्बे की प्रमुख दुकानों पर चाइनीज मंझे को लेकर चेकिंग की गई और दुकानदारों को चाइनीस मांझा न बेचने के लिए निर्देशित भी किया गया। विदित हो कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को हिरासत में लेकर जेल भी भेजा है।

## डीसीएम से 20 गत्ते फेस पाउडर चोरी

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते रविवार की देर रात चुरूवा गांव के पास हरिद्वार से उड़ीसा जा रहे एक डीसीएम से 20 गत्ते फेस पाउडर चोरी हो गया। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव के रहने वाले समरदीप पुत्र जागेश्वर ने सोमवार को बछरावा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका डीसीएम ट्रांसपोर्ट कंपनी में सामान ढुलाई के काम में लगा हुआ है, रविवार को हरिद्वार से वह फेस पाउडर लादकर उड़ीसा जा रहा था, तभी देर रात डीसीएम का चालक डीसीएम को हाईवे किनारे पार्क कर चुरूवा गांव के पास एक निजी ढाबे में खाना खाने के लिए चला गया, तभी पीछे से तिरपाल काटकर अज्ञात चोरों ने 20 गत्ते फेस पाउडर पार कर दिया, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रूपए है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है जांच की जा रही है।

# रूट डायवर्जन के चलते बनी रही जाम की स्थिति

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महाकुंभ प्रयागराज 2025 की तैयारी को लेकर शासन के दिशा निर्देशन पर 14 जनवरी को होने वाले शाही स्नान के क्रम में प्रयागराज सीमा में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के चलते रविवार 13 जनवरी को सुबह 8:00 बजे से 15 जनवरी रात्रि 8:00 बजे तक सभी भारी वाहनों को डाइवर्ट किया गया है। फतेहपुर जनपद से रायबरेली जनपद की ओर आने वाले सभी भारी वाहनों को मुराई बाग कस्बा होते हुए सलोन प्रतापगढ़ मछली शहर होते हुए वाराणसी की ओर मोड़ा गया है तथा इसी मार्ग से भारी वाहनों की वापसी होने के चलते डलमऊ कस्बे में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही रेलवे गेट बार-बार बंद होने से वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगी रही वाहन सड़कों पर रेंगते हुए दिखाई पड़े रूट डायवर्जेंट के चलते छोटे एवं दो पहिया वाहनों एवं दैनिक यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा कस्बे में जाम की स्थिति पैदा न हो इसके लिए डलमऊ पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुराई बाग चौराहे पर मुस्तैद दिखाई पड़ा।



## खबरें एक नजर में

### अधेड़ ने गंगा में लगाई छलांग, शव बरामद

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** गंगा नदी में डूबे अधेड़ के शव को पुलिस व गोताखोरों की मदद से बरामद किया गया है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की छानबीन कर रही है, मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के पूरे गुलाब मजरे कंदरांवा गाँव का था जहां अशोक राज विश्वकर्मा 50 वर्ष फर्नीचर मिस्त्री था।जो रविवार को कोटे की दुकान से राशन लाने के बाद घर से कहीं चला गया। देर शाम गाँव के ही एक व्यक्ति के माध्यम से परिजनों को उसके पूरे तीर मजरे खरौली स्थित घाट पर गंगा नदी में डूबने की जानकारी मिली। तो परिजनों की सूचना पर पीआरवी पुलिस ने घटना की छानबीन की। जिसके बाद देर रात जानकारी पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन अंधेरा व घना कोहरा होने के कारण उस वक्त उसे खोजना संभव नहीं था। सोमवार की सुबह कोतवाल सजंय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद गोताखोरों की मदद से पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू की लगभग चार घण्टे रेस्क्यू के बाद घाट से तकरीबन 500 मीटर दूर फतेहपुर जिले की नौबस्ता चौकी के पास गंगा नदी में उसका शव बरामद हुआ। मृतक के परिवार में पत्नी रेखा के अलावा चार बेटे व एक बेटी है, जिनका घटना के बाद से रोरोरोकर बुरा हाल है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि अधेड़ नशे का आदी था, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** शासन के दिशानिर्देश एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा माह के तेरहवें दिन दिनांक 13 जनवरी 2025 को ई रिक्शा चालकों को सड़क यातायात नियमों को पालन करने के लिए यातायात पुलिस कार्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चालक को जागरूक करने के साथ–साथ ई–रिक्शा पर सड़क सुरक्षा के नियमों के स्टीकर लगाए गए तथा पंपलेट भी बांटे गए ई–रिक्शा पर सवारी के दाहिने तरफ से उतरने पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में जागरूक किया गया तथा वाहनों के समस्त प्रपत्रों को सही करने के संबंध में जानकारी दी गई। यातायात नियमों के संबंध में अन्य जानकारी के साथ–साथ आज कुल 55 वाहनों का, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने के अभियोग में चालान किया गया, इसके अतिरिक्त तीन सवारी वाहनो सहित कुल 2 वाहनो को निरुद्ध किया गया। आज की प्रवर्तन कार्रवाई में कुल 11 0000/– ( एक लाख दस हजार )की शास्ति अधिरोपित की गई। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में मेरे अतिरिक्त उमेश सिंह प्रभारी यातायात बलरामपुर किशन कुमार पशुपति नाथ सहित अन्य विभागीय कर्मियो द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

### फार्मेसी एवं फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की मंडल कार्यकारिणी का विस्तार



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** फार्मेसी एवं फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीयूष सिंह की सहमति पर संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. प्रभारक नाथ पांडेय द्वारा शनिवार को मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस प्रक्रिया के तहत महदेईया बाजार निवासी डॉ. नफीस अंसारी को देवीपाटन मंडल का सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। अपनी नियुक्ति पर डॉ. नफीस अंसारी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा, मैं संगठन को मजबूत बनाने और नेतृत्व के निर्देशों का पालन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से करूंगा। संगठन की उन्नति और फार्मासिस्टों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे फार्मासिस्टों के उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। डॉ. नफीस अंसारी के मनोनयन से फार्मासिस्ट समुदाय में उत्साह देखा गया। डॉ. मोहम्मद इलियास, डॉ. मुख्तारूल, डॉ. आरिफ हसन, डॉ. तिलकराम और डॉ. विनोद समेत कई फार्मासिस्टों ने उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की और संगठन के नेतृत्व का आभार जताया। फार्मेसी एवं फार्मासिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य फार्मासिस्टों के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं का समाधान करना और फार्मेसी क्षेत्र में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाना है। इस नियुक्ति के साथ संगठन ने अपनी कार्यकारिणी को और मजबूत बनाया है, जिससे क्षेत्र में फार्मासिस्टों की समस्याओं का समाधान तेज़ी से हो सकेगा। डॉ. नफीस अंसारी की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलने की उम्मीद है। उनके नेतृत्व में फार्मासिस्टों के अधिकारों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए नई रणनीतियों का निर्माण होगा। फार्मासिस्ट समुदाय को उम्मीद है कि डॉ. अंसारी की सक्रियता और कर्तव्यनिष्ठा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

# पिता की याद में समाजसेवी ने बांटें 200 कंबल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पुत्र ने पिता की याद में बांटे 200 से अधिक कंबल क्षेत्र के खैरहना ग्राम पंचायत के इमामगंज निवासी आरिफ खान द्वारा क्षेत्र के मोहब्बत नगर चौराहे एवं इमामगंज गांव में लगभग 200 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। आरिफ खान ने बताया कि हमारे पिता स्वर्गवासी मुन्ना खान की याद में कंबलों का वितरण किया जा रहा है मोहब्बत नगर चौराहे पर 100 कंबल बांटे गए साथ-साथ इमामगंज गांव में भी 100 कंबल बांटे गए। इमामगंज निवासी आरिफ खान का परिवार समाज सेवा में हमेशा आगे रहता है इनके दादा बाबू खान के द्वारा भी समाज सेवा की जाती रही है यही परंपरा अब आगे आकर तीसरी पीढ़ी ने भी परिवार की परंपरा को आगे बढ़ने का काम शुरू कर दिया है। आज पिता की याद में आरिफ खान द्वारा 200 कंबल बांटे गए। इस मौके पर गुड्डू खान परवेज खान फरहान खान अखिलेश यादव मंसाराम यादव फूलसेन यादव सुरेंद्र यादव बुद्धि लाल यादव शोभा यादव अमन खां समीर अहमद रामबक्स यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**बछरावां, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के दोस्तपुर ग्राम सभा में डॉक्टर ओपी चौधरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर लखनऊ के तत्वाधान में ग्राम सभा के ग्राम प्रधान परसुराम पटेल की अगुवाई में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अस्पताल से आए डॉक्टर आनिस (नेत्र चिकित्सक) एवं डॉ योगेश पांडे (जनरल फिजिशियन) के द्वारा कैंप में आए लगभग 500 मरीजों को चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरित की गई। साथ ही साथ मोतियाबिंद के मरीजों को अस्पताल में ले जाकर उनके ऑपरेशन कराए जाने के संबंध में भी सलाह दी गई। इस मौके पर पीआरडी अभय सिंह, सुनील तिवारी, विशाल यादव, आनंद यादव सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## जनपद में आठ मार्च तक धारा 163 लागू

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने भारतीय नागरिकता सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा के बारे में बताया है कि जनपद में 13 जनवरी 2025 को माघी पूर्णिमा पर्व, 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 02 फरवरी को बसन्त पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा तथा 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर महाकुम्भ-2025 के अवसर पर जनपद प्रयागराज में संगम स्नान हेतु जनपद से करोड़ों की संख्या में श्रृद्धालुओं के आवागमन व स्थानीय गंगा घाटों पर स्नान किया जाएगा। 14 जनवरी मो. हजरत अली का जन्म दिवस, 24 जनवरी जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 12 फरवरी रविदास जयंती, 14 फरवरी शबे बरात एवं 26 फरवरी को मध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज व अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा अग्रिम माह में वार्षिक/सेमेस्टर परिक्षाओं के आयोजन व संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) सिद्धार्थ ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एकपक्षीय रूप से 09 जनवरी 2025 से 8 मार्च 2025 तक सम्पूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा जारी किया है।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया



**महराजगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज रायबरेली में लोहड़ी व मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोहड़ी मुख्य रूप से पंजाब क्षेत्र से संबंधित है परंतु उत्तर भारत भी इससे अछूता नहीं है। कार्यक्रम में शिक्षा और परंपरा का खूबसूरती से मिश्रण किया गया, जिससे हर कोई प्रेरित हुआ और त्यौहार के गहरे अर्थ से जुड़ा। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने लोहड़ी व मकरसंक्रांति के महत्व को बताते हुए कहा कि ये त्यौहार सिर्फ फसल से संबंधित नहीं है बल्कि ये जीवन में उर्वरता भरने और बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्सव है। ये त्योहार हम सभी में सकारात्मकता की भावना को बढ़ावा देते है। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव व शिक्षक- शिक्षकाएं, छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस की सह पर हरियाली पर चल रहा आरा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शासन एवं प्रशासन द्वारा जहां पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का नारा देकर पर्यावरण को बचाने की मुहिम चलाई जा रही है वहीं दूसरी ओर पुलिस अपनी संरक्षण में हरियाली पर आरा चलवा रही है जिसके चलते पर्यावरण संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है वही शिकायत करने के बाद भी पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर बेंती गांव का है जहां पुलिस के संरक्षण में ठेकेदार के द्वारा एक दर्जन से अधिक खेत में खड़े हुए हरे चिलवल के पेड़ काट दिए गए पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन पुलिस नहीं कोई कार्यवाही नहीं की पीड़ित का आरोप है कि पुलिस विपक्षियों को संरक्षण दे रही है। पीड़ित अखिलेश कुमार श्रीधर का आरोप है कि उनके खेत में चिलवल के 17 हरे पेड़ खड़े हुए थे वह जब घर पर मौजूद नहीं था तभी गांव के ही विपक्षी के द्वारा ठेकेदार को पेड़ बेच दिए गए और ठेकेदार ने रातों-रात सारे पेड़ काट दिए जब पीड़ित को इसकी जानकारी हुई तो पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन हलके में तैनात दरोगा के द्वारा विपक्षियों पर कार्रवाई करने के बजाय उनका संरक्षण देते रहे। सोमवार को श्रीधर, अखिलेश कुमार के साथ सभी हिस्सेदारों ने उप जिलाधिकारी डलमऊ एवं प्रभारी निरीक्षक डलमऊ को शिकारी पत्र देते हुए बताया कि खड़े हुए 17 चिलबल के पेड़ विपक्षियों द्वारा काटे गए हैं और ठेकेदार के द्वारा उन पेड़ों की लकड़ी भी गायब कर दी गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दाम पवन कुमार सोनकर ने बताया कि दो पक्षों में आपसी विवाद था तहरीर मिली है जांच की जा रही है।



**थाने में तैनात दरोगा पर विपक्षियों को संरक्षण का आरोप**

# धर्मध्वजा धारी परिषद की बैठक सम्पन्न

**अरुण दास संरक्षक, महेश गुप्ता बने नगर उपाध्यक्ष**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को धर्मध्वजा धारी परिषद की बैठक बाबा फक्कड़दास मंदिर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने की। इस बैठक में परिषद के सदस्यों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और विभिन्न व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान फक्कड़दास बाबा मंदिर के पुजारी अरुण दास को धर्मध्वजा धारी परिषद का संरक्षक नियुक्त किया गया। इसके अलावा, महेश गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष के पद से सम्मानित किया गया, जो उनके समाज में योगदान और परिषद के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हरीश कुमार गुप्ता और सभासद दुर्गेश गुप्ता को भी अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया। धर्मध्वजा धारी परिषद के सभी प्रमुख पदाधिकारी भी इस समारोह में उपस्थित रहे, जिनमें नगर संयोजक संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष रूपेश कुमार गुप्ता, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष विशाल सोनी, ब्लाक अध्यक्ष भोला निसाद, ग्राम अध्यक्ष दीपक, उमेश वर्मा, नानमुन कश्यप, मुकेश चौहान, मातृ शक्ति मीरा यादव, शिव कुमारी गुप्ता आदि शामिल थे। इस बैठक और सम्मान समारोह का उद्देश्य परिषद के कार्यों को मजबूत करना और समाज में धर्म और सेवा के प्रति जागरूकता फैलाना था। जिला अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने बैठक में धर्मध्वजा धारी परिषद के महत्व और इसके उद्देश्यों पर चर्चा की और सभी सदस्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। धर्मध्वजा धारी परिषद के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस बैठक में सक्रिय भागीदारी दिखाई, और समाज के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया। यह बैठक न केवल परिषद के सदस्यों के बीच एकजुटता का प्रतीक बनी, बल्कि यह समाज में सेवा, धर्म और शिक्षा के महत्व को भी उजागर करने में सफल रही। बैठक में लिए गए निर्णय और किए गए सम्मान समारोह ने समाज में एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। परिषद के इस प्रयास से आने वाले समय में सामाजिक विकास और धार्मिक जागरूकता में और बढ़ोतरी की संभावना है।



☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ➔
**कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी**

कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एवं फाफामऊ जं. के बीच विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:–

**04601/04602 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – फाफामऊ जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04601 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04602 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 03:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | ---- |
| 04:18 | 04:20 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 21:00 | 21:02 |
| 05:35 | 05:45 | जम्मू तवी | 19:20 | 19:30 |
| 06:48 | 06:50 | कठुआ | 17:20 | 17:22 |
| 07:30 | 07:35 | पठानकोट छावनी | 16:35 | 16:40 |
| 09:15 | 09:20 | जलंधर छावनी | 14:40 | 14:45 |
| 10:50 | 11:00 | लुधियाना जं. | 13:30 | 13:40 |
| 13:00 | 13:10 | अम्बाला छावनी | 10:35 | 10:40 |
| 14:40 | 14:50 | सहारनपुर | 09:05 | 09:15 |
| 17:50 | 18:00 | मुरादाबाद | 05:40 | 05:50 |
| 19:30 | 19:32 | बरेली जं. | 04:15 | 04:17 |
| 23:57 | 00:02 | लखनऊ | 00:10 | 00:20 |
| 01:22 | 01:25 | रायबरेली जं. | 21:45 | 21:50 |
| 04:25 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: **04601 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 24.01.2025 को तथा **04602 फाफामऊ जं.** से दिनांक 25.01.2025 को।
स्थान: प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

147/2025
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हाटन रोड तिराहे से ट्रांसफार्मर हटाकर बीज गोदाम के पीछे किया स्थानांतरित

**नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने निभाया वादा**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला नगर वासियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। हाटन रोड तिराहे पर स्थित ट्रांसफार्मर, जो लंबे समय से यातायात जाम का कारण बना हुआ था, को हटाकर बीज गोदाम के पीछे स्थानांतरित कर दिया गया है। इस कार्य से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

उतरौला विधायक रामप्रताप वर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए 11 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि उनके विधायक निधि से उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि यह कदम नगरवासियों को सुगम यातायात प्रदान करने के लिए उठाया गया है। हाटन रोड तिराहा नगर के प्रमुख मार्गो में से एक है, जहां ट्रांसफार्मर की वजह से बार-बार जाम की स्थिति बनती थी। ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण से अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने बताया कि उनके नगर पालिका चुनाव के दौरान किए गए वादों में हाटन रोड तिराहे से ट्रांसफार्मर को हटाने का मुद्दा शामिल था। उन्होंने कहा, यह मेरा एक बड़ा वादा था, जिसे आज पूरा कर दिया गया है। ट्रांसफार्मर के हटने से न केवल यातायात में सुधार होगा, बल्कि नगर के सौंदर्यीकरण में भी वृद्धि होगी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग लंबे समय से चल रही थी। एक स्थानीय निवासी रमेश यादव ने बताया, ट्रांसफार्मर के कारण अक्सर जाम लग जाता था। इसके अलावा, यह ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं का भी कारण बनता था। अब इसके हटने से हमें काफी राहत मिलेगी। बीज गोदाम के पीछे ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित करने से अब वह क्षेत्र अधिक सुरक्षित हो गया है। इसके अलावा, नगर में यातायात सुगम होगा और सड़क किनारे दुकानें लगाने वालों को भी राहत मिलेगी। व्यापारी वर्ग ने इस कदम की सराहना की है और इसे विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। नगरवासी इस कदम को लेकर उत्साहित हैं। स्थानीय व्यापारी अशोक गुप्ता ने कहा, यह निर्णय बहुत समय से लंबित था। अब ट्रांसफार्मर हटने के बाद यहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा। हमें उम्मीद है कि प्रशासन आगे भी इसी तरह के कदम उठाकर नगर को और बेहतर बनाएगा। इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पालिका परिषद और विधायक को बधाई दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना नगरवासियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए की गई है। विधायक रामप्रताप वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि नगर में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में नगर की यातायात व्यवस्था को और भी सुदृढ़ करने के लिए अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी कार्य किया जाएगा। यह कदम नगरवासियों के लिए विकास और सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे नगर का यातायात प्रबंधन न केवल बेहतर होगा, बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार होगा।



# जनजीवन को आस्थाशील बनाये रखने का श्रोत है महाकुंभ

सदियों से चली जा रही महाकुंभ पर्व सनातनी सांस्कृतिक विरासत को हमारे देश भारत भूमि के ऋषियों, मुनियों,साधू, महात्माओं ने लोकाँचल में निवास करने वाले पठित-अपठित साधारण जनों तक पहुंचाया है। इस महापर्व के पीछे जीवन्त आस्था और निष्ठा भाव की कार्यशैली रहा है। भारत भूमि का यह खंड यदि इतना पवित्र और महत्वपूर्ण है तो इसलिए कि वह बाकी दुनिया से जोड़ता है, इसलिए नहीं कि वह दूसरे के अलग कर भौगोलिक राष्ट्रीय सीमाओं में बांधता है। विश्वास की इन्हीं मर्यादाओं के परिवेश में ही एक मानव समूह की जीवन धारा उनकी लय और लौ रुपायित होती है, जो इसकी सनातनी सांस्कृतिक चेतना का मुख्य प्रेरणा स्रोत भी है। यही भावना भारत को अथवा भारतीय सभ्यता को आधुनिक दुनिया के अन्य राष्ट्रों और राज्य तंत्रों से अलग करती है। इसलिए अनादिकाल से हमारी चिरातन भारतीय संस्कृति सभ्यता को गुलामी के कालखंड में नष्ट करने की तमाम कोशिशें के बावजूद भी हम ज्यों का त्यों आज भी खड़े हुए हैं। कुंभ अथवा महाकुंभ जैसे पर्वोत्सव में हमें यह शक्ति प्राप्त होती आ रही है और इस प्रकार शरीर रूपी घाट में निहित अमृततत्व की अनुभूति का विषय हो तो कुंभ पर्व के रूप में अमृत्व प्राप्ति के लिए युगों युगांतर से भारतीय जनजीवन को आस्थाशील बनाए हुए है। कुंभ पर्व इस लोकपर्व में भी मृत्यरमामूतम ग़मय की कामना मरणनाशील मानव के मन को उद्वेलित और प्रेरित करती रही है। वही प्रेरणा आदि सलिल सरिताओं के तट की ओर भारतीय मानव जन को सदा आकर्षित करती रही है। निष्कर्ष स्वरूप में कहे तो यह कह सकते हैं कि इन कुंभ पर्वों में भौगोलिक,ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक एकता बनाए रखकर राष्ट्रीय जीवन संदर्भों के प्रति जातीय अस्मिता को जागृत करने में अहम भूमिका निभाई है। जब कोई महाकुंभ पड़ता है तब जनभावना, उमंगित हृदय और संकल्पित मस्तिष्क को लेकर कुंभ स्थलों की ओर उमड़ पड़ती है। हर आयु वर्ग जाति के लोग देश/प्रवेश की सीमाओं को लगाते हुए गरीब अमीर के दायरों को तोड़ते हुए अनेक भाषा बोलियां में शब्द साधना करते हुए परम अमृत की कामना से अपने को परम में समर्पित करने के लिए संकल्पितशील श्रद्धालुओं के गतिशील चरण भारत भूमि के कण कण को रक्षात्मक सम्बन्धों से छोड़ते हुए महाराग का वस्त्र बुनते हैं। पवित्र नदियों के तट पर विशाल जन समाज को देखकर ऐसा लगता है कि मानो एक नगर ही बस गया है। यह जन आस्था निर्जन प्रदेश को भी जनाकूल बना देती है।




# 14 जनवरी 1958 : सीहोर में 356 क्रांतिकारियों का बलिदान

रमेश शर्मा

अंग्रेजी राज से भारत की मुक्ति के लिये 1857 की क्रांति भारत के हर क्षेत्र में हुई, असंख्य बलिदान हुये। बलिदानों की इस श्रृंखला में मध्य प्रदेश का सीहोर नगर भी है जहां अंग्रेज जनरल ह्यूरोज ने 356 सैनिकों को पहले गोली से उड़ाया फिर शवों को पेड़ पर लटकाने का आदेश दिया ताकि क्षेत्र में भय पैदा हो। बलिदानी क्रांतिकारियों के ये शव दो दिनों तक पेड़ों पर लटके रहे थे।

1857 की इस क्रांति का उद्घोष क्रांतिकारी मंगल पांडेय ने 29 मार्च को बंगाल इन्फ्रेन्ट्री से किया था। लेकिन व्यापक रूप से इसकी शुरुआत मेरठ से हुई। 10 मई को मेरठ छावनी से अंग्रेजों का यूनियन जैक उतार दिया गया था। और दिल्ली कूच कर दिया था। भोपाल रियासत में यह क्रांति जून 1857 में आरंभ हुई। भोपाल रियासत के अंतर्गत अंग्रेजों की सैन्य छावनी सीहोर में थी। उन दिनों रियासत में नबाब बेगम सिकन्दर जहां का शासन था। वे अंग्रेजों की समर्थक और उनके आधीन ही अपना राजकाज चला रहीं थीं। रियासत की राजधानी तो भोपाल थी। अंग्रेजी सेना का मुख्यालय सीहोर में था। क्रांति के समय सीहोर की अंग्रेज बटालियन में कुल 1113 सैनिक थे। इनमें 737 पैदल, 363 घुड़सवार और 113 तोपखाने में तैनात थे। अंग्रेज पोलिटिकल एजेंट विलियम फ्रेडरिक का केन्द्र भोपाल था। सीहोर छावनी को कॉन्टिजेन्ट कैंप नाम दिया गया था। इसकी कमान रॉबर्ट हेमिल्टन के हाथ में थी। उनके साथ सीहोर सैन्य छावनी में एक मेजर भी रहते थे।

बंगाल फ्रेडरिकके विद्रोह और अंग्रेजों के दमन के समाचार देश की अन्य छावनियों में जैसे जैसे पहुंच रहे थे, वैसे वैसे क्रांति की सरगरमी बढ़ने लगी थी। अंग्रेज सतर्क हुये और सेना में नई भर्ती आरंभ की। इस भर्ती की शुरुआत पंजाव और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हुई। सभी छावनियों में ये अतिरिक्त सैनिक भेजे गये और बेरिकों में तैनात अंग्रेज अधिकारियों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाने लगा। सीहोर छावनी में क्रांति की शुरुआत करने वाले महावीर कोठ, रमजूलाल और वली मोहम्मद थे। महावीर कोठ मूलतः राजस्थान के रहने वाले थे। वे महू छावनी में भर्ती हुये और पदोन्नत होकर प्रशिक्षक हो गये। प्रशिक्षक के नाते उनका संपर्क आसपास की छावनियों के सैनिकों से हो गया था। उनका स्थानांतरण सीहोर हुआ। रमजूलाल और वली मोहम्मद से उनका परिचय यहीं हुआ।

वली मोहम्मद यूं तो नबाब खानदान से ही संबंधित थे लेकिन अंग्रेज मेजर के आधीन सीहोर छावनी में तैनात थे। मेरठ से क्रांति का समाचार पहले महू छावनी आया और महू से सीहोर। इस समाचार के साथ सीहोर छावनी में हलचल बढ़ी। क्रांति के लिये एक बैठक इंदौर में हुई जिसमें नीमच और महू आदि आसपास की विभिन्न छावनियों से सैनिक पहुंचे थे। सीहोर से भी छह सैनिकों की टोली इंदौर गयी। इस टोली का नेतृत्व महावीर कोठ कर रहे थे। इस टोली ने लौटते ही क्रांति की तैयारी आरंभ हुई। भावी रणनीति के लिये क्रांतिकारियों की पहली बड़ी बैठक 13 जून 1857 को हुई। सीहोर में अंग्रेज सैनिक और परिवार मिलाकर कुल बीस लोग थे। यह गतिविधियां देखकर सभी अंग्रेज परिवारों ने छावनी छोड़कर भोपाल आने की तैयारी की। क्रांतिकारी सैनिकों ने उन्हें सुरक्षित भोपाल रवाना कर दिया। ये अंग्रेज परिवार भोपाल आये और नबाब बेगम ने सुरक्षा देकर मुम्बई रवाना कर दिया। अंग्रेज परिवारों का सीहोर से जाते ही छावनी से अंग्रेजी ध्वज उतार दिया गया। एक लंबे विचार विमर्श के बाद दो ध्वज फहराये गये। एक भगवा रंग का निशाने महावीरी और दूसरा हरे रंग का निशाने मोहम्मद। इसके साथ विधिवत सिपाही बहादुर सरकार का गठन कर लिया गया। इसकी मुनादी करा दी गई। जो लोग नबाब बेगम या अंग्रेज अधिकारियों को टेक्स देते थे उनसे इस नई सरकार को टेक्स देने का आदेश दिया गया। यह आठ जुलाई 1857 का दिन था। जब सिपाही बहादुर सरकार स्थापित हुई।

इस सिपाही बहादुर सरकार की कमान महावीर कोठ और वली मोहम्मद के हाथ में थी। 17 जुलाई को बैरसिया में क्रांति हुई और नबाब बेगम सहित अंग्रेजी ध्वज उतार दिया गया। इसके बाद गढ़ी अंबापानी, बाड़ी, बरेली और छीपानेर तक क्रांति का विस्तार हो गया। जुलाई माह पूरा होते होते अंग्रेजों के आधीन नबाब बेगम का शासन केवल भोपाल नगर तक सीमित रह गया था। इसका एक कारण ऐसा था कि क्रांतिकारी सैनिकों में एक बड़ा समूह ऐसा था जो अंग्रेजों से तो मुक्ति चाहता था पर उसका सद्भाव नबाब बेगम के प्रति था। इसलिए क्रॉंति का यह अभियान भोपाल नगर को छोड़कर आसपास फैला।

क्रांति का दमन करने अंग्रेज सरकार पंजाब और रुहेलखंड में सैनिकों की नई भर्ती कर ही रहे थी इधर भोपाल बेगम ने भी दो काम किये। एक ओर मुस्लिम धर्मगुरु सक्रिय किये और दूसरी ओर सैनिकों की भर्ती आरंभ की। मुस्लिम धर्मगुरुओं के प्रभाव से पठान सैनिक क्रांति से अलग हो गये। इससे क्रांतिकारियों की संख्या घटने लगी। दूसरा कारण धन का अभाव था। क्रांतिकारी सैनिक अगस्त के अलावा बसूली नहीं कर पाये। नबाब बेगम और अंग्रेजों ने आरंभ टकराव का रास्ता नहीं अपनाया। केवल जमावट की। अक्टूबर तक पूरी रियासत में अंग्रेज और नबाब बेगम के नये सैनिक तैनात हो गये थे। यह जमावट इतनी तगड़ी थी कि क्रांतिकारी केवल अपने केन्द्रों तक सिमट गये थे। शेष पूरे रियासत में अपना प्रभाव स्थापित कर लिया था। इन कारणों से सीहोर छावनी के सैनिक भी समर्पण करने लगे। वे मॉफी मांग कर अंग्रेजी कैंप में जाने लगे। तैयारी पूरी करके अक्टूबर माह में सीहोर छावनी के सभी क्रांतिकारी सैनिको से हथियार ले लिये गये। और उन्हें उनकी ही बैरकों में नजरबंद कर दिया गया फिर 11 नवम्बर 1857 को अंग्रेजों का नया आदेश आया। इस आदेश पर सभी नजरबंद सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इनकी संख्या 356 थी। सीहोर छावनी पर नबाब बेगम के सैनिकों का पूरा अधिकार हो गया था, नये अंग्रेज अधिकारी भी आ गये थे।

सिपाही बहादुर सरकार का ध्वज उतार कर अंग्रेजी ध्वज के साथ रियासत का ध्वज फहरा दिया गया। लेकिन क्रांति के दमन की विधिवत घोषणा नहीं की गई। इसके लिये अंग्रेज अधिकारी की प्रतीक्षा थी। अंत में क्रांति के दमन के लिये इस क्षेत्र में अंग्रेज जनरल ह्यूरोज की तैनाती हुई। जनरल ह्यूरोज दिसम्बर 1857 के अंतिम सप्ताह महू पहुँचा। महू में भी क्रांतिकारी सैनिकों को बंदी बनाया हुआ था। सभी बंदी क्रांतिकारी सैनिकों का बलिदान हुआ। जनरल ह्यूरोज महू से इंदौर आया। इंदौर में भी क्रांतिकारियों का बलिदान हुआ। इंदौर से 11 जनवरी वह सीहोर पहुंचा। जनरल ह्यूरोज के आदेश पर 14 जनवरी 1858 को प्रातः सूर्योदय के साथ सभी बंदी 356 क्रांतिकारियों को जेल से निकाला गया। हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़े इन क्रांतिकारी सैनिकों को सीवन नदी किनारे सैकड़ाखेड़ी चांदमारी मैदान में लाया गया। इस मैदान पर सेना का शस्त्राभ्यास होता था। क्रांतिकारियों को बीस बीस की पंक्ति में खड़ा किया गया और गोलियों से भून दिया गया। जनरल ह्यूरोज क्रांतिकारियों के शवों को पेड़ पर लटकाने का आदेश दिया। ताकि आसपास अंग्रेजों का भय व्याप्त हो। दो दिन तक ये शव पेड़ों से लटके रहे। बाद में आसपास फेक दिया गया। ग्राम वासियों ने इसी मैदान में उनका अंतिम संस्कार किया।

इस स्थल पर इन क्रांतिकारियों की समाधि बनी हुई है। 14 जनवरी मकर संक्रांति का दिन होता है। मकर संक्रांति के दिन इस स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक बलिदानियों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



**जनरल ह्यूरोज के आदेश पर 14 जनवरी 1858 को प्रातः सूर्योदय के साथ सभी बंदी 356 क्रांतिकारियों को जेल से निकाला गया। हथकड़ी और बेड़ियों में जकड़े इन क्रांतिकारी सैनिकों को सीवन नदी किनारे सैकड़ाखेड़ी चांदमारी मैदान में लाया गया। इस मैदान पर सेना का शस्त्राभ्यास होता था। क्रांतिकारियों को बीस बीस की पंक्ति में खड़ा किया गया और गोलियों से भून दिया गया। जनरल ह्यूरोज क्रांतिकारियों के शवों को पेड़ पर लटकाने का आदेश दिया। ताकि आसपास अंग्रेजों का भय व्याप्त हो। दो दिन तक ये शव पेड़ों से लटके रहे। बाद में आसपास फेक दिया गया। ग्राम वासियों ने इसी मैदान में उनका अंतिम संस्कार किया। इस स्थल पर इन क्रांतिकारियों की समाधि बनी हुई है। 14 जनवरी मकर संक्रांति का दिन होता है। मकर संक्रांति के दिन इस स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक बलिदानियों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं।**

## विचार

# कुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता से

*डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट*

प्रयागराज महाकुंभ अलौकिक, दिव्य व भव्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले मीडिया सेंटर का उद्घाटन करते हुए यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि सुरक्षित कुंभ हम सबके लिए एक चुनौती है। यह काफी हद तक सच है। महाकुंभ हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में यह आयोजन होता है। हरिद्वार और प्रयागराज में दो महाकुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ भी होता है। प्रयागराज में इससे पूर्व सन् 2013 में महाकुंभ और 2019 में अर्धकुंभ का आयोजन हो चुका है। महाकुंभ मेला मकर संक्रांति से प्रारम्भ होता है, क्योंकि उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और बृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रांति के इस योग को महाकुंभ स्नान-योग भी कहते हैं और इस दिन को विशेष मांगलिक पर्व माना जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार इस दिन ही खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।

महाकुंभ के आयोजन को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से सर्वाधिक मान्य कथा देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूंदें गिरने को लेकर है। इस कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण जब इंद्र और अन्य देवता कमजोर हो गए तो दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया। तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हें सारा वृतांत सुनाया। तब भगवान विष्णु ने उन्हें दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी। भगवान विष्णु के ऐसा कहने पर संपूर्ण देवता दैत्यों के साथ संधि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। अमृत कुंभ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इंद्रपुत्र जयंत अमृत-कलश को लेकर आकाश में उड़ गया। उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के निर्देश पर दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयंत का पीछा किया और घोर परिश्रम के बाद उन्होंने बीच रास्ते में ही जयंत को पकड़ लिया। तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव-दानवों में 12 दिन तक अविराम युद्ध होता रहा। इस परस्पर मारकाट के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक पर कलश से छलक कर अमृत बूंदें गिरी थीं। उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की। कलह शांत करने के लिए भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बांटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अंत किया गया।

चूंकि अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं। इस कारण कुंभ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहां पहुंच नहीं है, ऐसा माना जाता है। जिस समय में चंद्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र-सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय महाकुंभ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष, जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहां-जहां अमृत बूंद गिरी थी, वहां-वहां महाकुंभ होता है।

600 ई. पू. के बौद्ध लेखों में नदी मेलों का उल्लेख मिलता है। 400 ई.पू. के सम्राट चन्द्रगुप्त के दरबार में यूनानी दूत ने एक मेले को प्रतिवेदित किया, ऐसा कहा जाता है। विभिन्न पुराणों और अन्य प्राचीन मौखिक परम्पराओं पर आधारित पाठों में पृथ्वी पर चार विभिन्न स्थानों पर अमृत गिरने का उल्लेख हुआ है।

महाकुंभ में अखाड़ों के स्नान का भी विशेष महत्व है। सर्वप्रथम आगम अखाड़े की स्थापना हुई और कालांतर में विखंडन होकर अन्य अखाड़े बने। 547 ईसवी में अभान नामक सबसे प्रारम्भिक अखाड़े का लिखित प्रतिवेदन हुआ था। 600 ईसवी में चीनी यात्री ह्यान-सेंग ने प्रयाग में सम्राट हर्ष द्वारा आयोजित महाकुंभ में स्नान किया था। 904 ईस्वी मे निरन्जनी अखाड़े का गठन हुआ था जबकि 1146 ईसवी मे जूना अखाड़े का गठन हुआ। 1398 ईसवी में तैमूर, हिन्दुओं के प्रति सुल्तान की सहिष्णुता के विरुद्ध दिल्ली को ध्वस्त करता है और फिर हरिद्वार मेले की ओर कूच करता है और हज़ारों श्रद्धालुओं का नरसंहार करता है। जिसके तहत 1398 ईसवी में हरिद्वार महाकुंभ नरसंहार को आज भी याद किया जाता है।1565 ईसवी में मधुसूदन सरस्वती द्वारा दसनामी व्यवस्था की गई और लड़ाका इकाइयों का गठन किया गया। 1678 ईसवी मे प्रणामी संप्रदाय के प्रवर्तक श्री प्राणनाथजी को विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक घोषित किया गया।

1684 ईसवी में फ्रांसीसी यात्री तवेर्निए नें भारत में 12 लाख हिन्दू साधुओं के होने का अनुमान लगाया था।1690 ईसवी में नासिक में शैव और वैष्णव साम्प्रदायों में संघर्ष की कहानी आज भी रोंगटे खड़े करती है, जिसमें 60 हजार लोग मरे थे। 1760 ईसवी में शैवों और वैष्णवों के बीच हरिद्वार मेले में संघर्ष के तहत 18 सौ लोगो के मरने का इतिहास है। 1780 ईसवी में ब्रिटिशों द्वारा मठवासी समूहों के शाही स्नान के लिए व्यवस्था की स्थापना हुई। सन 1820 मे हरिद्वार मेले में हुई भगदड़ से 430 लोग मारे गए जबकि 1906 मे ब्रिटिश कलवारी ने साधुओं के बीच मेला में हुई लड़ाई में बीच-बचाव किया ओर अनेकों की जान बचाई। 1954 मे चालीस लाख लोगों अर्थात भारत की उस समय की एक प्रतिशत जनसंख्या ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भागीदारी की थी। उस समय वहां हुई भगदड़ में कई सौ लोग मरे थे। सन1989 मे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 6 फरवरी के प्रयागराज मेले में डेढ़ करोड़ लोगों की मौजूदगी प्रमाणित की थी, जो कि उस समय तक किसी एक उद्देश्य के लिए एकत्रित लोगों की सबसे बड़ी भीड़ थी। जबकि सन 1995 मे इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के अर्धकुम्भ के दौरान 30 जनवरी के स्नान दिवस में 2 करोड़ लोगों की उपस्थिति बताई गई थी। सन 1998 मे हरिद्वार महाकुंभ में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु चार महीनों के दौरान पधारे थे। 14 अप्रैल के दिन एक करोड़ लोगो की उपस्थिति ने सबको चौंका दिया था। सन 2001मे इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के मेले में छह सप्ताहों के दौरान 7 करोड़ श्रद्धालु आने का दावा किया गया था। 24 जनवरी 2001 के दिन 3 करोड़ लोग के महाकुंभ में पहुंचने की बात की गई थी। सन 2003 मे नासिक मेले में मुख्य स्नान दिवस पर 60 लाख लोगों की उपस्थिति महाकुंभ के प्रति व्यापक जन आस्था का प्रमाण है। महाकुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता को देखकर सहज ही हो जाता है, तो आप भी आइए और लगा लीजिए इस महाकुंभ में आस्था की डुबकी जहां श्वेत वस्त्रों में ब्रह्माकुमारीज़ भाई-बहनें राजयोग का ईश्वरीय ज्ञान भी बांट रही है।

**(लेखक, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उप कुलपति व वरिष्ठ साहित्यकार हैं।)**



साहित्य

## कुंठा



**दुष्यंत कुमार**

मेरी कुंठा
रेशम के कीड़ों-सी
ताने-बाने बुनती,
तड़प तड़पकर
बाहर आने को सिर धुनती,
स्वर से
शब्दों से
भावों से
औ वीणा से कहती-सुनती,
गर्भवती है
मेरी कुंठा-कुँवारी कुंती!

बाहर आने दूँ
तो लोक-लाज मर्यादा
भीतर रहने दूँ
तो घुटन, सहन से ज्यादा,
मेरा यह व्यक्तित्व
सिमटने पर आमादा।



# राशिफल

**मेषः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# विश्व के अनेकों देश 20 जनवरी 2025 तारीख से सहमें क्यों?

*एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं*

वैश्विक स्तर पर दुनियां की नजरे जहां एक ओर 5 फरवरी 2025 को भारत की राजधानी दिल्ली विधानसभा चुनाव व 8 फरवरी को वोटो की गिनती पर लगी हुई है तो दूसरी ओर उसके पूर्व 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप शपथ ग्रहण कर व्हाइट हाउस में प्रवेश करेंगे जिससे पूरी दुनियाँ अनेकों प्रश्नों से ठिठिरी हुई है कि, क्या ट्रंप दुनियाँ को बदल देंगे?, क्या जिओ पॉलिटिक्स को चलने के नियम बदल देंगे?, क्या ट्रंप का दूसरा कार्यकाल पहले से बहुत अलग होगा? क्या दुनियाँ में चल रहे दो दो युद्धों को रुकवा देंगे? क्या आतंकवाद का मुकाबला करने कोई बड़ा कदम उठाएंगे? क्योंकि जिस तरह वर्ष 2025 के प्रथम दिन ही अमेरिका पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था आम नागरिकों पर पिकअप ट्रक चढ़ाया गया जिसमें 15 लोगों को कुचल दिया गया, व बाकी लोगों पर फायरिंग भी की गई इस ट्रक पर आईएसआईएस का झंडा लगा हुआ था, व तथाकथित आतंकी टैक्सास का रहने वाला था। 2013 से 2020 तक अमेरिकी सेना में भी रहा था। इसके अलावा अवैध घुसपैठ सहित आर्थिक व्यापारिक मामलों मैं क्या नियम बदल जाएंगे, इसके साथ ही दुनियाँ के अनेकों देशों के नेताओं का काउंटडाउन भी शुरू हो सकने की संभावना है। चीन कनाडा रूस ईरान पनामा विश्व स्वास्थ्य संगठन के हेड, बांग्लादेश पाकिस्तान सहित अनेकों देश ट्रंप को राष्ट्रपति बनते हुए नहीं देखना चाहते थे, परंतु बहुत से देश ऐसे हैं जो वाइट हाउस में ट्रंप को देखना चाहते थे जिसमें भारत इजराइल यूक्रेन सऊदी अरब जर्मनी इटली सहित अनेकों देश थे।चूँकि विश्व के अनेक अनेकों देश 20 जनवरी 2025 से सहमे हुए हैं, इसका उत्तर जानने के लिए हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ के आर्थिक व्यापारिक अवैध प्रवासियों पर कड़े फैसले लेने की संभावना। भारत सहित अनेको देशों को 20 जनवरी 2025 को व्हाइट हाउस शपथ ग्रहण समारोह के आमंत्रण का इंतजार, अमेरिका के सबसे बड़े संभावित मांस डिपोर्टेशन प्लान की कार्रवाई तीव्र व भयावह होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता?

साथियों बात अगर हम विश्व के अनेकों देश के 20 जनवरी 2025 तारीख से सहमें होने की संभावना की करें तो, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपतिडोनाल्ड ट्रंप ने देश में मास डिपोर्टेशन प्रोग्राम को लागू करने का वादा किया है। इसका मतलब है कि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्हें देश से बाहर निकाल दिया जाएगा। इस मामले पर डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को देखते हुए अटकलों का बाजार गर्म है। सबको 20 जनवरी का इंतजार है, जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे और औपचारिक रूप से कोई कार्यकारी आदेश जारी करेंगे। मीडिया के अनुसार ट्रंप के आगे के कदम हमेशा के लिए अमेरिकी होने के अर्थ को बदल सकते हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में इमिग्रेशन एक सदी से भी जयादा समय में अभूतपूर्व स्तरपर पहुंच गया है,जो अनुमानित 8 मिलियन (80 लाख) प्रवासियों की संख्या में कुल बढ़ोतरी हुई है, जिनमें से अधिकांश अवैध रूप से सीमा पार करके पहुंचे हैं। बाइडेन ने कभी भी औसत अमेरिकियों के लिए इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सामने नहीं रखा। मीडिया के अनुसार, अब अमेरिका अपने इतिहास में सबसे ज्यादा विदेशी मूल की आबादी वाला देश है, जिनकी संख्या 15 फीसद से ज्यादा है, यानी एक ऐसा बॉर्डर, जो सुरक्षित होने के बजाय छेद वाला कहा जा सकता है। इसमें बताया गया है कि मतदाता ट्रंप के बयानबाजी के प्रति संवेदनशीलहमेशा से साबित हुए हैं। साथियों बात अगर हम 20 जनवरी 2025 को व्हाइट समारोह में शामिल होने की करें तो, इस समारोह में शामिल होने के लिए कौन से विदेशी नेता आमंत्रित होंगे, यह एक बड़ा सवाल बन चुका है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई विदेशी नेताओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। हालांकि, अभी तक किसी भी आधिकारिक स्रोत से इस बारे में पुष्टि नहीं हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी 7 जनवरी को एक बयान जारी करते हुए कहा कि, यदि कुछ नया होता है तो वह मीडिया को किसी भी नई जानकारी से अवगत कराएगा। मेहमानों की अंतिम सूची का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है और संभव है कि भारत के पीएम को भी इस समारोह में आमंत्रित किया जाए, लेकिन अमेरिका के दो प्रमुख अखबार में इस मुद्दे को लेकर जो विश्लेषणात्मक टिप्पणियां आई हैं। उनके आलोक में भारतीय पीएम को निमंत्रण की संभावनाएं कम लग रही है। दोनों अखबारों ने यह सवाल उठाया कि क्या इस संबंध की गति में कोई रुकावट आ रही है या अमेरिकी नेतृत्व ने भारतीय पीएम को आमंत्रित करने का निर्णय राजनीतिक कारणों से लिया है। यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच भविष्य में किस तरह के संबंध बनेंगे, इसे लेकर कई सवाल छोड़ जाता है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की थी, जिससे यह संकेत मिलता है कि भारत-अमेरिका संबंधों में रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो रही है। लेकिन फिर भी, पीएम का इस समारोह में भाग लेने के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।दूसरा कारण है आमंत्रित किए जाने वाले नेताओं की संख्या। अमेरिकी शपथ ग्रहण समारोह में आमतौर पर बहुत अधिक विदेशी नेता नहीं बुलाए जाते हैं। यह आयोजन खासतौर पर अमेरिकी राजनीति और देश की आंतरिक प्रक्रियाओं पर केंद्रित होता है। इसमें विदेश नीति के बड़े चेहरे आमतौर पर शामिल नहीं होते, और इसका उद्देश्य अमेरिका के आंतरिक राजनीति और लोकतंत्र के उत्सव को मनाना होता है। तीसरा कारण समय और प्राथमिकताएं हो सकते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व के अनेकों देश 20 जनवरी 2025 तारीख से सहमें क्यों? दुनियाँ के आर्थिक, व्यापारिक, अवैध प्रवासीयों पर कड़े फसलों की संभावना? भारत सहित अनेकों देशों को 20 जनवरी 2025 के निमंत्रण का इंतजार- अमेरिका के सबसे बड़े संभाव्य मास डेपुटेशन प्लान की कार्यवाही तीव्र व भयावह होगी?

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लासा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# डीएम ने डीआईओएस व बीडीओ कुरारा का रोका वेतन

- लापरवाही के कारण जिलाधिकारी ने उठाया कदम, तीन दिनों के अन्दर मांगा स्पष्टीकरण, गौशालाओं का हालत बद्तर




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शासकीय कार्यों में दिए गए दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक महेश गुप्ता व खंड विकास अधिकारी कुरारा विपिन गुप्ता का वेतन रोक दिया हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय दायित्वों में कार्यों में शिथिलता लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी, गौशालाओं में निराश्रित गौवंशों के संरक्षण हेतु प्रभावी प्रयास न किये जाने व्यवस्थाओं का नियमित पर्यवेक्षण न किये जाने तथा शासन के अति महत्वपूर्ण कार्य में बरती जा रही लापरवाही एवं शिथिलता के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी कुरारा का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया है। उन्होंने बीडीओ कुरारा को यह भी निर्देशित किया है कि उक्त महत्वपूर्ण कार्य में बरती गयी लापरवाही एवं शिथिलता के सम्बन्ध में तीन दिवस के अन्दर कारण सहित स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत करें। इसके अलावा पात्र छात्र.छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण हेतु प्रभावी प्रयास न किये जाने एवं नियमित पर्यवेक्षण न किये जाने तथा शासन के अति महत्वपूर्ण योजना के कियान्वयन में बरती जा रही लापरवाही एवं शिथिलता के दृष्टिगत जिला विद्यालय निरीक्षक का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध करते हुए उक्त कार्य में बरती गयी लापरवाही एवं शिथिलता के सम्बन्ध में तीन दिवस के अन्दर कारण सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## चार्ज संभालते ही ध्वस्त हो गयी थी शिक्षण व्यवस्था

**हमीरपुर।** जब से डीआईओएस महेश गुप्ता ने कार्यभार संभाला तब से शिक्षण व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त हो गयी है।ज्यादातर इंटर कालेजों व हाईस्कूल विद्यालयों में शिक्षक नही पहुचते है श्री गुप्ता ने महीनों विद्यालयों का निरीक्षण नही करते है न दफ्तर में बैठते है,यही नही यदि कोई पीडित शिकायत लेकर आता है तो उसकी पीड़ा स्वयं न सुनकर उसे लिपिक के पास भेज देते है जिसे फरियादी निराश होकर चला जाता है अध्यापकों का कहना है कि माध्यमिक विद्यालयों में जंगलराज कायम है। शासन से जो भी बजट आया था उसमे कई महीने व्यतीत होने के बाद भी काम की शुरुआत नही हुई है,विद्यालयों में एमडीएम नही बन रहा है। हालाकि इस मामले में जेडी झांसी ने डीआईओएस पर नाराजगी जाहिर कर चुके है मगर उसका कोई असर नही हो रहा है पौथिया इंटर कालेज में कई सालो से समस्या बनी हुई है उसका कोई निदान नही हो रहा है।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच, मेले का भी आयोजन

**मौदहा (हमीरपुर)।** पौष माह की पूर्णिमा को विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के नामी ग्रामी पहलवानों ने अपना दाव पेच दिखाते हुए क्षेत्र वासियों को मनमुग्ध कर दिया ग्रामीणों ने तालियां बजाकर पहलवानों का हौसला बढ़ाया इसके साथ मेले में बूढ़े बच्चे जवानों एवं महिलाओं ने मेले का भरपूर आनंद उठाया और खरीददारियां कीं।

जानकारी के अनुसार विकासखंड की बड़ी आबादी वाले करहिया गांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौष माह की पूर्णिमा को विशाल दंगल का आयोजन किया गया दंगल के आयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि यह पूर्वजों से चली आ रही परंपरा है हर साल पौष माह की पूर्णिमा को दंगल का आयोजन किया जाता है दो दर्जन से अधिक पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाते हुए क्षेत्र से आए हुए ग्रामीणों का एवं ग्रामवासियों का मनोरंजन किया दर्शकों ने तालिया के साथ पहलवानों का हौसला बढ़ाया ब्लॉक प्रमुख लालाराम निषाद ने पहलवानों का हाथ मिलाते हुए कुश्ती के आयोजन की शुरुआत की वहीं नगर अध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने पहलवानों का हौसला बढ़ाया वहीं दंगल प्रांगण में ही लगे मेले में बच्चों ने खिलौने जंपिंग झूला रेलगाड़ी झूले आदि का भरपूर आनंद उठाया और महिलाओं ने मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए खरीदारी कि दो सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों ने पहलवानों की कुश्ती का लुफ्त उठाया।

## खबरें एक नजर में

### जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी

**कुरारा(हमीरपुर)।** पानी भरने के विवाद में बहू ने अपनी जेठानी व जेठ के ऊपर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा थाने में दर्ज करवाया है। थाना क्षेत्र के डामर गांव निवासिनी ज्योति पत्नी मुकेश ने तहरीर दी है कि मैं घर मे सप्लाई नल से पानी भर रही थी तभी मेरी जिठानी सविता पत्नी राकेश व जेठ राकेश ने मेरी बाल्टी फेक दी। जब मैंने मना किया तो मुझे गाली गलौज करने लगे मना करने पर मुझे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। तब पड़ोसियों ने आकर बीच बचाव किया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति पत्नी जेठ जिठानी पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### आरएसएस ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा प्रमुख उत्सव मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चित्रकूट विभाग के विभाग संघ चालक गोपालदास पालीवाल ने स्वय सेवको को इस पर्व के महत्व के विषय में जानकारी दी। इसके बाद खिचड़ी भोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे आर एस एस के खण्ड शारीरिक प्रमुख शुभम दिवेदी लकी विवेक पालीवाल पुतान सिंह ओमप्रकाश सोनी त्रिभुवन सिंहएश्याम जी गुप्ता कृष्णकांत दिवेदी कृपाशंकर त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### इटरा गोलीकांड का तीसरा आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीते सात जनवरी को थानाक्षेत्र के इटरा गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद में हुई गोलीबारी में एक पक्ष के एक व्यक्ति की मौत होने तथा पिता पुत्र के घायल होने के बाद पुलिस ने घटना के सातवें दिन सुबह नरायनपुर गांव के समीप से गोलीकांड के मुख्य आरोपी आलोक पालीवाल को एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा को बरामद करके जेल भेजा है। इस घटना में पांच लोगों को नामजद किया गया था। इसमें पुनीत पालीवाल इस्लाम खान की गिरफ्तारी घटना वाले दिन हो गई थी। जबकि आलोक पालीवालए अजय पालीवालए संजय पालीवाल फरार हो गए थे। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने एसआई सुरेंद्र कुमार आरक्षी दिलीप कुमार के साथ मिलकर घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। अजय पालीवाल व संजय पालीवाल अभी भी फरार चल रहे हैं।

### कच्ची दीवार गिरने से पशुपालक की चार बकरियों की मौत

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिलहड़ी में सोमवार को पड़ोसी की जर्जर दीवार ढह जाने से पड़ोसी महिला की चार बकरियां दबकर मर गई, पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी की शिकायत की है, रामसखी पत्नी सुरेश वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि राजाराम कोरी का घर उसके बगल में है उसकी एक दीवार काफी समय से जर्जर हालत में है कई बार राजाराम को दीवार ठीक कराने को कहा गया लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। सोमवार को अचानक दीवार ढह गई और घर के अंदर बंधी चार बकरियां दबकर मर गईं। यदि राजाराम उनकी बात मान जाता तो यह घटना न होती और निरीह पशुओं की जान नहीं जाती यह घटना घोर लापरवाही और दबंगई का परिणाम है पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेलर की टक्कर से ई-रिक्शासवार दो घायल

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मुख्यालय से ई-रिक्शा में मोरम लादकर कस्बे आ रहे ई-रिक्शा में नारायणपुर कुंडौरा के मध्य एक ट्रेलर ने सामने से टक्कर मार दी। जिसमें दो ई रिक्शा चालक घायल हो गए और ई रिक्शा चकनाचूर हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को पीएचसी में भर्ती कराया जहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईरिक्शा मे मौरम लादकर कस्बे में आते समय ट्रेलर की टक्कर से ईरिक्शा चालक अनिकेत पुत्र मौजीलाल निवासी वार्ड 16 हमीरपुर व रौनक पुत्र जोबन निवासी वार्ड 16 हमीरपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें ईएमटी राहुल व आशीष तथा पायलट विकास व सत्यवीर ने एंबुलेंसों की मदद से पीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को करें जागरूक: एसडीएम




**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।** तहसील सभागार में एसडीएम डाक्टर प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में लेखपाल एवं कानूनगो की मासिक समिक्षा बैठक हुई। जिसमें समस्त कानूनगो व लेखपालों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि कृषि गणना के द्वितीय चरण में फार्मर रजिस्ट्री, अविवादित वरासत का समय से निस्तारण करें और किसानों को जागरूक करें। वहीं अन्य बिंदुओं पर क्षेत्रीय लेखपालों को निर्देश देते हुए कहा गया कि अपने - अपने क्षेत्रों में अलाव व्यवस्था एवं ग्रामीण क्षेत्रों व नगरीय क्षेत्र में संचालित गोआश्रय में गोवंश की समुचित व्यवस्था की जानकारी लेते रहें। तहसीलदार रामानन्द मिश्रा ने बताया कि किसान फार्मर रजिस्ट्री में किसानों को सहयोग करें किसानों के आधार कार्ड, बैंक पास बुक, खतौनी में नाम आदि में त्रुटि न होने पाए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री एवं अन्य कृषि योजनाओं व उनके लाभ की जानकारी दें। इस मौके पर नायब तहसीलदार आलोक कुमार मिश्रा, नायाब तहसीलदार हेमकांत त्रिपाठी, सदर कानूनगो सत्य प्रकाश राठौर, कानूनगो प्रदीप खरे, कानूनगो रूपचन्द्र, बारेलाल, चंद्रमोहन, लेखपाल लक्ष्मण सिंह उमेश सोनकर, प्रदीप सिंह, मयंक आजाद, आलोक सोनकिया प्रियंका, नेहा, दीपान्ती आदि मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य हासिल करने में कोटेदारों की अहम भूमिका: लक्ष्मी नारायण बाजपेई



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देशानुसार फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के लिए अब ग्राम प्रधानों के साथ-साथ सरकारी राशन दुकानदारों का भी सहयोग लिया जाएगा इसी को लेकर आज तहसील के सभागार में तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने क्षेत्र के राशन विक्रेताओं की एक बैठक की और कहा कि फार्मर रजिस्ट्री में आप लोगो का सहयोग जरुरी है तथा बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना है जिससे शासन की मंशा के अनुसार तहसील फार्मर रजिस्ट्री करने का लक्ष्य पूरा कर ले बैठक में सुभाष चंद्र द्विवेदी अध्यक्ष राशन विक्रेता एसोसिएशन घाटमपुर के अलावा आनंद मिश्रा टीकवापुर, राजेंद्र कुमार फतेहपुरा, सुधीर अवस्थी परास, चंद्र प्रकाश सजेती, राज नारायण अजौरी, राम सिंह बीबीपुर, रविंद्र कुमार मऊ नखत के अलावा राम लखन धरछुआ सहित तमाम राशन विक्रेता मौजूद रहे।

# गायों को भरपेट भोजन न मिलने से हुईं बीमार, एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



एडीएम व एसडीएम सदर द्वारा रविवार देर शाम कस्बे की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया जहां छह गाय सर्दी लग जाने से गंभीर हालत में मिली जिनका इलाज चिकित्सक द्वारा किया गया।

कस्बे में करीब डेढ़ करोड़ की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण करवाया गया है जिसमे 139 गौवंशों का आसरा है। रविवार शाम करीब साढ़े आठ बजे नागेंद्र नाथ यादव एडीएम नमामि गंगे व सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया जिसमें गायो को धान की पराली खिलाई जा रही है। वहीं गौशाला में गायों का इलाज करने के लिए एक पशुधन प्रसार अधिकारी राहुल कुमार की तैनाती की गई है उसने बताया कि गायों को चोकर आदि पर्याप्त मात्रा में न मिलने के चलते व पढ़ रही अत्यधिक ठंड के चलते गौवंश बीमार हो रहे हैं। वही गौशाला के कर्मी सही तरह से काम नही कर रहे है। पूरा दिन गौशाला में नशेबाजी करते है। नगर पंचायत को आधा दर्जन से अधिक बार चोकर की व्यवस्था करवाने के लिए लिखित में दिया जा चुका है। 139 गौवंशों में एक गौवंश की रविवार को मौत हो गई है। अब गौशाला में कुल 138 अन्ना गौवंश का आश्रय है। जिसमें कम से कम दो बोरी चोकर सुबह व दो बोरी चोकर शाम को चाहिए परंतु एक ही बोरी में दोनों समय का चारा पूरा कर दिया जाता है। जिसके चलते गौवंश बीमार हो रही है।वही इस संबंध में सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक ने बताया कि 6 गाय बीमार मिली थी जिनका तुरंत उपचार करवाया गया। जिसमें दो गायो को आराम हो गया था। वही ईओ कुरारा रामबदन यादव से चोकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए गए है।

# कागजों में फूटी जल की धारा, हकीकत में एक-एक बूंद जल के लिए तरस रहे हैं राहा ग्राम पंचायत के बाशिदे

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर टोंटी हर घर जल का सपना कागजों पर साकार होते तो नजर आ रहा लेकिन धरातल पर किस तरह से धड़ाम होते दिख रहा है, तो इसका नजारा कानपुर नगर के घाटमपुर ब्लाक क्षेत्र के जलाला, राहा, शीतलपुर गांव में देखिए जहां बीते साल से पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। पर आज तक एक भी घर में पानी नहीं पहुंच पाया। वहीं कागजों पर जल की धारा सैकड़ों घरों में पेयजल पाइप लाइन के जरिए पहुंच रही हैं। करोड़ों की लागत से बन रही टंकी को टुकड़ों- टुकड़ों में मिल रहा धन बंदरबांट हो रहा है। गांव के बाशिंदों की आंखें नल के सहारे पानी की आस में पथरा गई है। परंतु हकीकत में नल के सहारे पेयजल पानी कब उन्हें मिलेगा या नहीं मिलेगा जिसका कोई ठिकाना नहीं। आश्चर्य की 17



किलोमीटर क्षेत्र में फैलने वाली पाइप लाइन धरातल में केवल 11 किलोमीटर तक ही दौड़ पाई और सबसे बड़ी बात है कि कागजों में 15 किलोमीटर तक दौड़ चुकी है। ओवर हैड टैंक तो दूर की बात पाइप लाइन के जारिए पेयजल घरों तक पहुंचने के लिए बने ट्यूबवेल में पानी की मोटर ही नहीं पड़ी है। इसके बावजूद कागजों में तीन गांव के ज्यादा घरों में पेयजल की सप्लाई चालू है। ग्रामीण बताते हैं की कछुए की चाल में चल रहा काम कब पूरा होगा उन्हें नहीं मालूम। 4 करोड़ 58 लाख की लागत से बन रही पेयजल टंकी कब पूरी होगी और कब उन्हें पेयजल पाइपलाइन के जरिए मिलेगा या नहीं मिलेगा जिसकी कोई दूर-दूर तक आशा समझ में नहीं आ रही है। सूत्र बताते हैं कि 900 कनेक्शन में से 500 कनेक्शन घरों में दिए जा चुके हैं। पर कनेक्शन है कहां यह ग्रामीण तक को नहीं मालूम, ग्रामीणों का आरोप है कि जिस तरह से कम हो रहा है वह कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। और योजना प्रारंभ होने के पहले दम तोड़ते नजर आ रही है। मामले में जब जल निगम के अधिशाषी अभियंता, और अवर अभियंता को फोन मिलाया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। हालांकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की एक महत्वाकांक्षी योजना बीच स्तर के भ्रष्टाचार के दीमक के चलते धरातल पर खत्म हो रही है। और कागजों पर साकार होती नजर आ रही है।

## फटे-पुराने कपड़ों में थे तीन युवक, पुलिस ने पूछा- कौन हो, खुला राज तो कांपे लोग

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

अगर आप ट्रेक्टर किराए में देते है तो जरा सावधान हो जाइए, क्योंकि बुंदेलखंड के महोबा में एक सावधान सिंह की गैंग ऐसी सक्रिय हुई है कि सभी हैरत में है। इस गैंग के 3 युवक नकरा बॉर्डर के पास फटे-पुराने कपड़ों में खड़े थे कि वे पुलिस की निगाह में आ गए। पुलिस ने उनसे पूछा कौन हो तुम लोग, इसके बाद चार माह पूर्व किराए के बहाने हुए ट्रैक्टर चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने इस गैंग के मुख्य सरगना सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो ट्रैक्टर बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों का पुराना



आपराधिक इतिहास है। मामला सितंबर 2024 का है, जब पनवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम महुआ निवासी रंजीत का ट्रैक्टर चोरी हुआ था। तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पनवाड़ी से महोबा भाड़े के लिए चालाक सहित ट्रैक्टर किराए पर लिया था। रास्ते में उन्होंने चालक को शराब पिलाकर बेहोश कर दिया और ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए थे। चोरी के इस अनोखे मामले को एसपी पलाश बंसल ने गंभीरता से लिया था और इसके खुलासे के लिए एसओजी सहित थाना पुलिस की टीम गठित की गई थी।

# अरुणोदय संस्थान का अंबे पैलेस में दो दिवसीय प्रशिक्षण (टीओटी) का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



अरुणोदय संस्थान द्वारा महोबा के अंबे पैलेस में दो दिवसीय (11 व 12जनवरी) प्रशिक्षण (टीओटी) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया प्रशिक्षण में महोबा बांदा गौरिहार तथा अजयगढ़ के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता तथा 16 प्राकृतिक किसानों ने प्रशिक्षण लिया प्रशिक्षण में सर्वप्रथम मा सरस्वती पूजन के साथ स्वागत गीत हुआ। प्रशिक्षण का संचालन रिजवाना खान द्वारा किया गया परिचय सत्र के बाद प्रशिक्षण का उपदेश बताएं द्य तथा प्रतिभागी कार्यकर्ताओ और किसानों से उनकी अपेक्षा को समझा गया अपेक्षा के अनुसार दिया गया। ट्रेनिंग का मुख्य आधार प्राकृतिक खेती व क्रॉप वाटर बजटिंग, जैविक खाद और किटनाशक आदि बनाने की विधियां बताई। फसल क्रॉप वाटर बजट का निरीक्षण संजय जी द्वारा दिया गया जिसमे ग्राम में उपलबध पानी को खेती के क्षेत्र के अनुसर खर्च करना व उसका बेहतर प्रबंधन किस प्रकार किया जा सकता है इस प्रति विस्तार से जानकारी दी। संसाधन व्यक्ति के रूप में उद्यान विभाग के श्री सुलेमान द्वारा बागवानी और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वरिष्ठ युवा पत्रकार श्री सुमित तिवारी जी ने कार्यकर्ताओं को रिपोंटिंग और डॉक्यूमेंटेशन के तरीकों की जानकारी दी। रिजवाना खान द्वारा प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिया गया की प्राकृतिक खेती क्यों जरूरी है जहर मुक्त खेती से बच सकते हैं साथ ही खेती में लगने वाले लागत को कम कर सकते हैं भूमि को बंजर होने से बचा सकते हैं उसके साथ ही प्राकृतिक खेती के 7 चरणों की जानकारी दी। साथी कार्यकर्ता और किसान द्वारा समूह एक्टिविटी के माध्यम से प्राकृतिक खेती, वाटर बजटिंग पर हुए प्रशिक्षण को प्रेजेंट किया। संस्थान के संस्थापक सदस्य श्री प्रतीक मिश्रा द्वारा कार्यकर्ताओं को संस्थान के कार्यों को विस्तार में समझाया तथा हमें जिम्मेदारी पूर्व करने को कहा गया।उसके बाद प्रशिक्षण में सभी सीपीआर व किसानों का फीडबैक लेने के प्रशिक्षण का समापन कर दिया गया।

## समाजसेवी द्वारा आयोजित किया गया नि:शुल्क नेत्र शिविर

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के कस्बा पनवाड़ी में हरपालपुर रोड पर स्थित जय बड़ी माता इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल्स शोरुम में विगत वर्षो से प्रत्येक माह की 13 तारीख को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आए मरीजों का आधुनिक मशीनों द्वारा नेत्र परीक्षण किया जाता है। जिसमें नेत्र जांच के दौरान मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन हेतु मरीजों को चिन्हित करके नि:शुल्क सतगुरु नेत्र



- विगत दो वर्षों से प्रत्येक माह हो रहा आयोजन, आधुनिक मशीनों से हो रही जांच

चिकित्सालय चित्रकूट भेजा जाता है। शिविर के आयोजनकर्ता वरिष्ठसमाजसेवी एवं जलपुरुष के नाम से विख्यात राजनारायण उर्फ राजू मिश्रा नें मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि नर सेवा ही, नारायण सेवा है। इसी भाव को लेकर उनके द्वारा सारे सामाजिक काम किए जाते हैं। आगे कहा कि यह शिविर विगत दो वर्ष से प्रत्येक माह लग रहा है। जिसमें ग्रामीण अंचलों से आए मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरण, चश्मा तथा आंखों में मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा जाता है। सोमवार को संपन्न हुए शिविर में लगभग 40 मरीजों का पंजीयन हुआ और नेत्र चिकित्सक द्वारा आधुनिक मशीनों से मरीजो के नेत्रों का परीक्षण किया गया। समाजसेवी द्वारा करवाए जा रहे इस पुनीत कार्य की लोग भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

# ओटीएस योजना की उड़ाई जा रही धज्जियां, खाली पड़ी कुर्सियां

- विद्युत अवर अभियंता की उदासीनता के चलते विभागीय कर्मचारी भी हुए उदासीन
- सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर पलीता लगा रहा विद्युत विभाग

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार नें उपभोक्ताओं को अपना बकाया बिल जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का विकल्प दिया है। लेकिन जनपद के विद्युत विभाग उपखंड पनवाड़ी में तैनात अवर अभियंता ईश्वरसिंह यादव की उदासीनता के चलते विभागीय कर्मचारी भी उदासीन हो गए हैं। और सरकार द्वारा चलाई गई इस महत्वाकांक्षी योजना पर पलीता लग रहा है। गौरतलब है कि बिजली बिल में मिल रही ब्याज की छूट के लिए उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन कराने के लिए विद्युत विभाग जा रहे हैं लेकिन जनपद के पनवाड़ी उपखंड में अलग ही नजारा देखने को मिला रहा है। जहां उपभोक्ता तो पहुंच रहे है,लेकिन विभाग के कर्मचारी ही उपस्थित नहीं है। विभाग की मेज पर कंप्यूटर तो शोभायमान हैं लेकिन खाली पड़ी कुर्सियां उदासीनता की गवाही दें रही है। कस्बे के जागरूक नागरिकों नें विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों का ध्यान इस और आकर्षित कराया है।

### एसडीओ का संरक्षण पाकर जेई कर रहे शासनादेश का उल्लंघन

सीएम योगी आदित्यनाथ नें प्रदेश के समस्त अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा था कि जनता की समस्याओं को फौरन सुना जाए और समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जाए इसलिए समस्त अधिकारी अपनें तैनाती स्थल पर ही निवास करेंगे यदि तैनाती स्थल पर सरकारी आवास नहीं है, तो संबंधित अधिकारी किराए सें तैनाती क्षेत्र में ही रहेंगे और उत्पन्न हुई समस्या का तत्काल निराकरण करेंगे लेकिन इस बात का असर जेई ईश्वरसिंह पर नहीं पड़ रहा है। क्योंकि आरोप है कि उपखंड अधिकारी (एसडीओ) द्वारा उनको संरक्षण दिया जा रहा है। इस बात की पुष्टि तब हुई जब एसडीओ गिरीशचंद्र मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों पर जेई का बचाव करते नजर आए। नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों नें बताया कि रात्रि निवास तो दूर की बात है जेई साहब! तो दिन में भी उपस्थित नहीं रहते हैं। प्रकाशित हुई खबर में उपभोक्ताओं ने भी साफ तौर पर कहा था कि वह कई दिनों सें विभाग के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन जेई साहब मिलते ही नहीं है।

### तीन चरणों में लागू है ओटीएस योजना

उत्तर प्रदेश में तीन चरणों में एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। पहले चरण में 15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक यह योजना लागू रही थी । अब एक जनवरी सें 15 जनवरी तक दूसरा चरण और फिर 16 जनवरी से 31 जनवरी तक तीसरा चरण जारी रहेगा इन चरणों में उपभोक्ता अपना रजिस्ट्रेशन कराकर बिजली सरचार्ज में छूट पा सकते हैं।

### अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली कहावत हो रही चरितार्थ

**विद्युत** उपखंड पनवाड़ी में अंधेर नगरी चौपट राजा, टका सेर भाजी टका सेर खाजा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जब विभाग का जेई ही अपने कार्यों के प्रति उदासीन हो तो स्वाभाविक है कि विभाग के कर्मचारी तो उदासीन हो ही जाएंगे, लेकिन इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भोगना पड़ रहा है। क्योंकि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी मिलने पर जब उपभोक्ता बिजली विभाग पहुंचते हैं तो विभाग में कंप्यूटर तो उपस्थित होते हैं, लेकिन उनको चलानें वाला कोई नहीं होता..जब एक जागरूक उपभोक्ता नें खाली पड़ी कुर्सियों की तस्वीर को अपने कैमरे में कैद कर लिया तो इस बात की पोल खुल गई और उल्लेखित कहावत चरितार्थ हो गई।

### लापरवाही, अनुशासनहीनता पर सख्त हुए अधीक्षण अभियंता

**जब** इस संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल महोबा आर. एस गौतम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि जेई द्वारा शासनादेश का पालन नहीं किया जा रहा और संबंधित एसडीओं उनका बचाव कर रहे हैं। तो टीम का गठन कर जांच कराई जाएगी लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आगे कहा कि प्रत्येक अधिकारी/ कर्मचारी को शासनादेश का पालन हर हाल में करना ही होगा

# पारिवारिक लड़ाई, पुलिस, कोर्ट से लड़ने में बर्बाद हुआ परिवार

**▸ बहू के आतंक से अपने ही घर से बेघर हुआ परिवार**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पारिवारिक विवाद को क़ानूनी दांवपेंच से इस तरह लड़ा जा रहा है कि दांवपेंच में पूरा परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गया। इस विवाद में बहू विलेन के रूप में देखी जा रही है, जो पूरे परिवार को आतंकित कर रखा है। बहू के आतंक से पूरा परिवार परेशान है। वहीं जिला प्रशासन इस विवाद को निस्तारित करने के लिए हलकान है।

परिवार इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। मामला जहांगीराबाद थानाक्षेत्र के ग्राम लालूपुरवा मजरे फतेसराय का है। यहां के निवासी सूर्य कुमार शर्मा ने चार साल पहले अपने बेटे प्रवेश शर्मा की शादी की थी उसी की पत्नी ने पूरे परिवार का जीना मुश्किल कर दिया है। पूरा परिवार घर से बाहर किराए के मकान में रहने को मजबूर है। आलम यह है कि मां बाप समेत पूरे परिवार को कुछ दिन पहले गैंगरेप के झूठे मुकदमे में बहू ने जेल भिजवा दिया था। विवाद की शुरुआत घर बहू ने अपने पति पर परिवार से अलग रहने, बहू का नाम वेतन खाते में जुड़वाने को लेकर दबाव बनाया,नही मानने पर 22 सितंबर 2022 में दहेज उत्पीड़न का केस कर दिया जिसमें पूरे परिवार को लपेट दिया। दहेज उत्पीड़न के केस से बहू का काम नही बना तो पांच अप्रैल 2023 को बहू ने अपने देवरो,ससुर व चचिया ससुर पर छेड़खानी की धाराओ में मुकदमा दर्ज करवा दिया। इस बीच चचिया ससुर व देवर से कहासुनी हुई तो बहू ने ईंट फेंककर मारा तो चचिया ससुर का सिर फट गया। इस घटना बहू के खिलाफ 323, 504 की धाराओं में चाचा ने मुकदमा दर्ज करवा दिया। इस मुकदमें के अगले ही दिन बहू ने गैंगरेप की धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया जिसमें चारो देवर, 67 वर्षीय, 70 वर्षीय चचिया ससुर , ससुर सभी को मुकदमें में लपेट लिया। अब पूरा परिवार भागा-भागा फिर रहा है। इसी बीच बहू ने घर मे अपना ताला डालकर सास ससुर को बेघर कर दिया।

वहीं दहेज उत्पीड़न के केस में गुजारा भत्ता कोर्ट से ले रही है। ससुर सूर्यकुमार शर्मा ने उच्च न्यायालय में याचिका करके अपने ही घर मे रहने और बहू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। उच्च न्यायालय ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि मामले का निस्तारण एक कमेटी गठित कर कराएं। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाजसेवियों की एक कमेटी गठित हुई जो दो बार मामले के निस्तारण के लिए मौके पर गई लेकिन बहू मौके से गायब हो जा रही है जिससे कमेटी भी किसी अंजाम तक नही पहुँची।

सेना भर्ती से बाहर हुआ देवर जेल जाने की वजह से देवर प्रदुम्न शर्मा सेना में भर्ती के फाइनल चरण से बाहर निकाल दिया गया। बहू की प्रताड़ना से मां-बाप काफी बीमार हो गए हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं दिला पा रहा है। पीड़ित सास जगह-जगह गुहार लगा रही है कि मुझे और मेरे परिवार को मेरी बहू से बचा लो।



देवर प्रदुम्न शर्मा



सास तेजवती



ससुर सूर्य कुमार शर्मा

### बहू से आतंकित सास तेजवती को हो चुका ब्रेन हेमरेज

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालू का पुरवा मजरे फतेसराय की बहू से जुड़े मामले में न्याय पाने की आस में देवर प्रदुम्न शर्मा ने अपनी बीमार माता को लेकर मीडिया के समक्ष आया। प्रदुम्न ने बताया कि माता जी बहू के आतंक से डरी हुई हैं और उन्हें ब्रेन हेमरेज हो चुका है, उनका इलाज चल रहा है।

### अच्छे पदों पर हैं शर्मा का परिवार, बर्बाद हुआ देवर का कैरियर

सूर्य कुमार शर्मा और तेजवाती शर्मा के पांच बेटे हैं, पांचों बेटे अच्छी पढ़ाई किये हैं। जिस बेटे की बहू से आतंकित हैं वह बेटा प्रवेश शर्मा रेलवे में लखनऊ में नौकरी करता है,उससे छोटा बेटा संदीप कुमार अधिवक्ता है, तीसरे नम्बर का बेटा कमाण्डो है, चौथे नम्बर का बेटा सेना में नौकरी करता है, सबसे छोटा बेटा जो बहू के द्वारा दर्ज कराए गए गैंगरेप में जेल जा चुका है वह सेना में फाइनल रूप से भर्ती हो रहा था, कि इसी बीच उसे जेल भेज दिया गया। ससुर, देवर समेत परिवार के बाकी मर्दों को गैंगरेप के झूठे मुकदमे में फंसा दिया। जिसके चलते सभी जेल काटकर बाहर निकले। सास ब्रेन हेमरेज की तो ससुर सांस की बीमारी से पीड़ित हो गए। जेल जाने के चलते देवर का करियर भी बर्बाद हो गया। वह सेना भर्ती के आखिरी चरण से बाहर निकाल दिया गया। अब पूरा परिवार दर-दर की ठोकरें खा रहा है। अपना मकान होने के बाद भी किराए के मकान में रहने को मजबूर है।

## घने कोहरे से रफ्तार पर लगी ब्रेक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** इलाके में रविवार की सुबह तेज हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी के बाद सोमवार की सुबह घने कोहरे ने जहां एक तरफ वाहनों की स्पीड पर ब्रेक लगा दी वहीं ठंड में भी काफी इजाफा देखा गया। सड़कों पर घने कोकरे के कारण वाहन रेंगते हुए नजर आए तथा चौराह कस्बो व गांव में लोग भीषण ठंड में घरों में दुबके रहे व अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचने का प्रयास करते नजर आए। रविवार की सुबह से बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं भी चली जिससे किसानों की फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ा साथ ही सोमवार की सुबह घने कोहरे ने सड़कों पर चलने वाले वाहनों को रेंगने पर मजबूर कर दिया। बाहर दैनिक दिनचर्या के लिए निकलने वाले कपिल तिवारी, अमन, महेंद्र तिवारी, सहित तमाम लोगों ने बताया कि घने कोहरे के कारण जिस सफर को 20 मिनट में तक कर लिया जाता था।

# वाहन की टक्कर से दो की मौत, चालक घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़- बछरांवा मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से जहां कार सवार साले बहनोई की मौत हो गई, वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के घरकोइयां गांव निवासी रवि शंकर 50 वर्ष और तारागंज गाँव निवासी सतीश 42 वर्ष रिश्ते में साले बहनोई है। रविवार को तारागंज गांव निवासी कार चालक सोनू उर्फ प्रदीप के साथ सतीश बछरावां स्थित अपनी पुत्री की ससुराल निमंत्रण में शामिल होने गये हुए थे। देर रात वापसी के दौरान जब उनकी कार ग्राम धरौली के पास पहुंची तभी किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने रवि शंकर और सतीश को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल सोनू को गंभीर स्थिति में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां पर उपचार चल रहा है। सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पीएम के लिये भेजा। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को घर आये शवो का अंतिम संस्कार कर दिया गया। साले बहनोई की मौत से दोनों परिवारों में मातम का माहौल है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।



### बहला फुसलाकर कर लड़की भगाने का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी।** रात में फोन पर बात न करने का सुझाव एक मां ने अपनी पुत्री को दिया सुबह होते ही जानकारी हुयी कि लड़की घर से लापता है पीड़ित मां ने एक व्यक्ति पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है मामला जैदपुर थाने के एक गांव का है 12.01.025 को समय लगभग 1.00 बजे प्रार्थिनी की पुत्री उम्र लगभग 19 वर्ष शुभम पुत्र लक्ष्मीलाल से फोन पर बात कर रही थी। जब पीड़िता ने अपनी पुत्री को उपरोक्त समय बात न करने को समझाया और सो गई। जब सुबह उठी और देखा की मेरी पुत्री घर पर नहीं थी। प्रार्थिनी ने काफी खोज-बीन की परन्तु मिली नहीं। मेरी पुत्री को शुभम पुत्र लक्ष्मीलाल ही बहला फुसला कर भगा ले गया है। माता की तहरीर के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर एसडीएम ने किया बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** तहसील के पारिजात सभागार में सोमवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान शामिल हुए।एसडीएम ने बताया कि किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान में बहुत कम किसान इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक हैं, जिसके कारण रजिस्ट्रेशन की संख्या कम है। ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए गए कि वे किसानों को सेल्फ मोड में मोबाइल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में लेखपाल सुरेंद्र अवस्थी ने ग्राम प्रधानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की विस्तृत प्रक्रिया समझाई। एसडीएम ने सर्दी के मौसम को देखते हुए गौशालाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया और गोवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित करने को कहा। ग्राम प्रधानों ने चक मार्ग की पैमाइश समय पर करवाने की मांग रखी, जिस पर एसडीएम ने लेखपालों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार नरसिंह नरायण वर्मा, विकेश वर्मा, बेनी प्रसाद वर्मा, ओमकार मौर्या,रविंद्र अवस्थी,ओन मियां, दयाशंकर शुक्ल, नियाज अंसारी, मोहम्मद रिजवान, सहित अन्य ग्राम प्रधान और लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी, महेंद्र जयसवाल,सन्दीप वर्मा उपस्थित रहे।

# भाकियू ने कृषि कानूनों के विरोध में किया प्रदर्शन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नई कृषि कानून लागू किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ब्लॉक इकाई द्वारा सोमवार को तहसील मुख्यालय तक जुलूस निकाला गया और नए कृषि कानून की प्रति को जलाने का प्रयास किया गया, परंतु प्रशासन की सक्रियता के चलते किसानों का प्रयास असफल हो गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के निर्देश पर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सोमवार की सुबह पुरानी तहसील परिसर स्थित शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और नए कृषि कानूनो में भ्रांतियों को लेकर आक्रोश प्रकट किया। नए कृषि कानून की प्रति लेकर बड़ी संख्या में किसानों ने नगर के मुख्य चौराहे होते हुए तहसील मुख्यालय तक जुलूस निकाला और फिर वहां कानून की प्रति निकालकर जलाने का प्रयास किया, परन्तु इस दौरान मौजूद एसडीएम, सीओ व कोतवाली प्रभारी द्वारा छीन लिया गया। उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि नए कानून को लेकर आपकी जो भ्रांतियां हैं उसके संबंध में आपकी बात उच्च स्तर पर पहुंचाई जाएगी और इसमें जो कमियां है उनका संशोधन कराया जाएगा।

जुलूस में जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला सचिव संतोष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ हरीराम पाल, राम नेवाज वर्मा, बाबादीन, राजेश कुमार यादव,माता प्रसाद वर्मा, लल्लन वर्मा, राम सिंह, राजेंद्र वर्मा, राम बहादुर, रामदेव, राम केवल, सत्रोहन, शमशाद खान, राम भजन, फूलचंद, महिला ब्लॉक अध्यक्ष गीता, गंगा भगत सिंह, रजनीश गिरी, अयोध्या प्रसाद, विद्या प्रकाश पीतांबर राम बहादुर पाल मिश्रण पुरवा राम बहादुर पाल भिटौरा रामदेव ननकू राम खेलावन आदि किसान व कार्यकर्ता शामिल रहे।



## 14 को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुमाग द्वारा उप्र शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा वर्ष 2025 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर-2(प) में वर्ष 2025 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक-3 पर मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर 14 जनवरी 2025 (मंगलवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया हैं सम्यक विचारोपरान्त मकर संकान्ति के पावन पर्व पर 14 जनवरी 2025 (मंगलवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर निगोशिएवुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन एतद्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## शिक्षक कल्याण परिषद के अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ से गृह जनपद के लिए जा रहे सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह का फूल मालाओ से हैदरगढ़ में जोरदार स्वागत किया गया। शिक्षक भवन रिसालदार पार्क लखनऊ से गृह जनपद जौनपुर की ओर जा रहे सेवानिवृत शिक्षक कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सत्यदेव सिंह का अवस्थी चिकित्सा केंद्र पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया गया।

स्वागत समारोह का आयोजन सेवा निवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद, प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर शिक्षक संघ हैदरगढ़ द्वारा किया गया। उमा नाथ शुक्ल, राम अवध सिंह, माता बदल, ओम प्रकाश अवस्थी, धर्मेद्र मिश्रा सत्यदेव सिंह, पारस यादव, अवधेश कुमार, रजनीश शुक्ला,मदन मोहन, सरोज तिवारी, सुकई आदि सैकड़ों शिक्षकों ने माल्यार्पण व अंगवत्र देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने पेंशनर शिक्षकों के समस्याओं का शासन से शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह एवं पारस यादव ने किया।



## कृषि कानून थोपना, सरकार की तानाशाही रामसजीवन वर्मा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को सिरौली गौसपुर तहसील मुख्यालय पर किसानों ने केंद्र सरकार की नई कृषि नीति का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाकियू टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कृषि नीति की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।रामसजीवन वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा 2025 के लिए प्रस्तावित कृषि रणनीति में किसानों को खुली मंडी में अपनी उपज बेचने पर रोक लगाई गई है, जो किसानों के हितों के विरुद्ध है। इस मौके ब्लाक अध्यक्ष रामप्रताप वर्मा, रामउदेश गुप्ता, राम बहादुर, रामपाल, उमेश राम सिंह, जगजीवन प्रसाद, अनुराग सिंह, राजित राम, जगदंबिका सरण, रमेश चंद, डॉक्टर ओम प्रकाश, सुरेश यादव, नियाज अहमद, संदीप सिंह और संदीप कुमार तिवारी सहित अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।


## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय घाटमपुर जिला कानपुर नगर वाद संख्या सन् 2023 ई. रामनरायण पुत्र रामेश्वर सत्यनरायन पुत्र रामेश्वर निवासीगण ग्राम घनामतिरामपुर मजरा मौजा कोटरा मकरन्दपुर तहसील घाटमपुर जनपद, कानपुर नगर

............**वादीगण**

**बनाम**

1. राजनरायन 2. श्यामनरायन 3. मान सिंह 4. रामप्यारी पत्नी बुद्धूलाल निवासीगण ग्राम घनामतिरामपुर मजरा मौजा कोटरा मकरन्दपुर तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर 5. पान कुमारी पत्नी हेमलाल 6. रामसजीवन पुत्र स्व. हेमलाल 7. प्रीती देवी पत्नी अमर सिंह 8. दिशा ना.उम्र 9 वर्ष पुत्री अमर सिंह संरक्षिका प्रीती देवी पत्नी अमर सिंह 9. सुहानी ना.उम्र 7 वर्ष पुत्री अमर सिंह संरक्षिका माता प्रीता देवी पत्नी अमर सिंह 10. देव सिंह ना.उम्र 5 वर्ष पुत्र स्व. अमर सिंह संरक्षिका माता प्रीता देवी 11. सिद्धी पत्नी छोटेलाल निवासी ग्राम घनामतिरामपुर मजरा मौजा कोटरा मकरन्दपुर परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर। 12. छोटेलाल पुत्र पराग उम्र परागी निवासी ग्राम घनामतिरामपुर मजरा कोटरा मकरन्दपुर परगना तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।

............**प्रतिवादीगण**

वाजे हो कि ने आपके नाम एक नालिश बावत् 176 एल.आर.एक्अ दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 01 सन् 2025 ई. बवक्त व मुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वकई वाकिफ हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देरी दावा को कीजिये और आपको लाजिम है कि उक्त रोज जमला गवाई की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताहद अपनी जवाबदेही के इस्तइदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए।

आपको इन्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर मुसमुआ आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा।

व वासख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज दिनांक............. में जारी किया गया।

**आसि.कले.दर्जा अव्वल दोयम**

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SARSVATI SINGH व जन्मतिथि 01.07.1954 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SARSWATI DEVI व जन्मतिथि 01.01.1951 है। SARSWATI DEVI M/o of Army NO-2998585P, रैंक-हवलदार, प्रवीण कुमार सिंह आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम/मोहल्ला-सराय भारती, जिला-बलिया, उत्तर प्रदेश-221712, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160284, 13 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम PRAKASH KANWAR व जन्मतिथि 01.07.1960 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PRAKASHA KAVANR व जन्मतिथि 01.01.1957 है। PRAKASHA KAVANR M/o of Army NO-3001843H, रैंक-हवलदार, राजेन्द्र सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम/मोहल्ला-वार्ड नंबर-21, दुर्गा मंदिर के पास सूरतगढ़, जिला-गंगानगर, राज्य-राजस्थान-335804, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160286, 13 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम UMMED SINGH व जन्मतिथि 01.07.1955 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम UMED SINGH व जन्मतिथि 30.09.1956 है। UMED SINGH F/o of Army NO-3001843H, रैंक-हवलदार, राजेन्द्र सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम/मोहल्ला-वार्ड नंबर-21, दुर्गा मंदिर के पास सूरतगढ़, जिला-गंगानगर, राज्य-राजस्थान-335804, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160285, 13 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SAROJ SINGH व जन्मतिथि 01.07.1961 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SAROJ व जन्मतिथि 12.06.1961 है। SAROJ M/o of Army NO-3008582H, रैंक-हवलदार, आलोक कुमार सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-ओरियारा, रामईपुर, जिला-कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-209214, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160287,13 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.


# आरटीओ ने की ट्रांसपोटर्स यूनियनों के संग बैठक



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ,प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ,मकर संक्रांति और अन्य त्योहारों को लेकर सोमवार को आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने डीटीटीआई में टैम्पो आटो यूनियनों पदाधिकारियों,बस आपरेटरों और वाहन डीलर्स के साथ सुरक्षित व सुलभ परिवहन व्यवस्था के लिए बैठक की और उन्हें जागरूक किया।बैठक में आरटीओ सुश्री सिंह ने मुख्य रूप से शासन द्वारा निर्धारित किराये से अधिक न वसूलने, यातायात नियमों के पालन करने तथा वाहनों की फिटनेस आदि दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सुश्री सिंह ने कहा कि निजी बस आपरेटर्स,टैम्पों आटो आदि द्वारा यात्रियों से किसी भी दशा में अतिरिक्त किराया न वसूला जाय।सभी व्यावसायिक यात्री वाहन के वाहन स्वामी व चालक इस बात का खास ध्यान रखें कि विशेष रूप से यात्रियों,बुजुर्गों, महिलाओं आदि से अधिक किराया वसूल कर उन्हें परेशान न करके उनके साथ विनम्र व सभ्य व्यवहार किया जाए।

आरटीओ द्वारा लोगों से अपील की गई कि कोहरे में वाहन चालक विशेष सावधानी बरतें, फाग लाइट का इस्तेमाल करें और आगे चलने वाले वाहनों से उचित दूरी बना के रखें तथा अनफिट वाहनों,बिना परमिट वाहनों का संचालन कदापि न किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक वाहन चालक वर्दी धारण करें।वाहनों में अग्निशमन यंत्र एवं फर्स्ट एण्ड बाक्स रखे जाएं।व्यावसायिक वाहनों में रेफलेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए।टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि सचिव राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जो किराया निर्धारित किया गया है,उससे अधिक किराया ना लिया जाए।सुश्री सिंह ने पैदल राहगीरों से फुटपाथ से ही सड़क पार करने के साथ ही जनता से वैध सवारी वाहनों में ही यात्रा करने,ट्रैक्टर-ट्राली,डीसीएम व ट्रक इत्यादि में सवारी न करने। रेड लाइट जंपिंग,नशे की हालत में गाड़ी न चलाने,ओवरस्पीडिंग किसी भी दशा में न करने, नाबालिगों से गाड़ी न चलवाने तथा ड्राइवर के बगल यात्रियों को न बैठाने की अपील की है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अलावलपुर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 13/01/2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अलावलपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/01/2025 से 20/01/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रघुवंशी यादव के घर से रावेन्द्र शर्मा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.08 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (सत्यप्रिय दिवाकर)** **ग्रा0पं0 अलावलपुर, विकास खण्ड मोहम्मदाबाद** **सचिव (रामवीर शाक्य)**

## कार्यालय क्षेत्र पंचायत कमालगंज- फर्रुखाबाद।

पत्रांकः मीमो/लेखाकार/केंद्रीय वित्त-राज्य वित्त/निविदा/2024-25 दिनांक 13/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केन्द्र वित्त के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत कमालगंज, विकास खण्ड कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद द्वारा पुनः निम्न परियोजना को निर्माण कार्य हेतु कृत ठेकेदारों फर्मो से दिनांक 14/01/2025 से 20/01/2025 अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनाक 20/01/2025 को अपरान्ह 400 विकास खण्ड कार्यालय कमालगंज में खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियंत्रण विभाग तथा सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) एवं उपस्थित निविददाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 14/01/2025 से 20/01/2025 की अपरान्ह 3:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में (रविवार को छोड़कर) कार्यालय समय में खण्ड कास अधिकारी कमालगंज से रु0 1000/- जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत जहानगंज में शैलेन्द्र राजपूत के घर से नवनिर्मित खडण्जा तक खडण्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 2.55 | 0.051 | 1000/- |
| 2 | ग्राम पंचायत न्यामतपुर ठाकुरान में विरूआ खेड़ा रोड से सतेन्द्र चौहान के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.64 | 0.1928 | 1000/- |
| 3 | ग्राम पंचायत उगरपुर सुल्तान पट्टी में मेन रोड से नवनिर्मित सी0सी0 तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 2.59 | 0.0518 | 1000/- |
| 4 | ग्राम पंचायत बंथलशाहपुर में अरविन्द कुमार के घर से सी0सी0 रोड तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 2.45 | 0.049 | 1000/- |
| 5 | ग्राम पंचायत राजेपुर सरायमेदा में अर्जुन के मकान से महेश चन्द्र के मकान तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 7.40 | 0.148 | 1000/- |
| 6 | ग्राम पंचायत भरतामऊ में गौशाला में खड़ण्जा कार्य | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.94 | 0.1988 | 1000/- |
| 7 | ग्राम पंचायत भरतामऊ के गौशाला में खड़ण्जा व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 6.12 | 0.1224 | 1000/- |
| 8 | ग्राम पंचायत सिंधौली में गौशाला मे खडंण्जा कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.93 | 0.1986 | 1000/- |
| 9 | ग्राम पंचायत सिधौली में दयाराम मिश्रा के घर से पू0मा0वि0 तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 2.65 | 0.053 | 1000/- |
| 10 | ग्राम पंचायत बर्ना बुजुर्ग में प्राथमिक विद्यालय बर्ना बुजुर्ग के गेट के अन्दर व बाहर इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.33 | 0.1866 | 1000/- |
| 11 | ग्राम पंचायत भटपुरा में बनवारी लाल कठेरिया के घर से सदन दुबे की टीन शेड तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 8.53 | 0.1706 | 1000/- |
| 12 | ग्राम पंचायत करीमगंज में मेन रोड से जदुनाथ सिंह पाल के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 7.23 | 0.1446 | 1000/- |
| 13 | ग्राम पंचायत बहोरिकपुर में छिवरामऊ फर्रुखाबाद मेन रोड से फूलन देवी बालिका जूनियर हाईस्कूल तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.97 | 0.1994 | 1000/- |
| 14 | ग्राम पंचायत मॉडल शंकरपुर में राकेश बाथम के घर से शिव मन्दिर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.82 | 0.1964 | 1000/- |
| 15 | ग्राम पंचायत टाडा बहरामपुर में सुरेश जाटव के घर से रामदास के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.81 | 0.1962 | 1000/- |
| 16 | ग्राम पंचायत झसी में नवनिर्मित सी0सी0 से अरविन्द्र के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 8.73 | 0.1746 | 1000/- |
| 17 | ग्राम पंचायत भूलनपुर में मेन रोड से देवकी के घर तक इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 6.92 | 0.1384 | 1000/- |
| 18 | ग्राम पंचायत लहुआ नगला मानपट्टी में रानू के घर से शैलेन्द्र सिंह की दुकान तक इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 4.22 | 0.0844 | 1000/- |
| 19 | ग्राम पंचायत बेहटा के मजरा ढिपिन में फोहराम सिंह के घर से गांव की पुलिया की ओर इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.95 | 0.199 | 1000/- |
| 20 | ग्राम पंचायत अहिमलापुर के मजरा जिन्दापुर में जागेश्वर के घर से गमा देवी मन्दिर की ओर इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.98 | 0.1996 | 1000/- |
| 21 | ग्राम पंचायत शरफाबाद के मंजरा महमदपुर में प्राथमिक विद्यालय से तालाब तक इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.98 | 0.1996 | 1000/- |
| 22 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर में याकूतगंज मेन रोड से मान सिंह के खेत तक इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 3.16 | 0.0632 | 1000/- |
| 23 | ग्राम पंचायत उस्मानगंज में बृजेश कटियार के ट्यूववेल से श्यामेन्द्र के ट्यूववेल की ओर इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.99 | 0.1998 | 1000/- |
| 24 | ग्राम पंचायत सिंगीरामपुर में सतीश बाल्मिक के घर से दिनेश दास शुक्ला के तक इण्टरलॉकिग व नाली कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 7.14 | 0.1428 | 1000/- |
| 25 | ग्राम पंचायत रूनी चुरसई में जदुनाथ सिंह के घर से जागेशवर दयाल के घर की ओर सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.96 | 0.1992 | 1000/- |
| 26 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर मे याकूतगंज नगरिया मार्ग से मेवाराम के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.99 | 0.1998 | 1000/- |
| 27 | ग्राम पंचायत नगरिया देवधरापुर मे जगमोहन उर्फ नन्हे के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.96 | 0.1992 | 1000/- |
| 28 | ग्राम पंचायत सर्फुद्दीनपुर में कड्डी के घर से बालकराम के घर तक सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.96 | 0.1992 | 1000/- |
| 29 | ग्राम पंचायत लहुआ नगला मानपट्टी में याकूतगंज-दरियागंज मार्ग से श्री अशर्फी लाल के घर की ओर इण्टरलॉकिग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.96 | 0.1992 | 1000/- |
| 30 | विकास खण्ड कमालगंज में एन0आर0एल0एम0 कार्यालय एवं एडीओ पंचायत कक्ष में मरम्मत व पुताई तथा अन्य कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्र वित्त | 9.96 | 0.1992 | 1000/- |

**नियत व शर्ते-** पंचायत कार्यालय कमालगंज में अवकाश छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**विकास खण्ड अधिकारी**
**वि0ख0 कमालगंज**

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का करें निस्तारण



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कोई भी श्रद्धालु खतरे के सांकेतिक निशान से आगे स्नान न करें**

जिलाधिकारी ने पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति के पर्व पर गंगा स्नान के दृष्टिगत मेंहदीघाट का निरीक्षण कर समुचित व्यवस्थाओ को परखा। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था एवं पार्किंग के लिये जगह चिन्हित करें। प्लान के अनुसार ही दुकानों को लगवाया जाये। जिससे यातायात प्रभावित न हो। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होने चाहिए। कहा कि प्रकाश की व्यापक व्यवस्था होनी चाहिए। चूंकि स्नान हेतु श्रद्धालु रात्रि में आते है और स्नान करते है। कहा कि सुरक्षा की दृष्टिगत घाटों पर बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही समय-समय पर माइक द्वारा एनाउंसमेंट किया जाये कि कोई भी श्रद्धालु खतरे के सांकेतिक निशान से आगे स्नान न करें।

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परियोजना पोषण ट्रैकर पर शेष 5 लाभार्थियों का आधार वैरीफाई यथाशीघ्र कर लिया जाये। 3680 अवशेष लाभार्थियों के मोबाइल सत्यापन का कार्य भी शीघ्र करें। गर्भवती महिलाओं की वजन एवं हाईट आदि पूरी डिटेल पोषण ट्रैकर में भरा जाये। जो डेटा अभी तक भरा गया है। उसे पुनः चेक किया जाये। प्रत्येक दशा में डाटा फर्जी नही मिलना चाहिएं। जनपद में 571 सैम बच्चे पाये जाने पर निर्देश दिये कि अभियान चलाकर सैम और मैम बच्चों का अधिक से अधिक चिन्हांकन किया जाये। कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। जिला अस्पताल/ एआरसी वार्ड में बच्चों को एडमिशन कराकर बच्चों का सुचारू रूप से चिकित्सा भी समय से उपलब्ध करायी जाये। गरीब परिवारों के बच्चों का चिन्हांकन कर आरटीई के तहत आस- पास के स्कूलों में एडमिशन कराएं। इसका खर्चा सरकार व्यय करेगी। आरबीएसके टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालयों/ आंगनवाड़ी केन्द्रों का समय से भ्रमण भी किया जाये। 6500 लक्ष्य के सापेक्ष 1955 कन्या सुमंगला के फार्म भरे गये है। इसमें और गति लाकर अधिक से अधिक फार्म भरे। आईजीआरएस स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। कोई भी शिकायत डिफाल्टर नही होना चाहिए। पूरे जनपद में पोषण वितरण का प्रोसेस एक होना चाहिए। कोई भी माह पोषाहार वितरण में स्किप न हो। 8 ब्लाकों के सापेक्ष 3 युनिट संचालित है। युनिट बढ़ाये जाने हेतु पत्राचार किया जाये। सभी युनिट संचालित होना चाहिए।

## आटो की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक सवार पति पत्नी को आटो ने तेज गति से टक्कर मार दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सदरपुर निवासी मदनपाल पुत्र स्वर्गीय श्री राम वर्मा ने बताया कि उसका पुत्र संकल्प कुमार अपनी पत्नी माधुरी देवी के साथ 23 नवंबर 2024 की शाम 6.30 बजे बाइक से आ रहा था। तभी संयोगिता मार्ग पर आटो के चालक शिवम यादव ने तेज गति से चलाते हुए ग्राम नौरंगपुर के पास टक्कर मार दी। इससे उसका पुत्र व पुत्रवधू गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पिता ने घायल पुत्र व पुत्रवधू को मेडिकल कालेज तिर्वा व कानपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। कानपुर में दोनों का उपचार चल रहा है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अधिवक्ता आज रहे हड़ताल पर नहीं हुआ न्यायिक कार्य



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में अधिवक्ता सचिन शाक्या के खिलाफ अभियोग दर्ज करने के विरोध में प्रशासन के खिलाफ आज हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन की सभागार में आम सभा की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद सिंह बैठक में अधिवक्ता सचिन शाक्या के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा संगीन धाराओं में अभियोग दर्ज करने के खिलाफ अधिवक्ताओं ने आंदोलन करने का दरिया से संबंधित सभी न्यायालय को पत्र द्वारा सूचित किया गया 15 तारीख को आंदोलन की अगली रणनीति पर विचार किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चला वाहन चेकिंग अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी

चार पहिया वाहन चालक सीट वेल्ट और दुपहिया वाहन सदैव हेलमेट लगाकर हो घर से निकले और यातायात नियमों का पालन करें। यह बात यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने कही। सोमवार को शहर में पाल चौराहे पर यातायात प्रभारी ने पीटीओ सुनीता सैनी के साथ विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें कई वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पाए गए। चेकिंग के दौरान एक वाहन को सीज किया गया। वहीं कई वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। लोडर, पिकअप, और ट्रैक्टर-ट्रॉली में सावरी न ले जाने के लिए वाहन चालकों को जागरुक भी किया गया। वहीं एक लोडर पर सवारियां बैठाने पर यातायात प्रभारी ने लोडर का चालान किया गया। एक पिकअप चालक गाड़ी की नंबर प्लेट को अंदर रखे हुए था। आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं लगाई गई थी। जिस पर वैधानिक कार्रवाई की गई। कई ऑटो टेंपो पर ओवरलोड पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए। पीटीओ और यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों एवं सवारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। यातायात प्रभारी ने बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह में पीटीओ एवं एआरटीओ के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# शक्तिपीठ में समरसता खिचड़ी भोज का आयोजन आज

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अबकी बार पुनः 14 जनवरी को भगवान भास्कर मकर राशि में दिन में 2:58 पर प्रवेश करेंगे और इसी के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा। जानकारी देते हुए शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि यदि भगवान सूर्य नारायण मकर राशि में दिन में प्रवेश करते हैं तो उसी दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है यदि सूर्यास्त के बाद या रात में मकर राशि में प्रवेश सूर्य नारायण करें दूसरे दिन मकर संक्रांति का पर्व पुण्य प्रदान करने वाला होता है। इसलिए मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी मंगलवार को ही मनाया जाएगा। आज के दिन सर्वत्र गंगा नदी और अन्य पवित्र नदी तीर्थ सरोवर में स्नान किया जाता है साधु संत ब्राह्मणों को ऊनी वस्त्र कंबल पादुका धार्मिक पुस्तक विशेष कर पंचांग का दान पुण्य प्रदान करने वाला माना जाता है इस पर्व को पूरे देश में अपने अपने स्थानीय एवं परंपरा के अनुसार मनाया जाता है दक्षिण भारत में पोंगल के रूप से मनाया जाता है इस वर्ष तो प्रयागराज में महाकुंभ पौष मास के पूर्णिमा से ही प्रारंभ हो गया है पहला स्नान शाही स्नान के रूप में पूर्णिमा को हो चुका है। नगर के सभी श्रद्धालु भक्तजनों से शक्तिपीठ गमादेवी के पुजारी ने आधिकाधिक संख्या में समरसता खिचड़ी प्रसाद पाने के लिए प्रातः 11:00 से नगर के शक्तिपीठ गमा देवी में अपील की है।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दस लोग घायल



इमरजेंसी वार्ड में घायलों का हालचाल लेते प्राचार्य डॉ.सीपी पाल

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

ठठिया थाना क्षेत्र के करौंदा शाहनगर गांव से मुण्डन संस्कार के लिए एक ट्रैक्टर ट्राली में सवार लोग मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर आ रहे थे। कड़ेरा पुलिया के निकट अचानक टैक्टर ट्राली असंतुलित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां इमरजेंसी वार्ड में उनका उपचार चल रहा है।

▸ घायलों का मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार

करौंदा शाहनगर गांव निवासी आशीष कुमार की पुत्री का मुण्डन संस्कार होना था। जिसके लिए गांव से एक टैक्टर में सवार होकर करीब 40 लोग तिर्वा मां अन्नपूर्णा मंदिर आ रहे थे। सोमवार की दोपहर कड़ेरा पुलिया के निकट अचानक टैक्टर ट्राली पलट गई। जिससे उसमें सवार ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गया। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

सूचना पर ठठिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हादसे में घायल शालिनी (16), गुड़िया (43), निशा (13), लक्ष्मी (17), तपेस्वरी (50), रिती (19), नेहा(25), पूनम (18), दीप्ति(23) व रूचि (18) को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां सभी का उपचार चल रहा है।

## खबरें एक नजर में

### कोतवाली में दी बच्ची जलकर मरने की सूचना

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस क्षेत्राधिकार ने प्रेस वार्ता में बताया कि रामपुर खोजीपुर में एक बच्ची जलकर मर गई जिसकी सूचना पिता द्वारा कोतवाली में दी गई पुलिस क्षेत्राधिकार ओंकार नाथ शर्मा प्रेसवार्ता में बताया कि खोजीपुर रामपुरा निवासी सुरजीत पाल थाने पर आए और सूचना दी कि मेरी पुत्री निकिता उम्र 11 माह मां दूध देने के लिए गई थी पति खेत पर काम कर रहा था तभी तपने के लिए राखी आग से आग लग गई और निकिता जलकर मर गई घटना की सूचना पाते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में पाया कि तापने वाली आंग से ही जलकर बच्ची मर गई।

### अवैध तमंचा कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अवैध तमंचा और कारतूस के साथ पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सदर कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने एक अदद देशी अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त ऋषि यादव पुत्र रामबाबू निवासी मोहल्ला गदनपुर बड्डू को रिया मेटरनिटी हास्पिटल मकरन्दनगर से गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली कन्नौज पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### युवकों को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में पानी लगाने के विवाद व रंजिश को लेकर अलग-अलग स्थानों पर गाली गलौज के बाद मारपीट हुई। इसमें दो युवक घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निकोबनपुरवा निवासी जयवेंद्र पुत्र नरवीर सिंह ने बताया कि 10 जनवरी की शाम 6.30 बजे गांव के रघुवीर, संजू, छोटू, मुन्नी देवी ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इसी प्रकार ग्राम रौरा निवासी शिवम दुबे पुत्र राम बहादुर दुबे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते रविवार की शाम लगभग 07 बजे गांव के ही अन्नू, मिंटू, मुन्नू सिंह ठाकुर, छाया पत्नी धर्मपाल उसके दरवाजे पर लाठी डंडा लेकर आए और उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परिवार के लोगों ने महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर बैठी महिला से परिवार के ही लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मोहनपुर रतनपुर निवासिनी मंजू देवी पत्नी विजय सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की शाम करीब 04 बजे जब वह अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी परिवार के ही चार लोग उसके दरवाजे पर आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पैसे न देने पर युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शराब के लिए पैसे न देने पर मोहल्ले के ही युवक ने पीड़ित के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मझपुर्वा निवासी अशोक पुत्र प्रीतम सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहां है कि सोमवार की जानकारी 07 बजे मोहल्ले के एक युवक ने शराब के लिए पैसे मांगे। पैसे न देने पर गली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रचार-प्रसार कर महाकुंभ में शामिल होने के लिए किया प्रेरित



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

संगम नगरी प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होने के लिए वाहन से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट परिसर से महाकुंभ-2025 जागरुकता अभियान के तहत वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 की भव्यता और दिव्यता को जन- जन तक पहुंचाने के लिए पर्यटन विभाग की यह एक अच्छी पहल है। यह गाड़ी मेंहदीघाट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, फूलमती मंदिर, गौरीशंकर मन्दिर सहित तहसीलो एवं मुख्य स्थलों पर अलग-अलग तिथियों में जाकर लोगों को महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के साथ- साथ सनातन परंपराओं की महत्ताओं को भी उजागर करेगी। इस दौरान जिला पर्यटन अधिकारी मो. मकबूल सहित आदि रहे।

# भागवत कथा में श्रोताओं की उमड़ी भीड़



भागवत कथा में ईश्वर का गुणगान करती रश्मि यादव एवं श्रोतागण

▸ ईश्वर की अनुकंपा से बनते बिगड़े काम रश्मी यादव


**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के ग्राम लखइयामऊ में चल रही भागवत कथा में भरथना इटावा से आई सरस कथा वाचक रश्मी यादव शास्त्री ने भागवत कथा में श्रोताओं को भक्ति भाव से उत्प्रोत कर दिया इस दौरान उन्होंने कहा कि ईश्वर की अनुकंपा के बगैर कोई भी कार्य सफल नहीं होता सोमवार को आयोजित कथा भागवत में सरस कथा वाचक रश्मि यादव ने कहा कि ईश्वर कण-कण में विराजमान है ईश्वर की इच्छा के बगैर पत्ता भी नहीं हिलता है हमें कभी घमंड नहीं करना चाहिए क्योंकि ईश्वर घमंडी व्यक्ति को कभी पसंद नहीं करता है ईश्वर की आराधना से ही इस मृत्यु लोक में मोक्ष संभव हो सकती है इस अवसर पर विनय यादव प्रधान, शरद यादव, गुरुदेव यादव, सत्येंद्र सिंह, जय सिंह यादव, राजपाल, प्रांशु पाठक, यश पाठक भदोरिया, वडंकू यादव, राजपाल यादव, नवनीत यादव, रामू यादव, विनय यादव, रवि कुमार पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह योजना में आए आवेदनों का ब्लाकवार करें सत्यापन

▸ जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि छात्रवृत्ति अनुमोदन कराते समय डुप्लीकेशी पर विशेष ध्यान दे। संबंधित विभाग स्कूलों का चिन्हांकन करने के उपरान्त ही छात्रवृत्ति का वितरण किया जाये। बच्चें स्कूलों में शत- प्रतिशत आने चाहिए। किसी भी दशा में फर्जी स्कूलों का चिन्हांकन नही होना चाहिए।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जो आवेदन प्राप्त हुये है उन्हें ब्लाकवार सत्यापन कराएं। गांव, देहात, नगर, कस्बा आदि के जो भी वृद्धजनों द्वारा संबंधित उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं प्रधानों को प्रत्यावेदन मिले उसका डाटा पूर्ण रूप से तैयार किया जाये। उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली का पूर्णतः पालन करते हुये वृद्धजनों की समस्याओं का निस्तारण समय से करें।

ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत उच्च क्वालिटी की प्रशिक्षण देकर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जोड़ा जाये और जो पूर्व में छात्र प्रशिक्षित हो चुके है। उन्हें भी इस योजना का लाभ दिया जाये। क्षेत्र में भ्रमण कर जो मानसिक मंदित लोग इधर- उधर घूम रहे है। उन्हे मानसिक मंदित आश्रय ग्रह सह प्रशिक्षण केन्द्र में रखा जाये। इनके साथ कोई भी अपराध न होने पाएं। समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालयों में दिव्यांग बच्चों को अच्छे से शिक्षण दिया जाये। शिक्षित दिव्यांग बच्चों के लिये रोजगार की अनेक संभावनायें है। दिव्यांग बच्चो को भी अभ्युदय योजना से जोड़कर शिक्षा दें।

# पुरानी तहसील के पीछे मिला अज्ञात युवक का शव

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में पुरानी तहसील के निकट से सोमवार की सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव की शिनाख्त न हो पाने पर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। शव की शिनाख्त के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस का अनुमान है कि अत्यधिक शराब पीने की बजह से सम्भवतया उसकी मौत हो गई। कस्बे के मोहल्ला बौद्धनगर में स्थित पुरानी तहसील के पीछे जब कुछ नागरिक सुबह टहलने के लिए उधर से गुजरे, तो उन्होने एक 26 बर्षीय युवक का शव जमीन में पड़ा देखा। इसपर तिर्वा पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस

▸ पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मर्चरी में रखवाया

मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया, पर पता नहीं लगा। इसपर पुलिस ने उसकी जेब की तलाशी ली, तो तलाशी में शराब का एक पाउच उसकी जाकेट से जेब से मिला। कोतवाली पुलिस ने उसके शव को मेडिकल कॉलेज की मर्चरी में रखवा दिया है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के सभी थानों को सूचना दे दी गई है। शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जाएगा।

# तंबाकू का सेवन न करने के लिए किया जागरूक



छात्रा को प्रमाण पत्र देते सुबोध चतुर्वेदी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तंबाकू प्रकोष्ठ के द्वारा विद्यालय में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कलाकृतियां बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और लोगों को तंबाकू का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया। विजेता छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। सोमवार को महर्षि निशंक इंटर कालेज नवादा में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा छात्रा मंजू वर्मा ने प्रथम, अर्चिता ने द्वितीय व अर्तिका द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा का आयोजन डा. भानु तिवारी व डा. सौम्या गंगवार, अर्चना कुमारी की देखरेख में किया गया। प्रधानाचार्य सुबोध चतुर्वेदी ने छात्र व छात्राओं को तंबाकू का प्रयोग न करने व इससे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इसके बाद विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिक्षक रंजीत कुमार वर्मा व धर्मपाल मौजूद रहे।

**दुकानदार पर झुमकी वापस न करने का आरोप**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक ने पत्नी की झुमकी सरार्फकी दुकान पर गिरवी रख दी और बीमारी का इलाज कराया। कुछ दिनों बाद जब उसके पास पैसा आ गया तो उसने दुकानदार को पैसा दे दिया और अपनी झुमकी वापस मांगी। पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी दुकानदार झुमकी देने के लिए बहाने बाजी कर रहा है। इसके बाद पीड़ित ने दुकानदार के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मलिकपुर निवासी मो. गुलजार पुत्र मो. हाशिम ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 12 दिसंबर 2019 को उसने अपनी झुमकी दारासराय समधन निवासी युवक जिसकी ग्राम मलिकपुर में एक सराफे की दुकान है। उसी के पास गिरवी रखी थी। कुछ दिनों बाद उसने पूरा पैसा दुकानदार को वापस कर अपनी झुमकी मांगी। लेकिन दुकानदार 05 वर्षों से झुमकी नहीं दे रहा है और बहाने बाजी कर रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कोर्ट के आदेश पर दो के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

घर में सो रही विधवा महिला से गांव के ही दो लोगों ने छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी देकर फरार हो गए।

पीड़िता ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम निवासी विधवा महिला ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह 06 फरवरी 2023 की रात अपने घर में सो रही थी। तभी रात लगभग 12

▸ कोतवाली पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई

बजे गांव के रामनिवास, पप्पू उसके घर में घुस आए और छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने उसे जबरन पकड़ लिया और बारी-बारी से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। चीखने चिल्लाने पर आरोपित फरार हो गए। कोतवाली पुलिस से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट मिल रहा पेट्रोल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल डलवाते बाइक सवार।

यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराए जाने सहित बाइक सवारों की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी नो हेलमेट, नो फ्यूल के आदेश का कोई खासा असर होता नहीं दिखा। पेट्रोल पंपों पर बाइक सवार बिना हेलमेट के पेट्रोल लेते नजर आए। जबकि पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मी भी इसको लेकर संजीदा नहीं रहे। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बीते रविवार से पेट्रोल पंप संचालकों को बिना हेलमेट के बाइक सवारों को पेट्रोल न दिए जाने के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद भी सोमवार को यह आदेश उस समय बेअसर साबित होते नजर आये जब पेट्रोल पंप पर बाइक सवार बिना हेलमेट के पेट्रोल लेते नजर आए। इसके लिए पेट्रोल पंप पर बैनर और होर्डिंग लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए थे। इसका भी पालन होता नजर नहीं आया। पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी लगे होने के बावजूद भी वाहन सवार आदेश और सजकता के प्रति जिम्मेदार नहीं है। जबकि अभियान का पालन कराए जाने के लिए एसपी विनोद कुमार ने भी पुलिस प्रशासन को पेट्रोल पंपों पर तैनात रहने के निर्देश दिए थे। इसके लिए कोई जिम्मेदार पुलिस कर्मी पेट्रोल पंप पर नजर नहीं आया और खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ती नजर आई।





# हवन यज्ञ व दीपदान के बीच मेला श्री रामनगरिया का शुभारंभ

- काशी के विद्वान आचार्यों ने कराया हवन पूजन, जनप्रतिनिधियों ने काटा फीता
- पांचाल घाट पर 21 हजार दीप जलने से साकार हो उठा दीपावली का पर्व
- हर हर महादेव के उद्घोष के साथ हुआ मेले का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपरा काशी के नाम से विख्यात नगरी फर्रुखाबाद के गंगा तट पांचाल घाट पर मिनी कुंभ कहे जाने वाले मेला श्री रामनगरिया का धार्मिक धारा के बीच हवन यज्ञ, हर-हर महादेव के उद्घोष, दीपदान और गंगा आरती के बीच भव्य शुभारंभ काशी विश्वनाथ के आचार्य लक्ष्मी नारायण, दीपक तिवारी, आचार्य श्याम, शुभम मिश्रा, गोविंद तिवारी, पंडित गुरु कृष्णा, आचार्य प्रदीप नरायन शुक्ला के द्वारा आरती को कर किया गया। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व सांसद मुकेश राजपूत व जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रुप से फीता काटा। इस दौरान गंगा तट पर 21000 हजार दीप जलाये गये। जो विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इन दीपों के जरिये अपरा काशी गंगा आरती गंगा तट पर लिखा गया था। अधिकरियों व जनप्रतिनिधियों ने शाम के झुटपुटे अंधेरे और कोहरे के बीच गंगा की बीच धार में मोटर वोट के माध्यम से पहुंचकर दीपदान किया। दीपदान होते ही गंगा तट से हर-हर महादेव, हर-हर गंगे के उद्घोष गूंजने लगे। इस दौरान गंगा आरती का मनोरम दृश्य देखते ही बना। इससे पूर्व मेला प्रांगण में शाम होते-होते रौनक बढ़ती गयी। सुबह से ही गंगा तट पर भीड़ बनी रही। सोमवार को पूर्णिमा के दिन तक गंगा तट पर तंबुओं का शहर सज चुका है। हजारों की तादात में कल्पवासी डेरा जमा चुके हैं। पूरे मेला क्षेत्र की ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। मेले के उद्घाटन के लिए लोहिया सेतु के पूरब की ओर सरकारी पांडाल लगाया गया। इसी में हवन यज्ञ हुआ। जिसमें मुख्य यजमान के रुप मे जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा सांसद मुकेश राजपूत, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पुलिस अधीक्षक डॉ. आलोक प्रियदर्शी, क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय, मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित के अलावा सैकड़ों की तादात में लोग मौजूद रहे। आचार्य लक्ष्मी नारायण व दीपक तिवारी, आचार्य श्याम, शुभम मिश्रा, गोविंद तिवारी, पंडित गुरु कृष्णा ने हवन यज्ञ कराया। स्वस्ति वाचन, वेद मंत्रोच्च्वारण के बीच सभी ने हवन में आहूतियां दीं। गंगा तट पर शुरु हुआ यह मेला पूरे एक महीने तक चलेगा।



हवन यज्ञ में भाग लेते सांसद व जनप्रतिनधि व अधिकारी आदि



महाआरती करते आचार्यगण

# तालाब में डूबकर छात्र की हुई मौत

- पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

छात्र की तालाब में डूबकर मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव निबिया निवासी युवक अभिषेक पुत्र तेजपाल घर में बिना कुछ बताए हुए चला गया। ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, परन्तु युवक का कोई भी पता नहीं लगा। रात्रि लगभग 8.00 बजे के करीब युवक का शव तालाब में दिखाई दिया। जिसको लेकर परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस के द्वारा युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है की मृतक युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा था तथा इंटरमीडिएट का छात्र था। हालांकि ग्रामीणों के अनुसार युवक शराब पीने का भी आदी था।



तालाब के किनारे मौजूद परिजन व ग्रामीण



# उद्घाटन कार्ड में नाम न देख संत समाज में रोष, किया पूजन का बहिष्कार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री मेला रामनगरिया पांचाल घाट पर लगने वाले मेले में तीन समिति भी हैं। जिनके अध्यक्ष भी हैं और आज जो मेला नागरिया का उद्घाटन होने जा रहा है।

उस उद्घाटन कार्ड में केवल अधिकारियों के नाम है और उनके ही फोटो दिए गए हैं। इसलिए श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा से निर्णय लिया गया कि मेला उद्घाटन के पूजन का बहिष्कार कर रहे हैं एवं अन्य दोनों समितियां के भी संत पूजन में नहीं पहुंचेंगे। संत समिति के अध्यक्ष महाराज सत्यगिरी महाराज ने कहा कि यह संतों का अपमान है। जो उनका नाम कार्ड में डलवाया गया है, जबकि संत समाज पूज्यनीय समाज है। ऐसे में यदि संतों का ही नाम कार्ड से हटा दिया जायेगा, तो मेला उद्घाटन के अवसर पर पूजा अर्चना कौन करायेगा। यह प्रशासन को सोचना चाहिए। फिलहाल संतों के इस फैसले से एसडीएम सदर रजनीकांत, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय आदि को भी अवगत करा दिया गया है।



मौके पर मौजूद संत व अधिकारीगण

# अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार साथी सहित घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- दुर्घटना के बाद कार चालक कार सहित मौके से हुआ फरार

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम परमनगर मजरा गंगलऊ थाना नवाबगंज के निकट कायमगंज से फर्रुखाबाद कमालगंज जाते समय सामने से आ रही एक कार के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार साथी सहित गिरकर घायल हो गया। बताते हैं दुर्घटना में बाइक सवार का पैर टूट गया, जबकि साथी नसीम बाल-बाल बच गया। बताते हैं एटा जनपद के थाना अलीगंज के गांव मोहम्मद नगर बझेरा निवासी अजहरुद्दीन साथी नसीम के साथ कमालगंज जा रहा था। दोपहर के वक्त गुजरते समय अचानक एक कार के चालक ने लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं दुर्घटना की सूचना पर तमाम लोगों को भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 नंबर कार में सवार पुलिस कर्मियों ने सूचना विभागीय अधिकारियों को दी। बताते हैं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरौन में भर्ती कराया गया। जहां से एंबुलेंस चालक विवेक कुमार, सह चालक प्रमोद कुमार मौर्य द्वारा लोहिया अस्पताल ले जाया गया।

# चायनीज मांझा को लेकर पुलिस अधिकारियों ने दुकानों पर की छापेमारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिबंधित चाइनीज मांझा को लेकर सीओ ने पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की और चायनीज मांझा न बेचने की चेतावनी दी।

नगर में सोमवार को चाइनीज मांझे को लेकर थाना अध्यक्ष के साथ क्षेत्राधिकारी मय पुलिसकर्मियों के साथ नगर की पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की और चायनीज मांझा ना बेचने की चेतावनी दी। छापेमारी में किसी भी दुकान पर चायनीज मांझा बरामद नहीं हुआ। वहीं नगर के पतंग दुकानदारो में हड़कंप मच गया। नाम न छापने की शर्त पर नगर की कुछ लोगों ने बताया की कमालगंज नगर में कई दुकानदार चोरी चुपके चाइनीज मांझा बेचते हैं। वहीं नगर के निवासियों में चीनी मांझा को लेकर भय व्याप्त है कि उनके बच्चे छत पर धूप में जाते हैं। कहीं चाइनीज मांझा से कोई हादसा ना हो जाए। अभी जनपद शाहजहांपुर में एक पुलिसकर्मी के साथ चाइनीज मांझा से ही हादसा हो गया था।

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। जो कि कई दिन अखबारों की सुर्खियां एवं सोशल मीडिया पर चला रहा था।



पतंग की दुकान पर छापेमारी करती पुलिस

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा पलटने से वृद्ध समेत दो घायल



सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ई-रिक्शा पलटने से साइकिल सवार वृद्धा समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कादरदादपुर सराय निवासी रकीदन उम्र 60 वर्षीय पत्नी कैसर अली गॉव के अवनीश के ई-रिक्शे में बैठकर कायमगंज आ रही थी। गाँव से निकलते ही वहाँ से गुजर रहे साईकिल सवार आयुष उम्र 11 वर्षीय पुत्र वीरेन्द्र राजपूत के ऊपर अनियन्त्रित होकर ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें दबकर साईकिल सवार सहित रकीदन को आसपास के गाँव वालों ने दोनों को ई-रिक्शे से बाहर निकाला और दोनों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर आयुष को फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### भाविप पांचाल शाखा द्वारा खिचड़ी भोज आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति पर भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा गोरक्षणी सभा माधोपुर गौशाला में खिचड़ी भोज का आयोजन होगा। जिसमें कथा वाचक आचार्य संतोष व जेलर गिरीश कुमार व शहर कोतवाल राजीव पाण्डेय मौजूद रहेंगे। यह जानकारी कन्हैया लाल जैन ने दी है।

### खिचड़ी भोज कादरीगेट पर आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का आयोजन 14 जनवरी मंगलवार को कादरीगेट पर सम्पन्न होगा। जानकारी देते हुए करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने बताया कि बंटी पार्किंग में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

### अंडा विक्रेता को दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव प्रेमनगर निवासी धर्मेन्द्र कोरी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह मछली मन्डी में ठेली लगाकर उबले अन्डे बेचने का काम करता है। आज गाँव का चरन सिंह पुत्र जयवीर हमारे ठेले पर आकर उधार अन्डे मांगने लगा। जब मैंने उधार अन्डे देने से मना कर दिया। उसी खुन्नस में घर पहुँचते ही हम अन्डे का ठेला बढ़ा रहे थे, तभी चरन सिंह, राजू, राकेश एक राय होकर आये और आते ही हमारे साथ गाली-गलौज कर मारने पीटने लगे। हमें पिटता देख मेरे पिता मोर सिंह बीच बचाव के लिए आये तो उक्त लोगों ने लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर पिता मोर सिंह पुत्र धर्मेन्द्र का मेडीकल परीक्षण करवाया।

### परिजनों ने महिला को पीटा



जानकारी देती पीड़िता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव शिवरई बरियार निवासी मानवती उम्र 32 वर्षीय पत्नी ब्रह्मस्वरुप ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने अपनी सास उर्मिला देवी से हल्दी कूटने के लिए खल्लड़ ले रहे थे, तभी वहाँ पर मौजूद हमारा देवर चन्दन सिंह, देवरानी सोनी ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारापीटा। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर उर्मिला का मेडीकल परीक्षण करवाया।

### घरेलू कलह में महिला ने पिया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाॅव हरिहरपुर निवासी अंचल उम्र 30 वर्षीय पत्नी जीतू ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमारक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# कृषि नीति मसौदे को लेकर किसानों ने दिया धरना, जलाई प्रतियां

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

भाकियू ब्लाक अध्यक्ष ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर तहसील में कृषि नीति मसौदे की प्रतियां जलाकर विरोध जताया।

**जानकारी के अनुसार** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील परिसर में कृषि नीति मसौदे को लेकर धरना प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए कृषि नीति मसौदे की प्रतियां जलाईं। किसान नेताओं ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार के द्वारा जो कानून बनाए गए थे वह किसान के हित में नहीं हैं। किसानों को मंडियों में फसलों के रेट नहीं मिल पा रहे हैं। किसान परेशान हैं। बीज महंगा है। आढ़ती फसलों को मनमाने ढंग से खरीद रहे हैं। जिसके कारण समस्याएं किसानों की बरकरार हैं। जिसको लेकर आज धरना प्रदर्शन किया गया। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सोमवंशी, युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह, तहसील अध्यक्ष सुशील दीक्षित, रामानंद त्रिवेदी, प्रमोद सिंह, श्रीराम कश्यप, अशोक कुमार, सुरेश, राम सिंह, नाथूलाल, शिवाजी, बहादुर शुक्ला, सुनील कुमार, सुधीर सिंह, मिश्रीलाल, सत्य प्रकाश शर्मा, संतोष समेत दर्जनों किसान कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।



कृषि नीति मसौदे की प्रतियां जलाते किसान नेता

# वन विभाग की जमीन पर खड़े पेड़ों को वन दरोगा ने बेंचा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- खड़े वृक्षों को शमशाबाद के ही एक लकड़ी माफिया के हाथों विक्रय कर दिया गया है

वन विभाग की निकली जमीन पर खड़े पेड़ों को वन दरोगा समीर सेंगर ने पहले पेड़ों को जेसीबी से उखड़वा दिया और बाद में एक दर्जन से अधिक पेड़ों को एक लकड़ी माफिया से सौदा कर दिया। जब इसकी जांच पड़ताल की गई, तो पता चला कि इन पेड़ों का सौदा वन दरोगा समीर सिंह सेंगर ने औने पौने दामों में एक लकड़ी माफिया को कर दिया है। वहीं जब इस संबंध में कायमगंज क्षेत्र के रेंजर राजेश कुमार ने बताया शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदनपुर चैन में कुछ जमीन वन विभाग की पाई गई थी। जिस पर साफ-सफाई का काम कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार उक्त जमीन पर वन संपदा थी। जिस पर खड़े वृक्षों को शमशाबाद के ही एक लकड़ी माफिया के हाथों विक्रय कर दिया गया है।

हालांकि इस प्रकरण में रेंजर ने जानकारी से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया है कि विभाग की जमीन निकली है। जिसका साफ-सफाई का काम जारी है।

# गृहकलह में महिला ने पहले आग बाद में फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

- हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले आये

कोतवाली क्षेत्र के गाँव पितौरा निवासी कोमल उम्र 30 वर्षीय पत्नी मुकेश कुमार ने बताया की गॉव की रिश्तेदार सुशीला ने उसका विवाह 6 महीने पूर्व सम्मेलन से करवाया था। विवाह होने के बाद पति पत्नी दोनों लोग अपने घर पहुँचे।

जहाँ शिवानी के ससुर पप्पू, सास सावित्री बहू से आये दिन झगड़ा करने लगे और कहा कि यह अपने मयके से क्या लेकर आई है। लगभग चार दिन पूर्व शिवानी ने अपने मायके में पिता ज्ञान प्रकाश निवासी लाइन गांव याकूतगंज थाना कमालगंज को फोन कर बताया कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर आये दिन झगड़ते हैं। इसी बात पर शिवानी के पिता ने बेड, अलमारी, फ्रिज, कूलर, बर्तन सहित आदि ग्रहस्थी का सामान दे दिया। दहेज लेकर शिवानी अपनी ससुराल गई। सास, ससुर ने शिवानी वं उसके पति मुकेश को घर में नहीं घुसने दिया, तभी शिवानी अपने पति को साथ लेकर गाँव में रिश्तेदार (सड़वाइन) के घर पर जाकर रहने लगी। सास, ससुर दोनों लोगों ने आते ही सड़वाइन को गाली देते हुए बोले तूने इन दोनो को क्यों अपने घर में पनाह दी है। इन्हें घर से निकाल दे। इसी बात को लेकर गुस्साई शिवानी ने कमरा बन्द करके आग लगाने का प्रयास किया। किसी तरह पति ने बचा लिया। उसके बाद शिवानी ने कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# विद्युत पोल में लगे स्टे में उतरे करंट से युवक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत पोल में लगे स्टे में उतरे करंट से युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम हब्बापुर निवासी कमलेश कुमार कोरी का 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सुबह करीब 7 बजे झाड़ू लगा रहा था, तभी पास में विद्युत पोल के सपोर्ट के लिए लगे स्टे में उसका हाथ छू गया। जिसमें करंट आ रहा था। करंट लगने से युवक की हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन युवक को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूर्व प्रधान बृजेश कुमार ने पोस्टमार्टम हाउस में सोमवार दोपहर बताया कि रविवार से विद्युत विभाग की तरफसे गांव में बंच केबिल डाली जा रही है। बंच केबिल का एक तार विद्युत पोल में छू रहा है। जिसके कारण उसमें करंट आ रहा है। सुबह झाड़ू लगाते समय विकास को करंट लग गया।

जिसके बाद उसे परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उससे छोटी उसकी बहन कृषकली उम्र 16 वर्ष, भाई अंशु उम्र 12 वर्ष और छोटी बहन गुंजन 10 वर्ष हैं। मां राजकुमारी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# सड़क निर्माण व मजदूरी भुगतान में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

सड़क निर्माण व मजदूरी भुगतान में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया।

ग्राम मोहनपुर दीनारपुर के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण और मजदूरी भुगतान में हो रही अनियमितताओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। सुरेंद्र के घर से मुन्नी शाह के घर तक की सड़क की खस्ताहालत और बकाया मजदूरी को लेकर ग्रामवासियों में भारी आक्रोश है। सोमवार को गांव के सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए और धरना देकर अपनी नाराजगी जाहिर की। ग्रामवासियों का कहना है कि सड़क खराब होने के कारण उन्हें प्रतिदिन आवागमन में परेशानी हो रही है, शिकायत के बावजूद ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी व खंड विकास अधिकारी ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। इसके अलावा सड़क मरम्मत कार्य के लिए 12 मजदूरों ने 4 दिन तक काम किया था, लेकिन उनकी कुल 19,200 की मजदूरी का भुगतान आज तक नहीं किया गया। साथ ही मिट्टी डलवाने के लिए तय किए गए 50 हजार रुपये का भुगतान भी लंबित है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने समस्या सुलझाने का आश्वासन तो दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो वह ब्लॉक कमालगंज कार्यालय जाकर शिकायत प्रार्थना पत्र सौंपेंगे। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। ग्रामवासियों की मांग है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और बकाया मजदूरी एवं अन्य भुगतान तुरंत कराया जाए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता से शुरू करने की भी अपील की, प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण

## धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी का पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। खुले स्थान पर आग जलाकर लोक गीत गाये गये। जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर में पंजाबी समुदाय के लोगों ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया। दर्जनों की संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर आग जलायी और लोक गीत गाकर परम्परागत रुप से लोहड़ी का पर्व मनाया। सभी लोगों ने अग्नि की परिक्रमा की तथा रेवड़ी व मक्की के भुने दाने अग्नि को भेंट कर प्रसाद के रुप में वितरित किये। रामबाग निवासी सरदार हरमन सिंह ने बताया कि हम लोगों का यह प्रमुख त्योहार है। हम लोग इसे काफी धूमधाम से मनाते हैं। इस मौके पर सरदार गुरवीर सिंह, सरदारनी पिंकी सिंह, एकम सिंह, ईयान सिंह, गीतिका आदि लोग मौजूद रहे। बताते चलें कि लोहड़ी का त्यौहार पंजाबियों तथा हरयानी लोगों का प्रमुख त्यौहार माना जाता है। यह लोहड़ी का त्यौहार पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू काश्मीर और हिमांचल में धूमधाम तथा हर्षोलाससे मनाया जाता हैं। यह त्यौहार मकर संक्राति से एक दिन पहले 13 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता हैं।



लोहड़ी का पर्व मनाते सरदार हरमन सिंह व उनके परिवारीजन

# नई कृषि विपणन नीति मंजूर नहीं: अजय कटियार


सदर तहसील में प्रदर्शन करते भाकियू नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के तत्वाधान में सोमवार को तीनों तहसीलों में नई कृषि विपणन नीति की के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। तहसील सदर के अंतर्गत बुंदेलखंड कानपुर जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने तहसील सदर पहुंचकर नारेबाजी करते हुए नई कृषि विपणन नीति के मसौदा की प्रतियां जलाई और जमकर नारेबाजी की। प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि जब से ये सरकार बनी है, तभी से किसानों के साथ धोखा कर रही है। किसानों को ठगने का कार्य कर रही है, हमें यह नई कृषि विपणन नीति नामंजूर है, जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि नई कृषि विपणन नीति तीन कृषि कानून का ही हिस्सा केवल और केवल नाम बदलने का ही काम किया गया है जो तीन कृषि कानून भारतीय किसान यूनियन टिकैत के विरोध प्रदर्शन के बाद लागू नहीं किए गए हैं। उपरोक्त कृषि विपणन नीति पूर्णतया उन्हें तीन कृषि कानून का हिस्सा है, केंद्र सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। किसानों को बड़े-बड़े उद्योगपतियों पर आश्रित करना चाहती है, भारतीय किसान यूनियन टिकैत केंद्र सरकार के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सातनपुर आलू मंडी में किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, व्यापारी एवं आढ़ती किसानों का मिलकर शोषण कर रहे हैं। 50 किलो के पैकेट पर 47 किलो के हिसाब का पर्चा किसानों को दिया जा रहा है। आलू का भाव भी किसानों से छुपाकर अंगोछे के अंदर किया जा रहा है जिसका विरोध भाकियू टिकैत लगातार करती रहेगी। निश्चित रूप से आलू मंडी सातनपुर में बदलाव होगा। किसानों को 50 किलो के पैकेट पर 50 किलो का भुगतान एवं आलू का भाव खुले रूप में दिलाने का कार्य भाकियू टिकैत करती रहेगी। इस अवसर पर विजय शाक्य, मुकेश शर्मा, संजय यादव, शिवराम सिंह शाक्य, रजनी तिवारी, बिजेंद्र सिंह, सोनू, राहुल, अजीत सोमवंशी आदि किसान उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपा है भारत का विकास: मिथलेश अग्रवाल


प्रतियोगिता में मौजूद विजेता खिलाड़ी व अतिथि

**दौड़ में करन प्रथम तो वहीं अतुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंझना के खेल मैदान में किया गया। दौड़ में करन प्रथम तो वहीं अतुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में हसनापुर की टीम ने रोशनाबाद की टीम को पराजित किया। बैडमिंटन में आंशी पटेल ने बाजी मारी। कबड्डी में सोनम की टीम तो वहीं कुश्ती में सुमित कुमार ने दमदारी दिखाई। मुख्य अतिथि मिथलेश अग्रवाल ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के युवा शहरी युवाओं से कई ज्यादा बेहतर है और आगे बढ़ रहे है और उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाया। सरनाम सिंह एजुकेशन सेंटर के चेयरमैन सत्यवीर सिंह गंगवार, सौरभ कुमार, हर्षित अवस्थी, धीरज पाल, अनमोल सूर्यवंशी, डा0 संजीव कुमार, अमन सूर्यवंशी व शिक्षकगण आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नेताओं के साथ पर्यवेक्षक ने बैठक कर की चर्चा


प्रांशु दत्त द्विवेदी के साथ बैठक लेते पर्यवेक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चुनाव के संदर्भ में प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक पूर्व प्रदेश महामंत्री विंध्यवासिनी ने कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक ली।

बैठक में सांसद मुकेश राजपूत, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, सदस्य विधान परिषद प्रांशु दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता व डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, मोनिका यादव एवं सत्यपाल सिंह, दिनेश कटियार, कुलदीप गंगवार, अमर सिंह खटीक के साथ-साथ अलग-अलग बैठकों में अध्यक्ष पद के आये नामों पर चर्चा हुई। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ता भी बाहर डटे रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव के नामांकन के उपरांत बैठक आयोजित हुई। पर्यवेक्षक विंध्यवासिनी ने सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श किया। सभी नामों को प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा। प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ0 महेंद्र नाथ पांडे नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति करेंगे।

## युवा महोत्सव द्वारा विभूतियों का किया गया सम्मान


युवा महोत्सव में सम्मानित होते गिरिजा शंकर व अन्य प्रतिभागी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के सम्मान समारोह में सोमवार को समिति सभागार में जनपद की विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्य क्षेत्रों की विभूतियों का सम्मान किया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पण्डित कालीचरण जीवन उपलब्धि सम्मान-अधिवक्ता ब्रजकिशोर मिश्रा, शिवप्यारी देवी राष्ट्रीय सम्मान-वीरेंद्र कुमार मिश्रा, विद्या देवी गुप्ता साहित्य रत्न सम्मान-समीक्षा अग्निहोत्री, प्रोफेसर एनकेएस राठौर समाज सेवा सम्मान-डॉ अविनाश पांडेय, श्रीचन्द्र मिश्रा उत्तर प्रदेश शिक्षा रत्न सम्मान-गिरजा शंकर, उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा रत्न सम्मान-डॉ अनुपम अवस्थी, यूथ ऑफ द ईयर-हर्ष दुबे, फर्रुखाबाद रत्न सम्मान-अपूर्वा गुप्ता, संजय गर्ग, गुण देवी तुलसी राम सम्मान ब्रह्मानंद, ओम प्रकाश गुप्ता युवा वीरता सम्मान-प्रियांशी राठौर, युवा साहित्यकार-दिलीप कश्यप, स्टार ऑफ फर्रुखाबाद-डॉ. जितेंद्र कटियार के अलावा डॉ. प्रभात गुप्ता, शिवांगी चौहान, हर्ष दुबे, अनुज चौहान, विपिन अवस्थी, अशोक, राजेश निराला, डॉ. सुमित सिंह, सुधांशु दत्त, भप्पू सोनी, मुस्कान, आकाश, देवेन्द्र कुमार, श्यामपाल आदि को मिला। स्टार ऑफ इंडिया यूथ आर्मी-मानसी झा, रिया चौहान, सुरभि गोस्वामी, शिवांगी चौहान, मुस्कान, हर्ष दुबे, आदर्श बेटा सम्मान- कुशाग्र सक्सेना, आदर्श बेटी सम्मान-रिया चौहान एवं सुरभि गोस्वामी, अरूण प्रकाश तिवारी ददुआ आदर्श व्यापारी सम्मान-सदानंद शुक्ला को प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने सभी को सम्मान पत्र प्रतीक चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं से समय के साथ निरंतर चलने का आवाहन किया।

इसके साथ ही उन्होंने समिति के पदाधिकारियों डॉ. कृष्णकांत अक्षर, सच्चिदानन्द मिश्रा, हर्षित मिश्रा, सुनील सक्सेना, अनमोल का सम्मान किया। समिति अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं युवा महोत्सव में आयोजित देश में नई शिक्षा नीति कितनी उपयोगी विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों में हर्ष दुबे, अलीशा प्रथम स्थान, साइमा, चेतन एवं खुशबू द्वितीय स्थान, मुस्कान कुरैशी, निहारिका कश्यप, दिव्या, तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन आकाश मिश्रा ने किया।

## निषाद पार्टी ने मनाया संकल्प दिवस


संकल्प दिवस मनाते निषाद पार्टी के पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

निषाद पार्टी द्वारा 12वां संकल्प दिवस पार्टी कार्यालय बढ़पुर में मनाया गया। जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने पार्टी कार्यालय पर संकल्प दिवस मनाते हुए मिष्ठान वितरित किया और संकल्प लिया कि पार्टी को मजबूत करेंगे और देश को मजबूती प्रदान करने में योगदान देंगे। इस मौके पर जितेन्द्र कनौजिया, संजीव बाथम, ज्ञानेन्द्र कश्यप, पिन्कू, मुनेन्द्र बाथम, कुलदीप, अजीत बाथम आदि लोगों ने विचार व्यक्त किये।

## श्री कृष्ण जन्म व गोवर्धन पूजा कथा के साथ लगाया गया छप्पन भोग


भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप से आशीर्वाद लेती महिला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिवस पर गोवर्धन पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवताचार्य संतोष ने कहा कि श्रीमद् भागवत मानव सभ्यता का अनूठा ग्रंथ है। भगवान कृष्ण का विषम परिस्थितियों के माध्यम से वर्णन किया।

जन्म के दौरान नंद बाबा के यहां उत्सव मंगल गीत, बधाईयां व खुशी मनाई जा रही थी। नंद बाबा यशोदा मईया उपहार दे रहे थे। दूसरी ओर मथुरा का राजा कंस अत्याचारी अपनी प्रजा का शोषण कर रहा था। जिससे त्राही-त्राही मची थी। भगवान कृष्ण का अवतार होता है और बाल लीलायें, मित्रसखा भाव का व पारिवारिक सामाजिक जीवन का सजीव चित्रण मनुहारी लग रहा था। भगवताचार्य ने बताया कि जीवन के साथ-साथ अपने भक्तों को आहार, बिहार, मानव जीवन कर्तव्यों को मनोवैज्ञानिक ढंग से खान-पान परिवार, सामाजिक एवं राष्ट्रीय प्रेम के कर्तव्यों के प्रति धर्म निष्ठा व सेवा भाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन अच्छे कार्यों के लिए बना है उसे सही से अपनाये। महापुरुषों की कथाओं से प्रेरणा लें।

बच्चों को शिक्षित करें। दैवीय गुणों का संस्कार पैदा करें, तभी भारत एक दिन अवश्य विश्व गुरु बनेगा। साथ ही अध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की गई। बाल लीलायें, माखन चोरी आदि की लीला के साथ सामूहिक उत्सव मनाया गया। गीत, संगीत के साथ भजनों पर श्रोता झूम उठे। सभी ने कथा का आनंद लिया। 56 भोग लगाया गया। महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही गोवर्धन पूजा उत्सव भी मनाया गया। बड़ी संख्या में भक्तगणों ने भाग लिया। इस दौरान डॉ. मनोज महरोत्रा, सुरेन्द्र सफ्फड़, जितेन्द्र अग्रवाल, रेनू सिगतिया, पवन अग्रवाल, हर्षित सिगतिया, गिरधर गोपाल आदि लोग मौजूद रहे।

## मण्डलीय सम्मेलन में जनपद के प्रधानाचार्यों ने लिया भाग

**राज्य पुरुस्कृत सुमन त्रिपाठी सहित प्रधानाचार्यों को किया गया सम्मानित**


मण्डलीय सम्मेलन में सम्मानित होते प्रधानाचार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद का मण्डलीय सम्मेलन व शैक्षिक विचार संगोष्ठी का आयोजन दिवियापुर जनपद औरैया में सम्पन्न हुआ। जनपद फर्रुखाबाद से बड़ी संख्या में प्रधानाचार्यों ने मण्डलीय सम्मेलन में भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार अग्निहोत्री, प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी के अलावा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिरीश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा, प्रेमनारायण राजपूत, राकेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पहुंची स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला का पदाधिकारियों ने स्वागत किया। एमएलसी डॉ. मानवेन्द्र सिंह ने भाग लिया। कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। कहा गया कि बिना किसी भेदभाव की राजनीति प्रबुद्ध प्रधानाचार्य परिषद अपनी मूल परम्परा और उद्देश्य के बल पर विश्वास कायम रखा है। मण्डलीय सम्मेलन में अपनी सार्थकता को सिद्ध कर दिया। विभिन्न जनपदों से आये लगभग 400 प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर जनपद फर्रुखाबाद से पहुंचे संरक्षक वीरेन्द्र मिश्रा, रामकिशोर मिश्रा, राकेश गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, डा0 बृजभूषण सिंह, राघवेन्द्र मिश्रा, संतोष कुमार त्रिपाठी, सुमन त्रिपाठी, इंदु मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, डा0 विनीत चौहान आदि ने सम्मेलन में भाग लिया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी को राज्य पुरस्कृत चयनित होने पर व योगेन्द्र सिंह तोमर को राष्ट्रपति पुरस्कृत चयनित होने पर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सामूहिक विवाह समारोह 14 जनवरी को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। श्री मंगला गौरी सेवा समिति के तत्वाधान में पांचवा सामूहिक विवाह समारोह 14 जनवरी को गुड़गांव देवी मंदिर के प्रांगण में धूमधाम से होगा।

समिति के पदाधिकारी कार्यक्रम में सहयोग करेंगे। दोपहर 11 बजे द्वाराचार होगा, दोपहर 2 जे जयमाल और शाम 6 बजे विदाई होगी। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में 17 विवाह होंगे, समिति द्वारा चयनित नवयुगलों का विवाह संस्कार आचार्य शिवनारायण तिवारी संपन्न करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी का डॉ. मिथलेश अग्रवाल मौजूद रहेगी।

## पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी आस्था की डुबकी

**ढाई घाट शमशाबाद में अव्यवस्थाओं का बोलबाला**


गंगा स्नान करते श्रद्धालु

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज़।

ढाई घाट शमशाबाद गंगा तट पर मेला लग रहा है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को पौष पूर्णिमा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की।

पूर्णिमा पर घर-घर पकवान बनाए गए। स्नान पर्व को रंगत प्रदान करने के लिए महिलाओं द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। शहर से लेकर गांव तक ट्रैक्टर ट्रालियों का सहारा लिया गया था। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहे। उसके बावजूद भी कहीं ना कहीं अव्यवस्थाएं देखने को मिली। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रालियों के सहारे गाते बजाते गंगा घाट पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने गंगा मैया की पूजा अर्चना कर स्नान किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य देव को जलार्पित देकर सुख समृद्धि की कामना की। गंगा मैया की पूजा अर्चना की गई, प्रसाद चढ़ाने के साथ ही पहनाव किया गया। पौष पूर्णिमा पर्व को देखते हुए ग्राम प्रधान पुत्र तथा ठेकेदार को व्यवस्थाओं का जिम्मा सौंपा गया था, लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं ने पोल खोल कर रख दी। श्रद्धालुओं का कहना था यहां न तो आने जाने के रास्ते सलामत है ना ही पेयजल की व्यवस्थाएं है। साथ ही लाइट की भी व्यवस्था भी अपूर्ण देखी गई। श्रद्धालुओं को अपने-अपने स्तर से पानी की व्यवस्थाएं करते हुए देखा गया, लाइट की भी वैकल्पिक व्यवस्था श्रद्धालुओं द्वारा की गई। इसके साथ ही गंगा स्नान के बाद महिलाओं को वस्त्र बदलने की भी व्यवस्थायें नहीं की गई थी तथा गंगा तट के आसपास गंदगी का साम्राज्य फैला है। श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताते हुए कहा माघ मेला लग रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई विशेष इंतजाम नहीं कराए गए। हर तरफ अव्यवस्थाओं का बोलबाला है।

## भाकियू ने सातनपुर आलू मंडी सचिव का किया घेराव

**मंगलवार से व्यवस्था को दुरुस्त करने का मिला आश्वासन**


मण्डी में वार्ता के दौरान मौजूद भाकियू नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सातनपुर मण्डी पहुंचकर मण्डी सचिव का घेराव किया और कहा कि किसी कीमत पर किसानों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। जोन उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्र, जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में सातनपुर आलू मंडी के सचिव का घेराव हुआ। प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि किसानों का आलू मंडी में उत्पीड़न हो रहा है, किसानों की बात नहीं सुनी जा रही है, उन्हें उनके आलू का सही हिसाब नहीं दिया जा रहा है, किसान दर-दर की ठोकर खा रहा है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि सातनपुर आलू मंडी में किसान की अनदेखी की जा रही है। 50 किलो के पैकेट पर 47 किलो का रुपया किसानों को दिया जा रहा है। व्यापारी एवं आढ़ती मिलकर किसान का शोषण कर रहे हैं, पिछले चार दिनों से किसानों के गाय व्यापारी एवं आढ़ती खुली बोली के नाम पर मजाक कर रहे हैं, किसान के आलू का मनचाहा भाव लगा रहे हैं, भाव लगाने के बाद ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने में उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस दौरान उपस्थित मंडी सचिव ने कहा कि मंगलवार से मंडी की व्यवस्था सही हो जाएगी। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करने पड़ेगा। जो मांगे रखी गई हैं उनका शत-प्रतिशत पालन मंडी में कराया जाएगा। किसानों को 50 किलो के पैकेट पर 50 किलो का ही भुगतान दिलाया जाएगा एवं आलू का भाव खुली बोली लगाकर किया जाएगा।

इस अवसर पर विजय सिंह शाक्य, संजय यादव, शिवराम शाक्य, विक्रांत सिंह लोधी, विमलेश शाक्य, अजीत सिंह सोमवंशी, प्रकृति कटियार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## जिला जज ने किया जिला कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण


बंदियों से वार्ता करते जिला जज मौजूद अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा सुकन्या सांथा बनाम भारत संघ में दिए गए निर्देशों में अनुपालन में सोमवार को जिला जज विनय कुमार की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर द्वारा जिला कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया।

जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि बोर्ड ऑफ विजिटर में संजय कुमार एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, घनश्याम शुक्ल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अशोक कुमार अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, रेनू समाज कल्याण अधिकारी एवं अमित तिवारी जिला सेवायोजन अधिकारी सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान भोजनालय और बैकरी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। प्रत्येक बंदी से श्रम वितरण, उसके द्वारा किए जा कार्य के बारे में उसकी सहमति, मिलने वाले पारिश्रमिक के बारे में जानकारी की। तत्समय भोजनालय में बन रहे भोजन को जिला जज, सचिव डीएलएसए और सीजेएम ने स्वयं खाकर चेक किया। कारागार की नवीन आमद के बंदियों की बैरक एवं अन्य बैरकों तथा जेल अस्पताल था कार्य करने वाले सभी बंदियों से व्यक्तिगत तौर पर कार्य आवंटन के आधार एवं कार्य करने में उनकी सहमत पर सभी जेल अधिकारियों को अलग हटकर वार्ता की गई। किसी भी बंदी ने कारागार संबंधी कोई शिकायत नहीं की। नवीन आमद के बंदियों में धारा 107,116, 151 के दो बंदियों के प्रकरण में तत्काल विधिसम्मत कार्यवाही के निर्देश दिए। जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों के संदर्भ में जानकारी कर उनका हालचाल जाना, किसी भी बंदी ने जेल संबंधी कोई शिकायत नहीं की गई। नारी बंदी वास का भी निरीक्षण किया। सभी महिला बंदियों से अलग अलग वार्ता की। महिला बैरक में भी खाना बनाने, सफाई इत्यादि के कार्य में लगी महिला बंदियों से वार्ता करके उनकी सहमति, कार्य आवंटन, उनकी शिक्षा दीक्षा के बारे में जानकारी की। किसी भी महिला बंदी ने जेल संबंधी कोई शिकवा शिकायत नहीं की। महिला बैरक में महिला बंदियों के भोजन को जिला जज ने स्वयं चख कर चेक किया। महिला बंदियों के भोजनालय, बैरक के रात्रि शौचालय, दिन शौचालय की साफ-सफाई आदि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी की। जेल अधीक्षक ने बताया कि निरीक्षण के उपरांत बोर्ड ऑफ विजिटर के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने बंदियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने एवं बंदियों से संबंधित समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई।

## गोपाल जी गौ सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट निराश्रित गौवंश के लिए वरदान



रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद सहित अन्य क्षेत्रों में निराश्रित गौवंश व पशु पक्षियों के लिए वरदान बनकर काम करने वाली श्री गोपाल जी गौ सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट टीम द्वारा सोमवार को सड़क हादसे में घायल एक गाय का पशु चिकित्सकों को बुलाकर उसका इलाज कराया।

आपको बता दें कि बाराबंकी जनपद के क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर श्री गोपाल जी गौ सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट टीम निराश्रित गौवंशों व पशु पक्षियों के लिए काम कर रही है श्रीगोपाल जी गौ सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट टीम के सेवा दारो द्वारा घायल पशु पक्षियों की सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुंचते हैं तथा डॉक्टर को बुलाकर घायल का इलाज करते हुए उनकी सेवा भी करते हैं। पिछले 3 दिन पूर्व भिटरिया हैदरगढ़ मार्ग पर सड़क हादसे में एक निराश्रित गाय घायल हो गई थी जिसकी सूचना मिलने के बाद सोमवार को समाजसेवी अंजनी साहू द्वारा मामले की जानकारी श्री गोपाल जी गौ सेवा नारायण सेवा ट्रस्ट के महामंत्री तिवारी को दी श्री तिवारी ने मौके पर पहुंचकर घायल गाय की स्थिति को देखते हुए बनीकोडर के पशु चिकित्सालय फोन किया डॉक्टरों की मदद से उसका इलाज कराया इसके बाद गौ सेवा टीम के सेवादारों की लोक प्रशंसा कर रहे हैं। टीम के अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि समाजसेवी अंजनी साहू की सूचना पर घायल गाय का इलाज डॉक्टर को बुलाकर किया गया है उनकी टीम लगातार निराश्रित गौवंशो व पशु पक्षियों की सेवा कर रही है। सोमवार को घायल गाय का इलाज कराने के दौरान पशु चिकित्सालय बनीकोडर के देवानंद सिंह, समाजसेवी अंजनी साहू, अभिषेक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। घायल गाय का उपचार के बाद चारे पानी की व्यवस्था स्थानीय हीरालाल पाल द्वारा की जा रही है।

## रोडवेज की टक्कर से वृद्ध की मौत

मसौली बाराबंकी। गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भयारा मोड पर सोमवार को रोडवेज बस की टक्कर से घायल हुए 65 वर्षीय वृद्ध की जिला अस्पताल पहुंचने से पूर्व मृत्यु हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि सोमवार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जरुवापुर निवासी 65 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र श्रीपाल मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम फतेपुरवा में अपनी रिस्तेदारी में गया था वापसी के दौरान ओमप्रकाश मसौली चौराहा स्थित भयारा मोड पर जैसे ही सड़क क्रास कर रहा था कि बाराबंकी से रामनगर की ओर तेज रफ्तार मे जा रही कैसरबाग डिपो की रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक दूर जा गिरा तथा बाइक बस की नीचे फंस गई।

# चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील

## सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में एलएसी पर वास्तविक स्थिति के संबंध में साझा की जानकारी

▸ एलएसी पर तैनात सैनिकों की संख्या में नहीं होगी कमी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी।

सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले यहां सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है। दोनों सेनाओं के सैनिकों की गश्त तथा चरवाहों की गतिविधि से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पर सेना की तैनाती के मामले में भी संतुलन बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी सक्षम है।

जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में पूछे गये प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि घुसपैठ जारी है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भीतरी इलाकों में कुछ हद तक आतंकवादियों की गतिविधियां बढ़ी हैं। आतंकी गतिविधियां आतंकवाद के केंद्र पाकिस्तान द्वारा संचालित की जा रही है और यदि आतंकवादियों को इस तरह का समर्थन मिलता रहेगा तो घुसपैठ जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटनाओं पर काबू पाने के लिए वहां पिछले वर्ष 15 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक 73 आतंकवादियों मारे गये हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत पाकिस्तानी मूल के हैं। उन्होंने कहा कि सुचारू संसदीय और राज्य विधानसभा चुनाव तथा इनमें लगभग 60 प्रतिशत मतदान का मतलब है कि स्थानीय आबादी शांति चाहती है।

### दोनों देशों के बीच बातचीत निरंतर जारी

जनरल द्विवेदी ने सवालों के जवाब में कहा कि अप्रैल 2020 के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों में जो गतिरोध बना था। उस समय दोनों तरफ से निर्माण संबंधी गतिविधियां तथा कुछ और बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए स्थिति पहले जैसी नहीं है। इस नये माहौल और बदलाव की स्थिति में नये सिरे से समझ विकसित करने की जरूरत है जिससे कि दोनों पक्षों के बीच भरोसा मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व से लेकर सेना के स्तर पर बातचीत निरंतर जारी है और कोर कमांडरों को छिटपुट विवादों को स्थानीय स्तर पर दूर करने की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सर्दी और गर्मी के मौसम के हिसाब से सैनिकों की तैनाती की जाती है। अभी सर्दी के मौसम और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी नहीं की जायेगी और गर्मी के मौसम में स्थिति की समीक्षा के आधार पर निर्णय लिया जायेगा।

### पूर्वोत्तर की स्थिति में सुधार

सेना प्रमुख ने कहा कि पूर्वोत्तर में स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन छिटपुट घटनाएं जारी हैं। उन्होंने कहा कि वहां बाहरी हस्तक्षेप से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन सरकारी तंत्र की ओर से शांति स्थापित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। म्यांमार सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी गयी है और वहां बाड़ लगाये जाने के कार्य को प्रथामिकता के साथ किया जा रहा है। बंगलादेश के घटनाक्रम पर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बंगलादेश हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। दोनों देश पड़ोसी हैं, हमें साथ रहना है और एक दूसरे को समझना है तथा किसी भी तरह की दुश्मनी एक दूसरे के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब बंगलादेश में बदलाव हुआ था, तब से वह वहां के सेना प्रमुख के संपर्क में हैं। गत नवंबर मे हमने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस भी की थी। जहां तक सैन्य सहयोग का सवाल है, यह उसी तरह बढ़ रहा है।

## नासिक में सड़क हादसा पांच युवकों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में नासिक-मुंबई हाइवे पर बीती रात टेंपो-ट्रक की टक्कर में पांच युवकों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। घायल सभी युवकों को नासिक सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह जानकारी भद्रकाली पुलिस ने दी। हादसे की जानकारी मिलते ही मंत्री गिरीश महाजन ने सुबह घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल में जाकर घायलों युवकों का हालचाल जाना। गिरीष महाजन ने कहा कि मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। घायलों का इलाज मुफ्त होगा।पुलिस के अनुसार रविवार रात में लोहे की सरियों से भरा ट्रक धुले से मुंबई की ओर जा रहा था। युवकों का एक समूह टेंपो से धरणगांव से नासिक लौट रहा था। अचानक द्वारका फ्लाइ ओवर पर टेंपो ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। अतुल मंडलिक, संतोष मंडलिक, दर्शन घर्टे, यश घर्टे और चेतन पवार की मौके पर मौत हो गई।

# धांधली व बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है भाजपा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धांधली करके और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है।

श्री केजरीवाल ने आज कहा कि पटपड़गंज से हमारे उम्मीदवार अवध कुमार ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा में बना हुआ था। उन्होंने दिल्ली में वोट बनवाने के लिए 26 दिसंबर को फॉर्म 6 भरकर आवेदन दिया था लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं आया। किसी ने उनसे कहा कि क्योंकि उनका ग्रेटर नोएडा में वोट बना हुआ है तो उन्हें वोट ट्रांसफर के लिए फॉर्म 6 नहीं, फॉर्म 8 भरना पड़ेगा। उन्होंने 7 जनवरी को फॉर्म 8 भर दिया। कानून के मुताबिक, फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख थी। चुनाव आयोग के मैनुअल यह कहते हैं कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भरे जा सकते हैं।

दिल्ली की निर्वाचन अधिकारी ने एक आदेश निकालकर कहा है कि फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख है लेकिन रहस्यमय ढंग से एक दिन बाद उन्होंने दोबारा आदेश निकालकर कहा कि 6 जनवरी आखिरी तारीख है। यह दूसरा आदेश क्यों निकाला गया यह कानून के खिलाफ है। यह चुनाव आयोग की दिशानिर्देश और मैनुअल के खिलाफ है। क्या यह आदेश जानबूझकर अवध ओझा को चुनाव से बाहर करने के लिए निकाला गया।

# राजनीतिक दलों को देंगे दिल्ली प्रदेश का जन घोषणापत्र : मित्तल



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश के बेहतर सर्वांगीण विकास के लिए दिल्ली प्रदेश का जन घोषणापत्र तैयार किया जा रहा है, जिसमें दिल्ली के 8500 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भागीदारी की है। सोमवार को जन घोषणापत्र के प्रथम ड्राफ्ट को जनता के सामने प्रस्तुत किया गया।

ड्राफ्ट वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर ओमकार मित्तल के संरक्षण और मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राम कुमार अत्री ने दिल्ली के सर्वांगीण विकास के लिए जन घोषणापत्र के उद्देश्यों और उसकी दिशा के बारे में विस्तार से बताया। राम कुमार अत्री ने कहा, यह जन घोषणापत्र दिल्ली के विकास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पर आधारित है, जो समाज के हर वर्ग की जरूरतों का ध्यान रखेगा। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, परिवहन, और सामाजिक सुरक्षा जैसी प्राथमिकताओं को विशेष ध्यान में रखा गया है। दिल्ली जन आंदोलन की ओर से अभिषेक और जैविक भारत मिशन के अरुण सहरावत ने भी इस जन घोषणापत्र पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हर नागरिक के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और एक समृद्ध समाज का निर्माण करने के लिए यह घोषणापत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## पीएससी घोटाले में आज आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी सीबीआई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी घोटाला मामले में सीबीआई आज शाम पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के भतीजे साहिल सोनवानी समेत बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल के बेटे शशांक गोयल और उनकी पत्नी भूमिका कटियार को विशेष न्यायालय में पेश करेगी। सीबीआई ने रविवार बीती शाम को पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के भतीजे साहिल सोनवानी समेत बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल के बेटे पीएससी में डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित शशांक गोयल और उनकी पत्नी भूमिका कटियार को रायपुर जिला कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद रायपुर कोर्ट से सीबीआई को एक दिन की ज्यूडिशियल रिमांड मिली। इससे पहले सीबीआई ने शशांक गोयल और उनकी पत्नी भूमिका कटियार को सोमवार को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया था।

# एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए समृद्ध भारत-समृद्ध विश्व की पहल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के विकासशील भारत @ 2047 के विजन के अनुरूप, युवाओं को सशक्त बनाने और उद्यमशीलता उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत के अग्रणी गैर-लाभकारी संगठनों में से एक, श्रीदायिनी फाउंडेशन ने अपनी प्रमुख विकास पहल, 'समृद्ध भारत, समृद्ध विश्व' (समृद्ध भारत-समृद्ध दुनिया) के प्री लॉन्च की गर्व से घोषणा की है।

हरिओम अग्निहोत्री (अध्यक्ष/सीईओ) की अगुवाई में इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर तक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना है, जिससे भारत की जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और देश को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थान मिलेगा। यह पहल वैश्विक निवेशकों और भारतीय परियोजना मालिकों के बीच की खाई को पाटेगी, साथ ही सरकारी नीतियों से भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और समृद्ध आर्थिक परिदृश्य का निर्माण करेगी। इन क्षेत्रों में निवेश से रोजगार के अवसर पैदा होंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और सतत आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। यह कार्यक्रम निवेश प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए सरकारी निकायों, भारतीय परियोजना मालिकों और स्विट्जरलैंड (ज्यूरिख), इजरायल, सिंगापुर, यूएई और यूएसए सहित प्रमुख वित्तीय केंद्रों से कई वैश्विक निवेशकों को एक साथ लाएगा।

# हंगामा जारी रहा तो लोकतंत्र को होगा खतरा

▸ भारतीय संसद में बढ़ रहे हंगामों पर उप राष्ट्रपति ने जताई चिंता

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय संसद में बढ़ रहे हंगामों पर गंभीर चिंता जताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि अगर यह सिलसिला जारी रहा, तो लोकतंत्र के लिए यह एक बड़ा खतरा साबित हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि संसद में कार्यों का अवरोध और सदन का निष्क्रिय होना एक जनांदोलन को जन्म दे सकता है, जो संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को चुनौती देगा।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने डॉ. के.एस. चौहान द्वारा लिखित पुस्तक श्संसदरू शक्तियां, कार्य और विशेषाधिकारय एक तुलनात्मक संवैधानिक परिप्रेक्ष्य का विमोचन करते हुए यह बात कही। उन्होंने संसद के कार्यों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि यदि सदन कार्यात्मक नहीं रहेगा, तो यह न केवल देश की नीतियों को प्रभावित करेगा, बल्कि नागरिकों के प्रति संसद की जिम्मेदारी को भी कमजोर करेगा।

उन्होंने संसद के कार्य को देश के विकास और प्रगति के लिए अनिवार्य बताया और कहा, संसद का मुख्य उद्देश्य यह है कि यह कार्यात्मक रहे, इसमें संवाद और बहस हो, और सरकार को जवाबदेह ठहराया जाए। धनखड़ ने कहा कि अगर संसद कार्य नहीं करेगी तो यह धीरे-धीरे अप्रासंगिक हो जाएगी और यह लोकतंत्र के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह स्थिति जारी रही, तो लोगों को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो देश में असंतोष का संकेत होगा। हम एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन इसके लिए हमें अपनी प्रति व्यक्ति आय में आठ गुना वृद्धि करनी होगी। यह तभी संभव होगा जब संसद पूरी तरह से कार्यशील और प्रभावी होगी। उन्होंने गंभीर उदाहरण पेश करते हुए कहा कि कुछ समय पहले, राज्यसभा की एक विशेष सीट पर 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी मिली, लेकिन किसी ने उसे लेने की जिम्मेदारी नहीं ली। यह घटना संसद के नैतिकता और उत्तरदायित्व पर सवाल खड़ा करती है। धनखड़ ने कहा, यह हमारे नैतिक मानकों के लिए एक सामूहिक चुनौती है और हमें इसे गंभीरता से लेना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि संसद का उद्देश्य केवल कानून बनाना नहीं है, बल्कि यह देश की सरकार को जवाबदेह बनाने, उसके कार्यों का विश्लेषण करने और समाज की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने का भी है।

# अराजक तत्वों ने अम्बेडकर की मूर्ति को तोड़ी, कराई मरम्मत

समृद्धि न्यूज

▸ अज्ञात आराजक तत्वों के विरुद्ध केस दर्ज मामले की जांच शुरू

**मिर्जापुर।** जिले के संतनगर थाना क्षेत्र में स्थित अम्बेडकर मैदान में लगी डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को अराजक तत्वों ने बीती रात प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह घटना उसी दिन हुई जब इसी मैदान में पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल की अध्यक्षता में कोल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुँचे।

सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह के अनुसार मूर्ति को चबूतरे के पीछे से बरामद किया गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मूर्ति की मरम्मत कराई और पुनः मूर्ति को स्थापित किया घटना स्थल पर शराब की खाली बोतले और गिलास भी बरामद हुए है। उल्लेखनीय है कि घटना से पहले रविवार को इसी मैदान में सोनभद्र के पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और मंडल से आये कोल समाज के लोगों के साथ बैठक कर अपनी नई पार्टी विंध्य समता मुलक समाज पार्टी बनाने का घोषणा किया था।

इस संबंध में सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने बताया कि किसी आराजक तत्वों ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था। प्रतिमा का मरम्मत कार्य कराने के बाद स्थापित कर दिया गया है। अज्ञात आराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी युवक की पांच दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही थी कि रविवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितिओं में युवक हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया था। मिर्जापुर के चिकित्सक ने मण्डलीय चिकित्सालय से बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जहां पर उपचार के दौरान युवक विनोद तिवारी का 30 वर्षीय पुत्र अखिलेश तिवारी की दिमागी हालत ठीक नहीं चल रही थी की रविवार की देर शाम ससुराल सिकटा गांव जा रहा था कि महुगढ़ गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत होकर गिरा हुआ पड़ा हुआ था। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र पांडेय ने एंबुलेंस तथा पुलिस व परिजनों को सूचना दिया।

## कंबल पाकर गरीब व निराश्रितों के चेहरे खिले



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ व लहुरियादह गांव में सोमवार को 340 गरीब निराश्रितों को छानबे विधायक रिंकी कोल ने तहसील प्रशासन की ओर से कंबल वितरित किया। विधायक रिंकी कोल ने कहा कि गरीबों और निराश्रितों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। सरकार ठंड से बचाव के लिए प्रत्येक गांवों में गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करवा रही है। विधायक ने भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में ग्राम सचिवालय पर तीन सौ और लहुरियादह गांव में चालीस जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिया। कंबल पाकर चमेलिया देवी, कलनी देवी, गीता देवी गुजराती देवी श्याम कली, गीता देवी आदि के चेहरे खिल उठे। इस दौरान तहसीलदार लालगंज तरूण प्रताप सिंह,नायब तहसीलदार राहुल मिश्र, राजस्व निरीक्षक रविन्द्र दुबे, राजेश मिश्र, जनार्दन कोल, संते कोल, सूरज मौर्य लेखपाल अनूप पांडेय, इष्टदेव पासवान हंसराज शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### लापता बालक को पुलिस ने किया बरामद

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ गांव से रविवार को आठ वर्षीय बालक को पुलिस ने तत्परता पूर्वक खोजते हुए सोमवार सुबह लहुरियादह गांव स्थित बरम बाबा मंदिर के पास से बरामद कर बाल कल्याण न्यायालय भेज दिया। किशोर के बाबा श्रीचंद्र पाल ने रविवार रात थाने में तहरीर देकर नाती के घर से गायब होने का मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में उन्होंने बताया था कि उनका आठ वर्षीय नाती मानस पाल पुत्र सुरेश पाल रविवार सुबह बिना कुछ बताए घर से कहीं चला गया। मुकदमा दर्ज करने के बाद तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने लापता बालक की खोजबीन में जुट गई थी। सोमवार को सुबह प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज उपनिरीक्षक त्रिलोचन प्रताप सिंह व अखिलेश यादव ने लहुरियादह बरम बाबा मंदिर के पास एक चाय की दुकान के सामने से उसे बरामद कर लिया। पुलिस के पूछने पर उसने बताया की वह मध्यप्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र के चरैया गांव स्थित अपने नानी के घर जाने के लिए घर से निकला था। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि बालक को बरामद कर परिजनो को सूचना देते हुए बाल कल्याण न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के तत्परता पूर्वक बालक को बरामद करने के बाद पुलिस के इस कार्य की सराहना क्षेत्रीय लोग कर रहे हैं।

### दो बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग गलरा पंचायत भवन के पास रविवार की दोपहर दो बाइको की आमने-सामने भिड़ंत होने से एक बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रुप से घायल बाइक चालक की मंडलीय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गाँव निवासी 25 वर्षीय बाइक चालक शिवकुमार को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर मंडलीय अस्पताल रेफ़र कर दिया गया था जिसकी देर रात उपचार के दौरान मौत हो गयी। वही पहले बाइक सवार मध्य प्रदेश के हनुमना निवासी 30 वर्षीय अशोक साकेत की मौत घटना स्थल पर हो गयी थी। अन्य तीन घायलों का उपचार चल रहा है। जिसमें हनुमना थाना क्षेत्र के हाटा गांव निवासी 32 वर्षीय राजेश हलिया थाना क्षेत्र के अतरी गांव निवासी 19 वर्षीय बबुलेश व पंवारी कला गांव निवासी 26 वर्षीय रोहित शामिल है।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से युवक की हालत बिगड़ी, रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के बैड़ाड गांव का युवक रविवार की रात विषाक्त पदार्थका सेवन कर लिया। हालत खराब होनेपर परिजनों नेस्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया। जहा हालत गंभीर देख चिकित्सक नेट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफ़र कर दिया। करमाथाना क्षेत्र के बैड़ाड़ गांव निवासी 40 वर्षीय राजेश घरेलूविवाद के चलतेघर मेंरखेजहरीलेपदार्थका सेवन कर लिया। युवक कीहालत बिगड़नेपर परिजनों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीरदेख चिकित्सक नेयुवक को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफ़र कर दिया ।जिला अस्पताल मेंइलाज के दौरान युवक की हालत गंभीर देखचिकित्सकों नेवाराणसी रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर वाराणसी मेंयुवक को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। युवक की हालतइस संबंध मेंआकस्मिक ड्यूटी मेंतैनात डॉ. महेंद्र चौधरी नेबताया कि विषाक्त पदार्थका सेवन सेयुवक की हालत बिगड़ गयी थी।बेहतर इलाज हेतुट्रामा सेंटर मिर्जापुर से वाराणसी रेफ़र कर दिया गया।

### दो वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों से पुलिस ने सोमवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किसी मुकदमे में न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी न्यायालय में हाजिर नही होने पर उपनिरीक्षक भरत राय हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव ने ऊंटी गांव गांव निवासी वारंटी बाबू लाल मौर्य व तुलसीपुर नौगवां निवासी अशोक कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर),समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ छतरिहा गांव निवासी वारंटी सिराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। वारंटी सिराज को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। पुलिस ने गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा।

### आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई लागू करने के लिए समझौता

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और ओडिशा सरकार के बीच प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सोमवार को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और ओडिशा सरकार के आयुक्त सह सचिव ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

# वैश्य समाज समरसता का है सजग प्रहरी

▸ बाजीराव कटरा स्थित सभागार में हुआ वैश्य महासम्मेलन

समृद्धि न्यूज




**मिर्जापुर।** वैश्य समाज देश की प्रगति के लिए सदैव तत्पर रहता है। देश की आर्थिक संरचना की रीढ़ के रूप में देश के आर्थिक आधार पर हो रही मजबूती के लिए हम संकल्पित हैं। देश भर के 365 उपवर्गो को साथ लेकर चलने की परंपरा ही समरसता है। वैश्य समाज में अगड़े पिछड़े दोनों वर्गो के वैश्य जन को साथ लेकर चलना ही हमारे समरस स्वभाव का प्रतीक है। उक्त बातें अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में नगर के बाजीराव कटरा स्थित रिसार्ट सभागार में आयोजित सामाजिक समरसता सहभोज व सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कही।

श्री गुप्ता ने वैश्य समाज के सभी उपवर्गो को साथ संगठित होने तथा समाज के प्रतीक प्रकल्प में भागीदारी बढ़ने पर जोर दिया उन्होंने समाज के युवाओं को बढ़-चढ़कर राजनीति में हिस्सा लेने आह्वान किया।

प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गोयल ने वैश्य समाज में रोटी बेटी के संबंध को बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की बात करते हुए कहा इस अभियान के बढ़ने से हमारी संस्कृति व पहचान को बल मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के जिलाध्यक्ष ताराचंद अग्रहरि ने कहा कि जिले के सभी विकासखंड, नगर पंचायत तथा पालिकाओं में संगठन का गठन किया जाएगा। उन्होंने शिखा अग्रवाल को महिला शाखा का जिलाध्यक्ष व अजय सेठ को कछवां नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री निखिल गुप्ता, नगर अध्यक्ष नयन जायसवाल, उमा बरनवाल, शैलेन्द्र रस्तोगी, गुंजा गुप्ता, रंजन जायसवाल, कौशलेन्द्र गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, शुभम गुप्ता, महेश अग्रहरि, श्याम सरण, अशुकांत चुनाहे, डॉ जे. के. जायसवाल, अलंकार जायसवाल, बृजेश गुप्ता, अनुज उमर, गिरीश बरनवाल, विजय गुप्ता, वंदना गुप्ता, भावना बरनवाल, पूजा केशरी, रिंकी गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, रवि बरनवाल, हिमांशु अग्रहरि, रवि गुप्ता, राजकुमार स्वर्णकार आदि उपस्थित रहे।संचालन वरिष्ठ नेता पन्ना लाल बुंदेला ने किया।

## भूमाफिया ने फर्जी कराया वरासत, पीड़ित ने सीएम से लगाई गुहार

**मड़िहान (मिर्जापुर)।** मड़िहान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मटिहानी स्थित पीड़ित की मां की मौत के बाद बगल के ग्राम पंचायत के व्यक्ति ने अपने सहकर्मी भूमाफियाओं के साथ मिलकर लगभग छह बीघा जमीन वरासत करा लिया है। मड़िहान तहसील में जमीनी फर्जीवाड़ा मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन फर्जी रजिस्ट्री, फर्जी वरासत जैसे मामले आते रहते है। गांव निवासी छोटेलाल ने सोमवार को जनसुनवाई पोर्टल और मुख्यमंत्री दरबार में पत्र लिखकर आरोप लगाया की 15 फरवरी 2005 को मां शोभा देवी की मौत हो जाने के बादउनके नाम पर आ नंबर 652,653 ख,856 गमें 1.520 हेक्टेयर संक्रमणिय भूमि बगल के गांव के भूमाफिय़ा विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से अपने नाम दर्ज करा लिए है। उनके क्रिया कर्म के बाद अन्य प्रदेश में मजदूरी करने हेतु चला गया। दिसंबर 2024 में मां की जमीन जब अपने नाम की जगह बगल के गांव के भूमाफिया के नाम की खतौनी देखते ही मुख्यमंत्री और जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# गरीबों, असहायों व दिव्यांगजनों को ठंड व बचाव के लिए कम्बल वितरित



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** सिंचाई विभाग कॉलोनी फतहां में सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से कम्बल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गरीबों असहायों व दिव्यांगजनों को ठंड बचाव हेतु कम्बल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर निशुल्क कम्बल का वितरण किया जाएगा।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशान्त मिश्रा और अधिशासी अभियन्ता प्रमोद कुमार व हरिशंकर प्रसाद, नसीम सिद्दीकी ने बुके व मा विन्ध्यवासिनी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व सम्मानित किया।

समस्त कार्यकम लल्लू तिवारी पूर्व अध्यक्ष की देख-रेख व संचालन में सम्पन्न हुआ। जिसमें संजय पाण्डेय, पवन तिवारी, राजीव पाण्डेय, सतीष, चन्द्रप्रकाश, शशिधर दूबे, जितेन्द्र, डिप्लोमा इं0 प्रशान्त गुप्ता अध्यक्ष, अरविन्द चौहान, राधेश्याम श्रीवास्तव, अनिल सोनकर, कृष्णानन्द यादव, रवि कुमार, मंजू प्रियदर्शिनी व पूजा प्राची समस्त सिंचाई विभाग अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।